राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 353
लखनऊ, मंगलवार 25 अगस्त, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





राजस्व कार्यों में लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करें : डीएम 10

स्वाइन फ्लू को लेकर यूपी में अलर्ट, निगरानी बढ़ाई गई 03


### -: सर्राफा बाजार :-

गोल्ड 24 कैरेट = 1,64,120/10 ग्राम
22 कैरेट = 1,50,450/10 ग्राम
18 कैरेट = 1,23,080/10 ग्राम
चांदी = 2,60,000/किग्रा



## संक्षिप्त समाचार

### अतीक के बेटे उमर को हाईकोर्ट से झटका

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने माफिया अतीक अहमद के बेटे मोहम्मद उमर की जमानत अर्जी खारिज कर दी। उमर के खिलाफ अतीक के करीबी बिल्डर मोहम्मद मुस्लिम ने 26 अप्रैल 2023 को खुल्दाबाद थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। उस पर एक करोड़ 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगने, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप हैं। जस्टिस अवनीश सक्सेना की एकल पीठ ने जमानत याचिका खारिज की।

### नेपाल की पहली आधुनिक सुरंग का ट्रायल शुरू

**काठमांडू।** नेपाल की पहली आधुनिक रोड टनल नागढुंगा सोमवार से ट्रायल के लिए खोल दी गई। 2.688 किलोमीटर लंबी सुरंग से काठमांडू और पश्चिमी नेपाल के बीच यातायात आसान होगा। फिलहाल हल्के निजी वाहनों को सुबह नौ से शाम छह बजे तक निशुल्क प्रवेश दिया जा रहा है। गति सीमा 40 किमी प्रति घंटा है। करीब 29 अरब नेपाली रुपये की लागत से बनी परियोजना में जापान ने आर्थिक व तकनीकी सहयोग दिया है।

### बंबीहा गैंग के तीन आरोपी भारत लाए गए

**नई दिल्ली।** देविंदर बंबीहा गैंग से जुड़े तीन कथित आरोपियों को मलयेशिया से डिपोर्ट कर भारत लाया गया। पंजाब पुलिस ने दिल्ली एयरपोर्ट पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। जसप्रीत सिंह, अजय सिंह और पवनदीप सिंह पर हत्या, रंगदारी और लुधियाना में ग्रेनेड हमले की साजिश समेत कई मामलों में वांछित होने का आरोप है। पुलिस इनके विदेश से संचालित आपराधिक नेटवर्क और कथित संपर्कों की जांच कर रही है।

### स्कूलों की बदहाली का वीडियो बनाने पर कार्रवाई

**लखनऊ।** सरकारी स्कूलों की जर्जर स्थिति के वीडियो सोशल मीडिया पर डालने के मामलों में मेरठ और देवरिया में कार्रवाई हुई है। मेरठ में दो युवकों पर बिना अनुमति स्कूल परिसर में प्रवेश कर वीडियो बनाने का आरोप है। देवरिया में छुट्टी के दिन स्कूल में प्रवेश कर वीडियो बनाने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया। शिक्षा विभाग अब बिना अनुमति स्कूल परिसरों में बाहरी लोगों और यूट्यूबर्स के प्रवेश को लेकर सख्ती कर रहा है।

### क्लोरीन गैस रिसाव, 52 अस्पताल में भर्ती

**नागपुर।** गोधनी के जलशोधन संयंत्र में 900 किलो क्षमता वाले क्लोरीन सिलेंडर से गैस रिसाव के बाद अफरा-तफरी मच गई। गैस की चपेट में आने से 52 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें चार नाबालिग हैं। 12 लोगों को इलाज के बाद छुट्टी मिल गई। प्रशासन ने करीब 200 मीटर क्षेत्र खाली कराया। एनडीआरएफ और दमकल टीम ने सिलेंडर को कास्टिक सोडा के घोल में डुबोकर रिसाव नियंत्रित किया।

# भारत का भविष्य बर्बाद कर रहे राहुल : मुख्यमंत्री

**योगी बोले**

- नेता प्रतिपक्ष होकर भी देश की परंपरा व विरासत को कोसते हैं
- जंतर-मंतर और अर्बन नक्सल मुद्दे पर राहुल गांधी पर बरसे

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को रायबरेली में कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश राहुल गांधी से एक व्यक्ति के रूप में कोई अपेक्षा नहीं करता, लेकिन नेता प्रतिपक्ष होने के नाते वह संसद और लोकतंत्र के प्रति जवाबदेह हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी देश की परंपरा और विरासत को कोसते हैं, उत्तर प्रदेश को देश के बाहर बदनाम करते हैं और देशविरोधी तत्वों को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने सवाल किया कि अर्बन नक्सलियों के हाथों देश को क्यों बेचना चाहते हैं? युवाओं का भविष्य क्यों बर्बाद करना चाहते हैं? मुख्यमंत्री रायबरेली में करीब 879 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने पहुंचे थे। योगी ने राहुल गांधी के बयानों पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने संविधान की शपथ ली है, इसलिए नेता प्रतिपक्ष के रूप में उनकी जिम्मेदारी है कि वह संसद और लोकतंत्र की मर्यादा का पालन करें। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी भारत की परंपरा और विरासत को निशाना बनाते हैं।

मुख्यमंत्री ने हाल में जंतर-मंतर पर हुई घटना का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वहां एक बेटी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। बाद में उस बेटी और उसके माता-पिता ने स्वीकार किया कि उससे गलत बात कही गई थी। योगी ने इसी संदर्भ में विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि देश ने वर्ष 1975 में आपातकाल की काली छाया देखी है। उन्होंने सवाल किया कि देश के युवाओं को किस दिशा में ले जाया जा रहा है और कुछ लोग अराजक तत्वों को बढ़ावा देकर उनका भविष्य क्यों खराब करना चाहते हैं। सीएम ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि दोनों दल वोटों के सौदागर हैं। सपा शासन के दौरान नौकरियों में भ्रष्टाचार और विकास योजनाओं में लूट का आरोप लगाया।

*(देखें खबर पेज 8 पर- मुख्यमंत्री ने रायबरेली को 879 करोड़ की दी सौगात)*

### पहले मछली की दावत फिर राम-राम!

सीएम योगी ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता हनुमानगढ़ी में दर्शन करने जाते हैं, बाहर निकलकर मछली की दावत करते हैं और फिर राम-राम चिल्लाते हैं। मुख्यमंत्री ने कटाक्ष करते हुए कहा कि इनके सामने तो गिरगिट भी शरमा जाए। उन्होंने कांग्रेस और सपा पर परिवारवाद, तुष्टीकरण व देश के महापुरुषों की उपेक्षा की राजनीति करने का आरोप लगाया। योगी ने कहा कि देश की आस्था व संस्कृति किसी राजनीतिक दल की जागीर नहीं है और जनता सब कुछ देख रही है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर का विरोध करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं के बयानों और आचरण में विरोधाभास दिखाई देता है।



सोमवार को रायबरेली में विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के बाद सभा को संबोधित करते सीएम योगी आदित्यनाथ।

### दूसरे टेस्ट में श्रीलंका को शुरुआती झटका

**एजेंसी, कोलंबो।** भारत और श्रीलंका के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में टीम इंडिया ने दूसरे दिन ही अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर ली है। भारत ने पहली पारी नौ विकेट पर 503 रन बनाकर घोषित की। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की टीम दिन का खेल खत्म होने तक आठ रन पर दो विकेट गंवा चुकी थी। इस तरह भारत ने पारी घोषित करने के बाद मिले महज कुछ ओवरों में ही श्रीलंका को दो बड़े झटके दे दिए। भारत ने दूसरे दिन अपनी पहली पारी 300 रन से आगे शुरू की। ऋषभ पंत और ध्रुव जुरेल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम के स्कोर को तेजी से आगे बढ़ाया। पंत ने 63 रन की पारी खेली। उन्होंने चार चौके और दो छक्के लगाए। पंत और जुरेल के बीच 112 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई। इसके बाद भारत ने लगातार विकेट गंवाए, लेकिन ध्रुव जुरेल ने पारी को संभाले रखा।

# कॉकरोचों का पांच को दिल्ली मार्च का ऐलान

## इंडिया गेट से पुलिस मुख्यालय तक निकलेगा शांतिपूर्ण युवा मार्च

- छात्रों पर दर्ज एफआइआर वापस ले केंद्र, हमारे धैर्य को कमजोरी न समझें

**समृद्धि न्यूज, नई दिल्ली।**

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने केंद्र सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए फिर दिल्ली कूच का ऐलान किया है। कॉकरोच

पांच सितंबर को इंडिया गेट से युवा मार्च निकलेंगे। यह मार्च नई दिल्ली पुलिस मुख्यालय तक जाएगा।

सीजेपी की राष्ट्रीय कार्यसमिति ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में आरोप लगाया है कि 25 जुलाई के आंदोलन के दौरान केंद्र सरकार ने युवाओं और छात्रों से जो वादे किए थे, उन्हें अब तक पूरा नहीं किया गया है। खासतौर पर प्रदर्शनकारियों और छात्रों के खिलाफ दर्ज एफआइआर वापस लेने के मामले में सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया गया है। उनका कहना है कि सरकार हमारे धैर्य को कमजोरी ना समझे।



पार्टी के मुताबिक पांच सितंबर के मार्च में छात्र, युवा संगठन और आंदोलन से प्रभावित परिवार भी शामिल होंगे। संगठन ने इसे शांतिपूर्ण पुनः लामबंदी बताया है।

पार्टी का कहना है कि 25 जुलाई के आंदोलन के बाद सरकार की ओर से प्रदर्शनकारियों पर दर्ज एफआइआर को वापस लेने समेत कई आश्वासन दिए गए थे। लेकिन लंबे समय बाद भी इन पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई। सीजेपी ने आरोप लगाया कि सरकार लगातार मामले को टाल रही है और स्पष्ट निर्णय से बच रही है।

पार्टी ने कहा कि वादों पर अमल नहीं होने से युवाओं में असंतोष बढ़ रहा है। इसी के चलते राष्ट्रीय कार्यसमिति ने दोबारा आंदोलन का फैसला किया है।

सीजेपी ने अपने बयान में सुप्रीम कोर्ट में चल रही कार्यवाही का भी उल्लेख किया है। संगठन के अनुसार 18 अगस्त को शीर्ष अदालत ने देशभर में दर्ज एफआइआर की सूची मांगी थी, ताकि मामलों पर एक साथ विचार किया जा सके। इसके बावजूद सरकार की ओर से एफआइआर वापस लेने को लेकर कोई स्पष्ट आश्वासन सामने नहीं आया है।

सीजेपी के अनुसार मार्च की अगुवाई आंदोलन से प्रभावित परिवार करेंगे। इसमें नीट से जुड़े मामलों में प्रभावित परिवारों और कथित पुलिस कार्रवाई का सामना करने वाले लोगों के परिजनों की भागीदारी प्रस्तावित है। छात्रों और युवा संगठनों से भी मार्च में शामिल होने की अपील की गई है।

पांच सितंबर के मार्च के एलान के साथ ही सरकार पर एक बार फिर आंदोलनकारियों से किए गए वादों को पूरा करने का दबाव बढ़ सकता है। खासकर एफआइआर वापसी का मुद्दा आंदोलन का प्रमुख केंद्र रहने की संभावना है। अब नजर इस बात पर रहेगी कि केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस इस प्रस्तावित मार्च को लेकर क्या रुख अपनाती है और प्रदर्शन की अनुमति व यातायात व्यवस्था को लेकर क्या कदम उठाए जाते हैं।

### बदहाल स्कूलों पर शिक्षा मंत्रियों से पूछे छह सवाल

सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की कमी और शिक्षकों के खाली पदों को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने एक बार फिर सरकारों को घेरा है। पार्टी के संस्थापक एवं संयोजक अभिजीत दीपके ने सोमवार को देश के सभी राज्यों के शिक्षा मंत्रियों को पत्र लिखकर छह सवाल पूछे हैं–

1. **मरम्मत और नवीनीकरण:** पिछले पांच वर्षों में कितने सरकारी स्कूलों की मरम्मत या नवीनीकरण कराया गया और वर्तमान में कितने स्कूलों को इसकी जरूरत है?
2. **शिक्षकों के खाली पद:** सरकारी स्कूलों में स्वीकृत शिक्षकीय पद कितने हैं, इनमें कितने पद भरे हैं और कितने अब भी रिक्त हैं?
3. **बजट और खर्च:** पिछले पांच वर्षों में सरकारी स्कूलों के लिए कितना बजट आवंटित किया गया और उसमें से कितनी राशि वास्तव में खर्च हुई?
4. **स्कूलों की जरूरत:** हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए राज्य में वर्तमान स्कूलों के अलावा कितने अतिरिक्त सरकारी स्कूलों की आवश्यकता है?
5. **शिक्षकों पर गैर-शैक्षणिक काम:** शिक्षकों से पढ़ाई के अलावा कौन-कौन से गैर-शैक्षणिक कार्य कराए जा रहे हैं और इन कार्यों में उनकी कितनी जिम्मेदारी है?
6. **डिजिटल व बुनियादी सुविधाएं:** कितने स्कूलों में कंप्यूटर और डिजिटल लर्निंग की सुविधा, साफ व चालू शौचालय, सुरक्षित पेयजल, खेल मैदान और पर्याप्त खेल उपकरण उपलब्ध हैं?

# पूर्व एमएलसी शाहनवाज राणा के ठिकानों पर रेड, दो करोड़ बरामद



सोमवार को बसपा के पूर्व एमएलसी शाहनवाज राणा के दफ्तर से छापे के बाद बाहर निकलते प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी।

**समृद्धि न्यूज लखनऊ/मुजफ्फरनगर।**

करोड़ों रुपये की कथित जीएसटी चोरी और फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को उत्तर प्रदेश और हरियाणा में ताबड़तोड़ छापेमारी की। पूर्व बसपा एमएलसी शाहनवाज राणा समेत मामले से जुड़े लोगों के मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद और फरीदाबाद स्थित नौ ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई की गई।

छापेमारी के दौरान शाहनवाज राणा के मुजफ्फरनगर स्थित आवास और गाजियाबाद की सुधा स्टील से करीब दो करोड़ रुपये नकद बरामद होने की बात सामने आई है। इसके अलावा बड़ी संख्या में दस्तावेज और डिजिटल उपकरण भी ईडी ने कब्जे में लिए हैं। यह कार्रवाई शाहनवाज राणा और उनके बेटे से जुड़ी जम्बूद्वीप एक्सपोर्ट एंड इंपोर्ट लिमिटेड में कथित फर्जी आईटीसी क्लेम से जुड़े मामले में की गई है। जांच एजेंसी के अनुसार, मामले में करीब 20 करोड़ रु. की कथित जीएसटी हेराफेरी की जांच चल रही है। जांच एजेंसी को ऐसे दस्तावेज मिलने का दावा है, जिनका संबंध स्टील कारोबार में कथित फर्जी बिलिंग और आईटीसी हासिल करने से है।

### पूर्व विधायक समेत कई के ठिकाने जांच के दायरे में


मुजफ्फरनगर में ईडी ने शाहनवाज राणा के आवास राणा हाउस के अलावा उनके चाचा और पूर्व विधायक व रालोद नेता नूर सलीम राणा के आवास पर भी तलाशी ली। इसके साथ ही स्टील फैक्ट्री मालिक संजय जैन के आवास, द्वारिकापुरी और नई मंडी स्थित पूर्व चेयरमैन अनिल तायल के परिसरों की भी जांच की गई। कंपनी के मुख्य कार्यालय, एक रोलिंग मिल और शाहनवाज राणा के चार्टर्ड अकाउंटेंट के ठिकाने भी कार्रवाई के दायरे में रहे।

# सात साल बाद आ रहे हैं शी जिनपिंग!

- 400 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की तैयारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत और चीन के रिश्तों में सुधार के संकेतों के बीच चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अगले महीने भारत आ सकते हैं। वह 12 और 13 सितंबर को होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए नई दिल्ली पहुंच सकते हैं। अगर दौरा होता है तो गलवान घाटी में 2020 में हुई हिंसक झड़प के बाद यह शी जिनपिंग की पहली भारत यात्रा होगी।



रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, तीन सूत्रों ने शी जिनपिंग के भारत दौरे की संभावना जताई है। एक भारतीय सूत्र के अनुसार, चीनी अधिकारी संभावित यात्रा को लेकर होटल और सुरक्षा प्रोटोकॉल तय करने की तैयारियों में जुटे हैं। दो अन्य भारतीय सूत्रों ने दावा किया कि शी जिनपिंग करीब 400 अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत आ सकते हैं। वर्ष 2019 में उनके भारत दौरे के दौरान करीब 200 अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल आया था। हालांकि, अभी चीन या भारत की ओर से शी जिनपिंग की यात्रा की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### चीनी की कमी नहीं, जल्द नीचे आएंगे खुदरा दाम : इस्मा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश में चीनी की बढ़ती कीमतों के बीच उपभोक्ताओं के लिए राहत की खबर सामने आई है। इंडियन शुगर एंड बायो-एनर्जी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (इस्मा) ने कहा है कि देश में चीनी की कोई कमी नहीं है। संगठन के मुताबिक बाजार में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और आने वाले दिनों में खुदरा कीमतों में नरमी देखने को मिल सकती है। इस्मा के अनुसार हाल में चीनी के दाम बढ़ने के पीछे सट्टेबाजी वाली खरीद, स्टॉक रोकना और प्रतिकूल मौसम जैसे कारण प्रमुख हैं।

# मणिपुर में फिर हिंसा, कई घर फूंके

- गोलीबारी में सीआरपीएफ जवान घायल

**एजेंसी, सेनापति/कांगपोकपी।**

मणिपुर में जातीय तनाव के बीच एक बार फिर हिंसा और आगजनी की घटनाओं ने चिंता बढ़ा दी है। सोमवार को सेनापति और कांगपोकपी जिलों में अलग-अलग घटनाओं में कई घरों को आग के हवाले कर दिया गया। इसके बाद दो समूहों के बीच हुई



गोलीबारी में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान घायल हो गया। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। घटनाओं के विरोध में स्थानीय लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-2 (एनएच-2) जाम कर दिया, जिससे वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई।

एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, कांगपोकपी जिले के ताफोउ कुकी गांव में सोमवार रात करीब 2:30 बजे कुछ लोगों ने एक घर में आग लगा दी। आगजनी के बाद इलाके में तनाव फैल गया। इसके कुछ घंटे बाद सुबह करीब चार बजे सेनापति जिले के नगा ताफोउ इलाके में भी कई घरों को जला दिया गया।

# जंतर-मंतर पर यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच प्राथमिकता पर : सीजेआई

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

जंतर-मंतर पर 20 जुलाई को हुए छात्र प्रदर्शन के दौरान महिला प्रदर्शनकारियों से कथित यौन उत्पीड़न और छेड़छाड़ के आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर रुख अपनाया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने सोमवार को स्पष्ट किया कि अदालत की ओर से गठित उच्चस्तरीय जांच समिति इन शिकायतों की प्राथमिकता के आधार पर जांच करेगी और इस संबंध में तत्काल अंतरिम रिपोर्ट पेश करेगी।

यह मामला उस समय सामने आया जब वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा गुप्ता ने सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष महिला प्रदर्शनकारियों से कथित यौन हिंसा और छेड़छाड़ की शिकायतों का उल्लेख



करते हुए सुप्रीम कोर्ट से स्वतः संज्ञान लेने का आग्रह किया। पीठ में जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना भी शामिल हैं। सीजेआई ने स्पष्ट किया कि इन आरोपों को अलग से नजरअंदाज नहीं किया गया है।

अदालत ने पहले ही उच्चस्तरीय जांच समिति को यौन हिंसा, उत्पीड़न और महिला प्रदर्शनकारियों से जुड़े मामलों को प्राथमिकता पर लेने का निर्देश दिया है।

**छात्रों से संवाद** | मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने ईवीएम की विश्वसनीयता व युवा मतदाताओं की भूमिका पर की चर्चा

# फेक न्यूज से बचें, सोशल मीडिया पर पहले जांचें सूचना का स्रोत

- 18 साल की उम्र पूरी करते ही मतदाता सूची में नाम दर्ज कराएं

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

सोशल मीडिया के दौर में सूचनाओं की बाढ़ के बीच युवाओं को खासतौर पर सतर्क रहने की जरूरत है। किसी भी खबर या दावे पर भरोसा करने से पहले उसके स्रोत और सत्यता की जांच जरूर करें।

फेक न्यूज और भ्रामक सूचनाएं लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रभावित कर सकती हैं। यह संदेश मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को कॉल्विन तालुकेदार्स कॉलेज में विद्यार्थियों से संवाद के दौरान दिया।

अपने दो दिवसीय लखनऊ दौरे पर आए मुख्य चुनाव आयुक्त ने विद्यार्थियों से भारतीय लोकतंत्र, चुनाव प्रक्रिया, ईवीएम की विश्वसनीयता और युवा मतदाताओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। विद्यार्थियों ने भी चुनाव से जुड़े विभिन्न सवाल पूछे, जिनका उन्होंने जवाब दिया।

ईवीएम की विश्वसनीयता से जुड़े सवाल पर ज्ञानेश कुमार ने स्पष्ट किया कि भारतीय ईवीएम सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा निर्मित की जाती हैं और इंटरनेट, ब्लूटूथ या वाई-फाई से जुड़ी नहीं होती हैं। उन्होंने युवाओं से चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी किसी भी अपुष्ट



सोमवार को कॉल्विन तालुकेदार्स कॉलेज में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार।

सूचना को सोशल मीडिया पर साझा करने से पहले उसकी प्रमाणिकता जांचने को कहा।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने संविधान के अनुच्छेद 326 का उल्लेख करते हुए युवाओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी की अपील की। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले विद्यार्थियों को अपना नाम मतदाता सूची में जरूर दर्ज कराना चाहिए। निर्वाचन आयोग ने मतदाता पंजीकरण के लिए डिजिटल माध्यम उपलब्ध कराए हैं। उन्होंने युवाओं से खुद मतदान करने के साथ परिवार और आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

ज्ञानेश कुमार ने कहा कि भारत में करीब 100 करोड़ मतदाता हैं। इतनी बड़ी आबादी के लिए चुनाव कराना अपने आप में बहुत बड़ा कार्य है। चुनाव प्रक्रिया को सुचारु रूप से पूरा कराने में बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग संविधान, कानून और निर्धारित दिशा-निर्देशों के तहत स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने संवाद के दौरान अपने 1979 के छात्र जीवन और शिक्षकों से जुड़ी यादें भी साझा कीं। उन्होंने कहा कि आज वह जिस मुकाम पर हैं, उसमें उनके विद्यालय और गुरुओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। छात्रों को शिक्षा के साथ खेलकूद को भी समान महत्व देने की सलाह दी।

उन्होंने बताया कि अमेरिका जाने की तैयारी के दौरान उनकी माताजी की इच्छा और मातृभूमि के प्रति लगाव ने उन्हें देश में रहकर जनसेवा करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद उन्होंने आईएएस की परीक्षा उत्तीर्ण की और केरल कैडर में प्रशासनिक सेवा शुरू की। यही यात्रा आगे उन्हें विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के मुख्य चुनाव आयुक्त के पद तक ले गई।

# एसपी ने संवेदनशील इलाकों का किया दौरा

## त्योहारों से पहले सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए निर्देश

▸ शांति समिति की बैठक हुई संपन्न



समृद्धि न्यूज, बहराइच।

पुलिस ने आगामी त्योहारों बारावफात, रक्षाबंधन और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने नगर क्षेत्र में पैदल मार्च कर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी ने घंटाघर से रोडवेज, तिकोनीबाग होते हुए डीएम तिराहे तक पैदल मार्च किया। इस दौरान उन्होंने प्रमुख बाजारों, भीड़भाड़ वाले स्थानों और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की मौजूदगी तथा सुरक्षा इंतजामों का निरीक्षण किया। मार्च के दौरान, एसपी ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को त्योहारों के दौरान पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाजारों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लगातार पैदल गश्त करने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और किसी भी सूचना पर तत्काल कार्रवाई करने को कहा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि त्योहारों के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है।

उन्होंने अधिकारियों को भीड़ वाले क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने और प्रभावी प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, असामाजिक तत्वों और कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाले लोगों पर विशेष निगरानी रखते हुए नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करने को कहा। एसपी ने आमजन से आपसी सौहार्द, भाईचारे और शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने आश्वस्त किया कि पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह मुस्तैद है और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# ट्रामा सेंटर में भटका मरीज, स्टाफ नदारद

▸ सीएमओ ने शिकायत पर जांच की अनुपस्थित कर्मचारियों पर की कार्रवाई



समृद्धि न्यूज, बहराइच।

जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में सोमवार को स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खुल गई। एक मरीज को मरहम-पट्टी के लिए काफी देर तक भटकना पड़ा, लेकिन मौके पर कोई चिकित्सक या संबंधित स्टाफ मौजूद नहीं था। सुबह करीब 10 बजे परेशान मरीज ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को फोन पर शिकायत की। मरीज ने बताया कि स्टाफ की अनुपस्थिति के कारण उसे उपचार नहीं मिल पा रहा था। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सीएमओ तत्काल ट्रामा सेंटर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्हें चिकित्सक और अन्य स्टाफ अनुपस्थित मिले। डॉक्टरों की गैर-मौजूदगी के कारण बड़ी संख्या में मरीज और उनके तीमारदार उपचार के इंतजार में इधर-उधर भटकते नजर आए। ट्रामा सेंटर में केवल मरीजों के पर्चे बनाए जा रहे थे, जबकि उपचार संबंधी अन्य सभी कार्य प्रभावित थे। सीएमओ ने ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोकने का निर्देश दिया। साथ ही, सभी से अनुपस्थिति को लेकर स्पष्टीकरण मांगा गया है। अस्पताल में मौजूद नर्सिंग स्टाफ से भी मरीज की समय पर मरहम-पट्टी न किए जाने के संबंध में स्पष्टीकरण तलब किया गया है। सीएमओ की कार्रवाई से हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों से जवाब मांगा है।

# औचक निरीक्षण में बीएसए का क्वालिटी चेक

▸ बच्चों के साथ बैठकर खाया मिड-डे-मील



समृद्धि न्यूज, बहराइच।

जिले में संचालित परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों को सुनिश्चित करने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने सोमवार को विकास खण्ड जरवल के प्राथमिक विद्यालय मुड़ियाडीह में बच्चों के साथ बैठकर मिड-डे मील खाया।

बीएसए के औचक निरीक्षण में विद्यालय में नामांकित 65 में से 52 छात्र उपस्थित मिले। इस दौरान उन्होंने मध्यावकाश में छात्रों को परोसे जा रहे मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं व्यवस्थाओं का क्वालिटी चेक किया। बीएसए ने विद्यालय के बच्चों के साथ बैठकर भोजन की गुणवत्ता, स्वाद एवं पौष्टिकता का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों से भोजन की गुणवत्ता के संबंध में संवाद करते हुए उनकी राय भी जानी। श्री सिंह को निरीक्षण के दौरान यह जानकारी मिलने पर उनके द्वारा विशेष प्रसन्नता व्यक्त की गई कि विद्यालय के किचन गार्डन में उगाई गई ताजी सब्जियों का प्रयोग एमडीएम तैयार करने में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किचन गार्डन बच्चों को पोषण, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने का प्रभावी माध्यम है।

विद्यालय में भोजन की स्वच्छता, रसोईघर की साफ-सफाई, खाद्य सामग्री के सुरक्षित रख-रखाव, भोजन परोसने की व्यवस्था पर संतोष जताया। बीएसए ने स्पष्ट किया कि मिड-डे मील की शुद्धता और सुव्यवस्थित तरीके से संचालन सुनिश्चित करना शिक्षा विभाग की प्राथमिकता में से एक है। उन्होंने सभी बीईओ और शिक्षकों को निर्देश दिए कि निरीक्षण के समय वे स्वयं बच्चों के साथ पंक्ति में बैठकर भोजन करें और बच्चों के पोषण एवं अनुशासन का पालन सुनिश्चित करें। निरीक्षण के अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी जरवल अरविन्द बहादुर सिंह, इंचार्ज शिक्षक ऋचा त्रिपाठी एवं सहायक अध्यापक शैलेन्द्र सिंह सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## खबरें एक नज़र में

### रोजगार मेले में 212 अभ्यर्थियों का चयन

**अम्बेडकरनगर।** जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय आईटीआई अकबरपुर के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को राजकीय आईटीआई अकबरपुर परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। मेले में निजी क्षेत्र की छह कंपनियों ने प्रतिभाग कर बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए। मेले में कुल 246 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी तथा नोडल प्रधानाचार्य आईटीआई चंद्रशेखर सिंह ने अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग कर उन्हें रोजगार के विभिन्न अवसरों एवं चयन प्रक्रिया की जानकारी दी। कंपनियों की चयन प्रक्रिया में शिवशक्ति कंपनी में 55, सुब्रेस कंपनी में 39, डीसेट कंपनी में 19, महाकाल एसोसिएट में 40, वेल्सपन कंपनी में 36 तथा एमआरएफ कंपनी में 23 अभ्यर्थियों का प्राथमिक रूप से चयन किया गया। इस प्रकार कुल 212 अभ्यर्थी प्राथमिक चयन में सफल रहे। अधिकारियों ने कहा कि रोजगार मेलों के माध्यम से स्थानीय युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास लगातार जारी रहेगा।

### रास्ते में रोककर युवक से मारपीट

**विशेश्वरगंज, बहराइच।** थाना विशेश्वरगंज क्षेत्र में रास्ते में रोककर युवक से गाली-गलौज और मारपीट करने के साथ धारदार हथियार से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गड़रहा, मजहवाबनकट निवासी महेश पुत्र राम पदारथ बीती रात करीब आठ बजे अपने घर से सीतारामनगर, ग्राम राजापुर गिरंट जा रहा था। आरोप है कि श्रीनगर जमुनहा कला के पास जगन्नाथ पुत्र अज्ञात, निर्मल पुत्र रामसिंह तथा माधव पुत्र सुंदर निवासी माहेश्वरी पुरवा दाखिला हरदही थाना बिशेश्वरगंज ने उसे रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि तीनों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों और धारदार हथियार से महेश पर हमला कर दिया। मारपीट में युवक को चोटें आईं। पीड़ित के मुताबिक आरोपियों ने उसे जान-माल की धमकी भी दी और घटना के बाद मौके से फरार हो गए। तहरीर के आधार पर थाना विशेश्वरगंज पुलिस ने (बीएनएस) की धारा 115(2), 352, 351(3) और 118(1) के तहत दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच करते हुए आरोपों की सत्यता और घटना में शामिल लोगों की भूमिका की पड़ताल कर रही है।

### अवैध निर्माण हटाने को दिया तीन दिन का समय

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** पी डब्लू डी की टीम ग्राम नरौली पहुंची और बलपूर्वक अवैध निर्माण कर रहे रजत मिश्रा को नरौली से बाबा टीकाराम धाम जाने वाली रोड पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए 3 दिन का समय दिया। विदित हो कि नरौली गांव निवासी नंद कुमार मिश्र द्वारा सड़क पर अतिक्रमण की शिकायत की गई थी। पुलिस और पी डब्लू डी के जे ई के रोकने के बाद भी अवैध निर्माण जारी था। आज पी डब्लू डी की टीम गांव पहुंची तो निर्माण कार्य करवा रहे व्यक्ति ने टीम से उलझने का प्रयास किया। जिद पर टीम द्वारा सख्त चेतावनी दी गई और रजत मिश्र द्वारा दबंगई पूर्वक किए जा रहे अवैध निर्माण को रोकने के लिए 3 दिन का समय दिया गया।

### घर में घुसकर मारपीट का आरोप

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र के रायपुर मजरे पोखरा गांव निवासी संजय वर्मा ने गांव के ही कुछ लोगों पर घर में घुसकर परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में संजय वर्मा ने बताया कि 23 अगस्त की रात करीब नौ बजे अनुपम वर्मा, चंद्रशेखर वर्मा, प्रियम, चंद्रशेखर की पत्नी और संतोष वर्मा एक राय होकर उसके घर में घुस आए। आरोप है कि सभी ने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से उसके साथ, उसकी पत्नी पुष्पा वर्मा, पुत्री शिवांकी, भाई दिलीप वर्मा तथा भतीजे आयुष वर्मा के साथ मारपीट की। पीड़ित के मुताबिक मारपीट में परिवार के कई सदस्यों को चोटें आईं हैं। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी भी दी। प्रभारी निरीक्षक अनिल पांडे ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर घायल लोगों का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### युवक का तालाब में शव मिलने से मचा हड़कंप



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** बदोसराय कोतवाली क्षेत्र के राजापुर गांव में सोमवार सुबह एक तालाब में शव मिलने से हड़कंप मच गया ग्रामीण की पहचान राजापुर निवासी भाजपा के पूर्व बूथ अध्यक्ष इंद्र प्रसाद वर्मा उम्र करीब 50 वर्ष के रूप में हुई है इंद्र प्रसाद वर्मा पिछले दो दिनों से अपने घर से लापता थे परिजन उनकी तलाश रिश्तेदारों और अन्य संभावित स्थानों पर कर रहे थे, हालांकि इस संबंध में कोई पुलिस शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी सोमवार सुबह ग्रामीणों ने गांव के बाहर स्थित तालाब में एक शव देखा। उन्होंने तत्काल परिजनों को इसकी सूचना दी,जिसके बाद मौके पर पहुंची भीड़ ने शव की पहचान इंद्र प्रसाद वर्मा के रूप में की मृतक की पत्नी का पहले ही निधन हो चुका था उनके दो पुत्र और एक विवाहित पुत्री है सूचना मिलने पर बदोसराय कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क : हर्षिता



समृद्धि न्यूज, बहराइच।

आगामी बारावफात, जन्माष्टमी एवं रक्षाबंधन पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सोमवार को थाना विशेश्वरगंज परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक क्षेत्राधिकारी पयागपुर हर्षिता तिवारी के नेतृत्व में हुई। बैठक में थानाध्यक्ष विशेश्वरगंज संदीप द्विवेदी सहित पुलिसकर्मी और क्षेत्र के संभ्रांत लोग मौजूद रहे। इनमें कैलाश नाथ दूबे, विजय शंकर दूबे, प्रधान अभिषेक तिवारी, इस्तियाक खां, रज्जब अली और बकरीदी समेत अन्य लोग शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की। डीजे को निर्धारित मानकों के अनुरूप ही बजाने तथा तेज आवाज में डीजे न बजाने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी तरह की समस्या या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क रहेगी। सभी लोग प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण वातावरण में पर्व मनाएं।

# ऊर्जावान संगठन से जीती जा सकती राजनैतिक लड़ाई : सीपी जोशी

▸ कांग्रेस कार्यकर्ताओं में पूर्व मंत्री ने भरा जोश



समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।

संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत जैदपुर विधानसभा के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की, नगर पंचायत सभागार जैदपुर में एक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

जिसमें मुख्य रूप से सी0पी0 जोशी पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार ए0आई0सी0सी0 एवं सांसद तनुज पुनिया माता चौधरी पी0सी0सी0 आरती बाजपेयी पी0सी0सी0 आदर्श त्रिपाठी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

जिसमें सी0पी0 जोशी ने कहा कि, किसी भी संगठन या समूह में जब तक जोश और लड़ने की क्षमता नही होती है वह किसी भी रूप में संघर्ष नही कर सकता। संगठन जब स्वस्थ्य वा ऊर्जावान होता है तो कोई भी लड़ाई जीती जा सकती है। संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत ही मेरा मकसद है कि, संगठन को स्वस्थ्य ऊर्जावान एवं लक्ष्य निर्धारित करना और बिन्दु को भेद देना ही संगठन की पहचान विजय ध्वज फहरा सकती है।

जिसमें मुख्य रूप से सांसद तनुज पुनिया ने संगठन को सम्बोधित करते हुये कहा कि, 2024 में जिस प्रकार संगठन ने अपनी क्षमता का भरपूर प्रयोग कर जनपद बाराबंकी लोकसभा 53 में विजय ध्वज फहराने का कार्य किया है जिसमें मुख्य रूप से कन्धे से कन्धा मिलाकर समाजवादी संगठन का भी भरपूर सहयोग मिला उसी प्रकार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को स्वस्थ और ऊर्जावान साथ ही संघर्षशील बनाने का कार्य ही संगठन सृजन अभियान का मकसद है।

जैदपुर विधानसभा के उपरान्त सांसद आवास ओबरी में एक बार पुनः वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ एक बैठक का जिलाध्यक्ष के मुहिम पर सी0पी0 जोशी/सांसद तनुज पुनिया/ममता चौधरी/आरती बाजपेयी/आदर्श त्रिपाठी/ने आखरी मुहिम लगाते हुये कहा कि जिले में संगठन पूर्णतया परिवर्तित होना है एवं जमीनी स्तर पर संगठन को ऊर्जावान स्वस्थ्य एवं संगठनात्मक तौर पे मजबूती प्रदान करना ही संगठन सृजन अभियान का लक्ष्य निर्धारित करना ही संगठन का मेन केन्द्र बिन्दु है।

संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत आदि मुख्य रूप आदर्श त्रिपाठी पी0सी0सी0, नीरज सिंह, मोहम्मद मोहसिन नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, सन्तशरण वर्मा ब्लाक अध्यक्ष हरख, अरविन्द वर्मा, ब्लाक अध्यक्ष सिद्धौर, जैदपुर नगर अध्यक्ष हसीम अंसारी, पूर्व प्रवक्ता सरजू शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

### खाली पड़े घर को चोरों ने बनाया निशाना, लाखों रुपये के जेवर हुए चोरी

समृद्धि न्यूज, रामनगर बाराबंकी।

सुढ़ियामऊ चौकी के अंतर्गत अमोली कला गांव मे अज्ञात चोरो ने खाली पड़े घर पर हाथ साफ कर दिया।लाखो रुपयो की कीमत के सोने चांदी के जेवरात बर्तन मैंथा ऑयल चोरी कर ले गए।पीड़ित माधुरी देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार की रात्रि वह अपने गाँव स्थित नए घर पर परिवार के साथ लेटी थी। कुछ दूरी पर स्थित पुराने घर मे ताला बंद था।देर रात अज्ञात चोर घर मे प्रवेश कर गये और घर मे रखे गृहस्थी का सामान तथा लाखो के कीमत के आभूषण लगभग 15 लीटर मैंथा ऑयल चोरी कर ले गए।सोमवार की सुबह घर पर जाकर देखा तो कमरे का ताला टूटा था,अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था।बक्सा अलमारी के ताले टूटे हुए थे।पीड़ित परिवार ने इसकी सूचना पुलिस को दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की है।इस सम्बंध मे चौकी इंचार्ज गजेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच जारी है।

# चाक चौबंद व्यवस्था के बीच दो लाख श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।

लोधेश्वर महादेवा के प्रसिद्ध शिवधाम मे सावन माह के अंतिम सोमवार को चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्थाओं के मध्य दो लाख से अधिक शिवभक्तो ने भोले शंकर का पूजन अर्चन एंव जलाभिषेक कर मन वांछित फल की कामना की। रविवार की शाम से ही शिव भक्तों का आगमन भारी संख्या में बढ़ चुका था।जिसके मद्देनजर जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान अर्पित विजय वर्गीय ने दल बल के साथ मेला एंव मंदिर परिसर का भ्रमण कर प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लेकर जिम्मेदार अधिकारियो, कर्मचारियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। अर्धरात्रि के बाद एक बार फिर मंदिर के कपाट खुलते है,पूरा मेला क्षेत्र हर हर बम बम की करतल ध्वनियों से गुंजायमान हो गया।सोमवार की देर शाम तक यह सिलसिला अनवरत रूप से चलता रहा।अन्तिम सोमवार को डाक कांवड़ियो के जत्थे बड़ी संख्या में दिखाई पड़े। एकादशी की तिथि और शुभ मुहूर्त के चलते आसपास के शिवभक्त भोले बाबा का सोमवार की देर शाम को भी जलाभिषेक संघर्ष करके ही कर पाये। एसडीएम आकांक्षा गुप्ता, सीओ गरिमा पंत,तहसीलदार विपुल कुमार सिंह, कोतवाल अरुण प्रताप सिंह,चौकी इंचार्ज रजनीश पांडे सहित भारी संख्या अधिकारी, कर्मचारी जिम्मेदारियों के प्रति डटे रहकर पूरी तरह मुस्तैद रहे।

# कम्पोजिट विद्यालय निर्माण के लिए 25 करोड़ स्वीकृत



समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।

तहसील रामसनेहीघाट क्षेत्र के ग्राम क्यामपुर में शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय के निर्माण के लिए 25 करोड़ 47 लाख 26 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। विद्यालय में प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों को एक ही परिसर में आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की व्यवस्था होगी।

प्रस्तावित मॉडल कंपोजिट विद्यालय के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है। विद्यालय में आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं और बेहतर संसाधनों के माध्यम से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने पर जोर रहेगा।

अब तक क्षेत्र के कई विद्यार्थियों को उच्च कक्षाओं की पढ़ाई के लिए दूर-दराज के विद्यालयों का रुख करना पड़ता था। क्यामपुर में प्री-प्राइमरी से इंटरमीडिएट तक एकीकृत विद्यालय स्थापित होने से न केवल स्थानीय बच्चों, बल्कि आसपास के गांवों के विद्यार्थियों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल के बच्चों को शहरों जैसी बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

# कोड़री घाट पर कटान नियंत्रण के प्रभावी इंतजाम, डीएम ने किया निरीक्षण



समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।

जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने कोड़री घाट पहुंचकर बाढ़ खंड द्वारा कराए जा रहे कटान रोधी एवं तटबंध सुरक्षा कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने नदी के बाएं तट पर कटान की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया तथा मौके पर चल रहे सुरक्षात्मक कार्यों को देखा। निरीक्षण के दौरान बाढ़ खंड के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि कोड़री घाट पर राप्ती नदी के बाएं तट पर कटान की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए, युद्धस्तर पर कार्य कराया जा रहा है। विभाग द्वारा लगातार किए जा रहे कटान रोधी कार्यों के फलस्वरूप वर्तमान में कटान स्थिर है तथा कोड़री घाट तटबंध पूरी तरह सुरक्षित है। कटान को नियंत्रित करने एवं तटबंध की सुरक्षा के लिए, बाढ़ खंड द्वारा आवश्यकता के अनुरूप बम्बू क्रेट, पॉर्क्युपाइन, जियो सीट, ट्री स्पर, नायलॉन क्रेट एवं गेबियन क्रेट सहित विभिन्न सुरक्षात्मक उपाय किए जा रहे हैं। नदी के प्रवाह एवं संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखते हुए कटान रोधी कार्य लगातार जारी हैं। अधिशाषी अभियंता बाढ़ खंड ने बताया कि कार्य को तेजी से पूरा करने के लिए मौके पर 100 से अधिक श्रमिकों को लगाया गया है। इसके साथ ही कटान रोधी कार्यों में उपयोग होने वाली आवश्यक सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है तथा आकस्मिक आवश्यकता को देखते हुए सामग्री का पर्याप्त स्टॉक भी रखा गया है। जिलाधिकारी ने मौके पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि कटान प्रभावित एवं संवेदनशील स्थलों पर चौबीसों घंटे सतत निगरानी रखी जाए।

# रक्षाबंधन से पहले मिठाई दुकानों पर छापेमारी



▸ 16 नमूनों को खाद्य विश्लेषक यूपी प्रयोगशाला भेजा गया

समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।

रक्षाबंधन पर्व पर लोगों को सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने जिले में विशेष अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत विभिन्न मिठाई प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर मिठाई, खोया और बूंदी के 16 नमूने संग्रहित किए गए। सभी नमूनों को जांच के लिए खाद्य विश्लेषक, उत्तर प्रदेश की प्रयोगशाला भेजा गया है।

निरीक्षण के दौरान बंजरहा रामपुर स्थित प्रद्युम कुमार मोदनवाल के प्रतिष्ठान पर अस्वास्थ्यकर स्थिति में बिक्री के लिए रखे करीब 30 किलोग्राम छेना रसगुल्ला का नमूना लेने के बाद जनस्वास्थ्य के दृष्टिगत मौके पर ही नष्ट कराया गया। इसकी अनुमानित कीमत करीब 9 हजार रुपये बताई गई है।

वहीं गंभीरपुर बसखारी स्थित रजनीश ट्रेडर्स से मिथ्याछाप एवं अधोमानक होने के संदेह में 174 किलोग्राम डिब्बाबंद मिठाई जब्त की गई। जब्त मिठाई की अनुमानित कीमत करीब 26,100 रुपये है। मामले में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

अभियान के दौरान मालीपुर चौराहा, सुरहुरपुर, महरुआ, रामपुर कला, रगड़गंज अकबरपुर, गंभीरपुर बसखारी और कटरिया याकूबपुर क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानों से खोया, बर्फी, कलाकंद, गुलाब जामुन, पेड़ा, छेना रसगुल्ला, पतीसा रोल, बूंदी तथा डिब्बाबंद मिठाई के नमूने लिए गए। विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि किसी नमूने में अपमिश्रण अथवा अन्य अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनेश कुमार राय, चंद्र प्रकाश यादव, मो. नसीम खान, ओम प्रकाश एवं संतोष कुमार वर्मा शामिल रहे।

## कोर्ट नोटिस

न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश महोदय, पारिवारिक न्यायालय, बाराबंकी

नोटिस अन्तर्गत धारा-144 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता

आसमीन आदि बनाम अंसार

वाद सं0-1586/2025

अन्तर्गत धारा-144 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता

थाना-देवां

जनपद-बाराबंकी

तारीख पेशी-30/9/2026

विपक्षी का नाम व पता- अंसार पुत्र श्री निसार अहमद निवासी ग्राम नालापार दक्षिण कस्बा, थाना, तहसील व पोस्ट फतेहपुर जनपद बाराबंकी

आपके विरूद्ध इस न्यायालय में धारा-144 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अन्तर्गत गुजारा भत्ता दिये जाने हेतु उपरोक्त वाद किया गया है। आप दिनांक 30/9/26 को समय 10.00 बजे इस न्यायालय के समक्ष व्यक्तिगत रूप से अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित आकर लिखित अभिकथन / जवाबदावा प्रस्तुत करें। यदि आप बिना उचित कारण के उपस्थित नहीं होते हैं। तब आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल लायी जायेगी।

प्रधान न्यायाधीश
पारिवारिक न्यायालय,
बाराबंकी

# आयुष्मान गोल्डन कार्ड को लेकर कोताही बर्दाश्त नहीं



समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।

जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जनपद में संचालित स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, संस्थागत प्रसव, नियमित टीकाकरण, आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड निर्माण, जननी सुरक्षा योजना, परिवार नियोजन, आशा भुगतान, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की क्रियाशीलता तथा चिकित्सालयों में ओपीडी सहित विभिन्न स्वास्थ्य संकेतकों की प्रगति की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़ी योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध रूप से पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। ग्राम स्तर पर आशा एवं एएनएम के माध्यम से नियमित निगरानी करते हुए प्रत्येक पात्र लाभार्थी को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ा जाए।

# चीनी की कमी नहीं, जमाखोरी पर प्रशासन की नजर

▸ स्टॉक का हुआ सत्यापन
▸ कालाबाजारी पर होगी कार्रवाई



समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।

जिले में चीनी की उपलब्धता को लेकर चल रही अफवाहों के बीच जिला प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि जनपद में चीनी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और फिलहाल किसी तरह की कमी नहीं है। जिलाधिकारी ईशा प्रिया के निर्देश पर सोमवार को सभी तहसीलों में उपजिलाधिकारियों ने थोक विक्रेताओं एवं व्यापारियों के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर चीनी के स्टॉक का सत्यापन किया।

जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि बाजार में चीनी की पर्याप्त उपलब्धता है। आमजन से अपील की गई है कि चीनी की कमी अथवा कीमतों को लेकर फैल रही किसी भी अफवाह पर भरोसा न करें और आवश्यकता से अधिक खरीदारी कर अनावश्यक भंडारण न करें। प्रशासन ने थोक विक्रेताओं एवं व्यापारियों को भी चेतावनी दी है कि चीनी की कालाबाजारी, जमाखोरी अथवा निर्धारित सीमा से अधिक अनधिकृत भंडारण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित व्यापारी के खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन के अनुसार चीनी की उपलब्धता और बाजार की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से आवश्यकता के अनुरूप ही चीनी खरीदने तथा भ्रामक सूचनाओं से बचने की अपील की है।

## आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम अब्बास मेंहदी रिज़वी था, जिसे बदलकर मैंने अब्बास मेंहदी कर लिया है। अतः भविष्य में मुझे अब्बास मेंहदी नाम से ही जाना एवं पहचाना जाए।

अब्बास मेंहदी
पुत्र – सैय्यद अहमद
पता – देवा रोड, असकरी नगर, दुर्गापुरी, बाराबंकी
पिन कोड – 225001

# मन से गोसेवा करो, सारी बाधाएं व कष्ट दूर होंगे : योगी

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



- महिला ने मुख्यमंत्री से मांगी निराश्रित गाय
- सीएम ने दिव्यांग की भूमि से अवैध कब्जा हटाने का दिया फरमान

सीतापुर के गुरुदेव नगर हरगांव की रहने वाली पूनम देवी 'जनता दर्शन' में मुख्यमंत्री से मिलीं और गोपालन की अभिलाषा बताई। उन्होंने तत्काल उनकी मांगों पर विचार करते हुए अपर मुख्य सचिव पशुधन को निर्देश दिया कि इन्हें निराश्रित गाय उपलब्ध कराई जाए और नियमानुसार योजनाओं का लाभ भी दिलाया जाए।

एक दिव्यांग ने अवैध कब्जे की भी शिकायत की, जिस पर मुख्यमंत्री ने जांच कराकर निराकरण का निर्देश दिया। सीएम से बोलीं पूनम-आत्मनिर्भर बनना चाहती हूं, सीएम ने किया आश्वस्त-हरसंभव मदद करेंगे। सीएम को दिए प्रार्थना पत्र में पूनम देवी ने लिखा कि वह गोपालन करके आत्मनिर्भर बनना चाहती हैं। अभी उनके पास 5 गाय हैं और अन्य गोमाता को रखने के लिए पर्याप्त जगह भी है। ऐसे में उन्हें और भी गाय दिला दी जाएं, जिससे वे दूध आदि की बिक्री कर परिवार को समृद्ध करेंगी। इस पर सीएम ने तत्काल अपर मुख्य सचिव पशुधन को निर्देश दिया कि इन्हें निराश्रित गाय उपलब्ध कराई जाए और सीएम सहभागिता योजना के तहत गोवंश की देखभाल के लिए आर्थिक सहायता भी दिलाई जाए। उन्होंने एक-एक कर सभी का हालचाल जाना, फिर सभी की समस्याएं भी पूछीं। पूनम का प्रार्थना पत्र पढ़कर सीएम ने उनकी हौसला अफजाई भी की। सीएम ने पूनम से कहा कि हम आपको सरकार की तरफ से नियमानुसार योजनाओं का लाभ दिलाएंगे। आप गोसेवा कीजिए क्योंकि गोमाता में 33 कोटि देवताओं का वास होता है। सीएम ने उनसे अनुभव साझा किया कि आप मन से गोसेवा करो, सारी बाधाएं और कष्ट दूर होंगे। दिव्यांग ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनकी जमीन पर किसी ने कब्जा कर लिया है। इस पर मुख्यमंत्री ने जांच कराकर पीड़ित के यथासंभव मदद करने का आदेश दिया। इसके अतिरिक्त सीएम योगी ने प्रदेश के अन्य जनपदों से आए लोगों की समस्याओं के समयबद्ध निस्तारण का भी निर्देश दिया।

### रक्षाबंधन पर सीएम की पाती, बहन-बेटियों की सुरक्षा का दिलाया संकल्प

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों के नाम एक भावनात्मक पत्र जारी किया है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश की शुरुआत में बहन-बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का संकल्प दोहराया है। इस पत्र को एक्स पर साझा कर योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की माताओं बहनों और बेटियों को संबोधित करते हुए कहा, रक्षाबंधन परिवार को जोड़ता है, समाज में आत्मीयता जगाता है। यह हमारे सनातन संस्कारों की सुदृढ़ परंपरा का प्रतीक है। सीएम योगी ने प्रदेशवासियों को दी रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। मेरे प्यारे प्रदेशवासियों, रक्षा की यही भावना एक संवेदनशील सरकार के संकल्प में भी साफदिखेती है। पिछले साढ़े नौ सालों में हमारी सरकार ने बहनों और बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दी है। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि रक्षा सूत्र के संकल्प को अपने आचरण का हिस्सा बनाएं। हर बहन और बेटी के सम्मान और सुरक्षा को बनाए रखने का संकल्प लें। सुरक्षाकर्मियों, पुलिस अधिकारियों और आपदा राहत कर्मियों की कलाई पर राखी बांधकर, उनके प्रति अपनेपन और आभार को व्यक्त करें। साथ ही, लोकल बनी राखियों और गिफ्ट्स को प्राथमिकता दें। सीएम योगी ने अपील की है कि लोग स्थानीय स्तर पर बनी स्वदेशी राखियों और उपहारों को ही प्राथमिकता दें। इसके साथ ही लोकल फॉर वोकल पर फोकस करते हुए स्थानीय कारीगरों, श्रमिकों और छोटे उद्यमियों के कौशल व रोजगार को सीधा प्रोत्साहन मिलेगा। बता दें कि यूपी में सीएम योगी ने रक्षाबंधन पर माताओं, बहनों और बेटियों को फ्री बस सेवा उपलब्ध करने के लिए 27 अगस्त की मध्यरात्रि से 29 अगस्त की मध्यरात्रि तक यूपीएसआरटी की सभी बसों में नि:शुल्क यात्रा की सुविधा दी गई है। यह व्यवस्था वर्ष 2017 से लगातार जारी है।

# सावन के अंतिम सोमवार पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

- श्री कोतवालेश्वर महादेव का हुआ विशेष श्रंगार



समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

24 अगस्त को सावन के अंतिम सोमवार को चौक कोतवाली स्थिति श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई।

श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर के महंत विशाल गौंड ने बताया इस दिन भगवान शिव की पूजा जलाभिषेक और रुद्राभिषेक का विशेष महत्व माना जाता है। सुबह महादेव का विशेष श्रृंगार किया गया। सावन के अंतिम सोमवार पर ब्रह्म योग, इंद्र योग, रवि योग, सर्वार्थसिद्धि योग और गुरु शुक्र की युति से गजलक्ष्मी राजयोग का निर्माण होने से इसका विशेष महत्व रहा। श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही भक्तों का आना शुरु हो गया है। महादेव मंदिर में शिवलिंग पर गंगाजल, दूध, घी, दही, चीनी, मिश्री, शहद और बेलपत्र से अभिषेक किया गया। महंत ने बताया शिवलिंग पर इन वस्तु से अभिषेक करते है तो इससे कई तरह के लाभ आपको मिलते हैं। महंत विशाल गौड ने बताया सावन के अंतिम सोमवार को सुबह से भारी वर्षा में भी भक्तों का मंदिर में अभिषेक के लिए आना कम नहीं हुआ।

## खबरें एक नजर में

### जेन जी के समर्थन में एनएसयूआई कार्यकताओं का प्रदर्शन

**लखनऊ।** जेन जी के समर्थन में एनएसयूआई कार्यकर्ता शनिवार को सड़क पर उतर आए। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का इस्तीफा मांगते हुए वे राजभवन घेरने निकले। परिवर्तन चौक से विधानसभा तक करीब 2 किमी से ज्यादा का मार्च निकालकर राजभवन घेरने की तैयारी थी। प्रदर्शनकारी कार्यकर्ता परिवर्तन स्थल से जैसे ही 300 मीटर दूर बाबू केडी सिंह स्टेडियम के पास पहुंचे, यहां पुलिस ने उन्हें रोक लिया। यहां से एक-एक कार्यकर्ताओं को उठाकर गाड़ियों में बैठाकर इको गार्डन भेज दया। प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं का कहना था कि जंतर-मंतर पर जेन-जी छात्रों के आंदोलन में पुलिस की कार्रवाई ने आक्रोश फैलाया है। युवा कांग्रेस के यूपी प्रदेश अध्यक्ष दीपक शिवहरे इन प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं को लीड कर रहे थे। प्रदर्शन में कांग्रेस यूपी प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम, राष्ट्रीय सचिव जगदीश चंद्र जांगीड़, अब्दुल हन्नान भी शामिल हुए। सांसद राकेश राठौर और पूर्व में एम एल सी सहित अन्य लोग साथ चले।

### नृत्य, संगीत व स्पीच में दिखी विद्यार्थियों की प्रतिभा

**लखनऊ।** जनविकास महासभा एवं सामाजिक संस्था सोसायटी आफकॅरियर टेक्नोलॉजी (सोक्ट) के तत्वावधान में संयुक्त रूप से चलाए जा रहे विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत आज आर्ष गुरुकुल विद्या मंदिर, रसूलपुर, जानकीपुरम विस्तार में हुए कार्यक्रम में छात्रों ने देशभक्ति के गीतों में नृत्य, गायन एवं स्पीच में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस मौके पर जनविकास महासभा के अध्यक्ष पंकज तिवारी ने बताया कि विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों को तनाव मुक्त शिक्षा एवं सफल जीवन जीने के लिये उन्हें उनकी प्रतिभा के प्रदर्शन के लिये प्रेरित किया गया। इस अवसर पर आर्ष गुरुकुल विद्या मंदिर की प्रधानाचार्या बबिता श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की सराहना करते हुये कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों का ना केवल सर्वांगीण विकास होता है वरन उनके अन्दर पढ़ाई के दौरान होने वाला तनाव भी कम होता है। कार्यक्रम में सोक्ट के महामंत्री व जनविकास महासभा के अध्यक्ष पंकज तिवारी, महासचिव व परी पुस्तक केन्द्र के प्रमुख अजय यादव सहित विद्यालय के अभिषेक कुमार वर्मा, मानेन्द्र प्रताप यादव, आराधना सिन्हा, ज्योति विश्वकर्मा, नेहा भोला, सपना श्रीवास्तव, मीनू यादव, क्रान्ति, रवि गुप्ता, लीलम सिंह, राज पाण्डेय आदि सहित लगभग 250 विद्यार्थी मौजूद रहे। अंत में सभी विद्यार्थियों को पर्यावरण एवं जल संरक्षण तथा नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प दिलाया गया।

### ट्रेन की चपेट में आकर दो युवकों की मौत

**लखनऊ।** सरोजनीनगर स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में सोमवार सुबह करीब 11.30 बजे रेलवे लाइन पर दो युवकों के शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लिया। पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच में दोनों की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। इनमें एक युवक नाबालिग बताया जा रहा है। अभी दोनों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने मौके पर जांच करने के साथ आसपास के लोगों से पूछताछ की। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस पहचान और घटना की वजह पता करने में जुटी है। दोनों मृतकों की अभी पहचान नहीं हो पाई। इसमें किशोर ब्लू कलर की शर्ट और जींस पैंट पहने है, जबकि युवक सफेद शर्ट और हल्के काले रंग की पैंट पहने है

### जूनियर असिस्टेंट अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** राजधानी में सोमवार को पीकअप भवन पर यूपीएसएसएसी की जूनियर असिस्टेंट भर्ती के अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया। 5512 पदों पर भर्ती का अंतिम परिणाम चार साल बाद भी जारी नहीं होने से अभ्यर्थियों में नाराजगी है। प्रदेश के अलग-अलग जिलों से पहुंचे अभ्यर्थियों ने जल्द रिजल्ट जारी कर नियुक्ति देने की मांग की। अभ्यर्थियों ने कहा कि लंबे समय से नौकरी का इंतजार करने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो रही है। अभ्यर्थियों के हाथ में मौजूद टाइमलाइन के मुताबिक जूनियर असिस्टेंट के 5512 पदों की भर्ती प्रक्रिया लंबी खिंचती चली गई। पोस्टर में सबसे पहले अक्टूबर 2022 में यूपीएसएसएसी, पीईटी इसके बाद 4 अगस्त 2022 को भर्ती विज्ञापन, 24 मार्च 2024 को शॉर्टलिस्टिंग और 29 जून 2024 को लिखित परीक्षा का उल्लेख था। इसके बाद आयोग की ओर से 7 अक्टूबर 2025 को टाइपिंग की कटऑफऔर 8 अक्टूबर 2025 को टाइपिंग परीक्षा की तारीख जारी की गई। टाइपिंग परीक्षा 23 नवंबर से 17 दिसंबर 2025 तक चली। अभ्यर्थियों की ओर से लगाए गए पोस्टर में टाइपिंग परीक्षा के बाद 25-26 फरवरी 2026 को परिणाम जारी होने का उल्लेख किया गया है। इसके बाद 8 मई 2026 से 8 जुलाई 2026 तक डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन का चरण पूरा होने की जानकारी दी गई है। अभ्यर्थियों ने कहा कि सभी प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद भी फाइनल रिजल्ट जारी न होना नियुक्ति न मिलना बेहद अफसोस की बात है। जौनपुर से आए अभ्यर्थी विवेक ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, लेकिन अब तक अंतिम परिणाम का इंतजार है। अभ्यर्थियों का कहना है कि लंबे समय से नौकरी का इंतजार करने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो रही है। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया को और लंबा न खींचने और जल्द परिणाम जारी कर नियुक्ति पूरी करने की मांग की।

# सावन में 'मछली-भात' पर भाजपा ने कांग्रेस पर उठाया सवाल

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

अयोध्या में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के कार्यक्रम के दौरान परोसे गए भोजन को लेकर उत्तर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश प्रवक्ता आलोक अवस्थी ने इस मामले को लेकर कांग्रेस नेतृत्व पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कांग्रेस पर सनातन धर्म के अपमान का आरोप लगाया है।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता आलोक अवस्थी ने सोमवार को कहा कि सावन के पवित्र महीने में अयोध्या जैसी पवित्र धार्मिक नगरी में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के स्वागत के लिए मछली-भात का आयोजन धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। आलोक अवस्थी ने राहुल गांधी के पटना दौरे का हवाला देते हुए कहा कि पाश्चात्य संस्कृति और विशेषकर इटली की सभ्यता से प्रभावित राहुल गांधी खुद सावन के महीने में पटना में लालू प्रसाद यादव के आवास पर मांस बनाकर खा चुके हैं। जब पार्टी का शीर्ष नेतृत्व ही ऐसा कर रहा है, तो प्रदेश अध्यक्ष उनका अनुसरण क्यों नहीं करेंगे।

भाजपा प्रवक्ता ने सीधे शब्दों में आरोप लगाया कि सनातन धर्म की परंपराओं और आस्था का अपमान करना अब कांग्रेस का एक नियमित अभियान बन चुका है। उन्होंने कहा कि पवित्र महीनों और तीर्थस्थलों की मर्यादा का ध्यान न रखना कांग्रेस की संस्कृति को दर्शाता है।

# स्वाइन फ्लू को लेकर यूपी में अलर्ट, निगरानी बढ़ाई गई

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



स्वाइन फ्लू के मामलों को देखते हुए उत्तर प्रदेश का स्वास्थ्य महकमा पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वाइन फ्लू की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश में निगरानी व्यवस्था और मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा महानिदेशक स्वास्थ्य को पत्र जारी कर स्वाइन फ्लू के मामलों की लगातार समीक्षा और प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा है। इन संबंध में पत्र भी जारी कर दिया गया है।

उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रदेश के सभी जिलों में स्वाइन फ्लू से संबंधित मामलों पर पैनी नजर रखी जाए। साथ ही अस्पतालों में आने वाले संदिग्ध एवं संक्रमित मरीजों की स्थिति की नियमित निगरानी और आवश्यकता के अनुसार तत्काल उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पतालों में उपलब्ध संसाधनों, जांच एवं उपचार संबंधी व्यवस्थाओं की भी लगातार समीक्षा की जाए।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विशेष रूप से गंभीर मरीजों की समय रहते पहचान और तत्काल चिकित्सकीय उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे मरीजों की स्थिति बिगड़ने से पहले उनकी पहचान कर उन्हें आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए, ताकि गंभीर परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

उन्होंने अस्पतालों में निगरानी व्यवस्था को और मजबूत करने के साथ ही स्वाइन फ्लू से संबंधित मामलों की सूचना एवं फॉलोअप व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए।

जिलों के स्वास्थ्य अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में स्थिति की नियमित समीक्षा करने और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है।

### मरीजों को न हो उपचार में परेशानी

ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश के अस्पतालों में आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं और स्वास्थ्य विभाग किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पतालों में आवश्यक दवाओं, जांच एवं उपचार की सुविधाएं और दुरुस्त रखी जाएं। मरीजों को उपचार के लिए किसी प्रकार की परेशानी न हो और जरूरतमंद मरीजों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो। उपमुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि स्वाइन फ्लू को लेकर घबराने की आवश्यकता नहीं है। सरकार पूरी तरह तैयार है और स्वास्थ्य विभाग स्थिति की लगातार समीक्षा कर रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है लेकिन किसी भी प्रकार की अफवाह या अनावश्यक भय से बचें।

# भैंसों की नीलामी में खूब चले लात-घूंसे

- सपा यूथ ब्रिगेड ने जमकर कांटा बवाल
- पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर सभी को ईको गार्डन भेजा

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

लखनऊ नगर निगम में भैंसों लखनऊ नगर निगम में भैंसों की नीलामी हो रही है। मोहम्मद शाकिर ने 12 लाख 1 हजार रुपये की सबसे अधिक बोली लगाकर ठाकुरगंज कांजी हाउस की 40 भैंसों की नीलामी जीत ली। इसके पहले नीलामी में कसाईयों और शहर के बाहर के लोगों का आरोप लगाकर सपा यूथ ब्रिगेड और आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। लात-घूसे चले। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया।

# जलवायु परिवर्तन पर हुआ मंथन

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार से 18वें ब्रिक्स एकेडमिक फोरम की शुरुआत हुई। भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता में आयोजित तीन दिवसीय फोरम में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के साथ ब्रिक्स के नए सदस्य देशों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

### डाक विभाग आज से मनायेगा विश्व संस्कृत सप्ताह

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारतीय डाक विभाग 25 अगस्त से 31 अगस्त तक विश्व संस्कृत सप्ताह मनायेगा। इस अवसर पर डाक विभाग द्वारा विशेष विरूपण स्पेशल कंसिलेशन का विमोचन कल 25 अगस्त को लखनऊ जीपीओ फिलेटलिक ब्यूरो में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीपीएमजी यूपी परिमंडल अजय सिंह चौहान होंगे। जीपीओ के चीफ पोस्ट मास्टर के मुताबिक डाक विभाग द्वारा जारी किया जाने वाला यह विरूपण डाक टिकट संग्रहकर्ताओं के अनमोल उपहार होगा। कार्यक्रम में डाक विभाग के अधिकारी एवं डाक टिकट संग्रहकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# प्रेस क्लब में नारी रत्न सम्मान समारोह संपन्न

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।




समारोह का शुभारंभ मंच के संस्थापक एवं समारोह के मुख्य अतिथि श्री राघवेन्द्र ठाकुर, समारोह की अध्यक्ष,लखनऊ की प्रख्यात वरिष्ठ कवयित्री डॉ शोभा दीक्षित भावना, सहित समृद्ध मंच द्वारा माँ शारदे की ज्योति प्रज्वलित कर किया गया । इस अवसर पर कवि राममूर्ति अधीर द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई।

समारोह की विशिष्ट अतिथि द्वय - कानपुर की वरिष्ठ कवयित्री डॉ. हेमा पाण्डेय, प्रयागराज की वरिष्ठ कवयित्री डॉ. पूर्णिमा पाण्डेय जी रहीं। स्वागत संबोधन मंच की लखनऊ इकाई की अध्यक्ष डॉ. विभा प्रकाश ने किया। समारोह का सफल संचालन लखनऊ की कवयित्री मीनाक्षी सिंह जी ने किया। समारोह में मंच के संस्थापक राघवेन्द्र ठाकुर द्वारा संपादित पुस्तक भारत के महिला काव्य रत्न (खंड--3) का लोकार्पण किया गया। इस पुस्तक में देश की 101 चयनित महिला रचनाकारों की रचनायें प्रकाशित की गई हैं। इस अवसर पर प्रयागराज की वरिष्ठ कवयित्री डॉ. पूर्णिमा पाण्डेय जी द्वारा रचित पुस्तक छंद मणिका का लोकार्पण मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंच की ओर मंच के संस्थापक राघवेन्द्र ठाकुर द्वारा लगभग 40 महिला रचनाकारों को लखनऊ नारी रत्न सम्मान एवं लखनऊ लखनऊ नारी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह में चयनित कवयित्रियों द्वारा सरस काव्य पाठ किया गया। अंत में वि अतिथि डॉ हेमा पांडे ने समृद्ध मंच एवं आये हुए समस्त अतिथियों का भावपूर्ण आभार व्यक्त किया. सुस्वादु स्वल्पाहार के साथ शानदार समारोह का समापन हुआ।



# नगर निगम के नए कार्यालय से कामकाज शुरू

▶ जल्द शिफ्ट होंगे सभी अधिकारी, डीएम ने दिए थे निर्देश



समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

ककरा में निर्माणाधीन नगर निगम के नए कार्यालय में सोमवार से अधिकारियों के बैठने के साथ ही कार्यालयीन कार्यों की शुरुआत हो गई। हालांकि कार्यालय भवन का निर्माण एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का कार्य अभी पूरी तरह पूर्ण नहीं हुआ है, लेकिन नगर निगम प्रशासन ने नए परिसर से चरणबद्ध तरीके से कामकाज शुरू कर दिया है।

नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी एवं अपर नगर आयुक्त अजय कुमार त्रिपाठी ने ककरा स्थित नए कार्यालय में बैठकर विभागीय कार्यों का संचालन किया। अधिकारियों की मौजूदगी से निर्माणाधीन कार्यालय की व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी हो सकेगी तथा शेष कार्यों को तेजी से पूरा कराने में भी मदद मिलेगी। नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी ने बताया कि नगर निगम के नए कार्यालय में धीरे-धीरे सभी अधिकारियों एवं संबंधित विभागों को शिफ्ट किया जाएगा। जैसे-जैसे कार्यालय भवन में आवश्यक सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं विकसित होती जाएंगी, उसी क्रम में नगर निगम का पूरा प्रशासनिक ढांचा नए कार्यालय से संचालित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों के नए परिसर में बैठने से शेष निर्माण कार्यों की निगरानी बेहतर ढंग से हो सकेगी और कार्यदायी संस्था के साथ समन्वय स्थापित कर लंबित कार्यों को जल्द पूरा कराया जा सकेगा। नए कार्यालय को पूर्ण रूप से क्रियाशील बनाने के लिए आवश्यक फर्नीचर, विद्युत व्यवस्था, नेटवर्किंग एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं पर भी कार्य किया जा रहा है। नगर निगम प्रशासन का प्रयास है कि ककरा स्थित नए कार्यालय को जल्द से जल्द पूरी तरह तैयार कर नगर निगम की सभी प्रमुख प्रशासनिक एवं विभागीय गतिविधियों का संचालन यहीं से किया जाए। नए कार्यालय में चरणबद्ध तरीके से कामकाज शुरू होने को नगर निगम की व्यवस्थाओं को अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# दैवीय आपदा के पीड़ित परिवारों को विधायक व एसडीएम ने वितरित किए 4-4 लाख रुपये के राहत चेक

समृद्धि न्यूज, पुवायां,शाहजहांपुर।

तहसील पुवायां क्षेत्र में अतिवृष्टि के कारण हुए दर्दनाक हादसों में जान गंवाने वाले मृतकों के आश्रितों को शासन की ओर से त्वरित आर्थिक सहायता प्रदान की गई। क्षेत्रीय विधायक चेतराम एडवोकेट और एसडीएम सदानंद सरोज द्वारा संयुक्त रूप से आपदा राहत निधि से पीड़ित परिवारों को 4-4 लाख रुपये के सहायता चेक वितरित किए गए। स्थानीय क्षेत्र के ग्राम मुड़िया कुर्मियात में भारी बारिश के चलते मकान का लेंटर गिरने से दो लोगों की असामयिक मृत्यु हो गई थी। इस दुःखद घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए विधायक एवं एसडीएम ने मृतक आश्रितों को दैवीय आपदा राहत कोष से 4-4 लाख रुपये (कुल 8 लाख रुपये) के चेक सौंपे। इसी क्रम में ग्राम जठियापुर बुजुर्ग में अतिवृष्टि के कारण जान गंवाने वाले मृतक गंगाराम पुत्र जयराखन के विधिक वारिसों को भी शासन के निर्देशानुसार 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक चेतराम एडवोकेट ने कहा कि संकट की इस घड़ी में सरकार और प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है। भविष्य में भी पीड़ितों को हर संभव प्रशासनिक मदद उपलब्ध कराई जाएगी। एसडीएम ने आश्वस्त किया कि दैवीय आपदा से प्रभावित परिवारों को बिना किसी विलंब के नियमानुसार त्वरित सहायता पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। चेक वितरण के दौरान स्थानीय राजस्व कर्मी, ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## खबरें एक नजर में

### शिवभक्तों ने कांवड़ियों के लिए लगाया भंडारा



शाहजहांपुर। पवित्र सावन मास में निकलने वाले कांवड़ियों की सेवा-सम्मान को लेकर हर साल की भांति इस बार भी हथौड़ा ओवरब्रिज मोहम्मदी रोड पर शिवभक्तों ने भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम शिव दरबार का पूजा अर्चना कर भोग लगाया गया। तत्पश्चात रोड से निकल रहे, कांवड़ियों, रहगीरों को प्रसाद रुपी भोजन कराया गया। शिव शंकर के भजनों पर भक्त नाचते झूमते नजर आए। इस दौरान अशोक कुमार सक्सेना, जय सक्सेना, योगेंद्र सक्सेना, गोपाल सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### भाले बाबा से मांगी मनौती, तीसरी बार योगी बने सीएम



पुवायां, शाहजहांपुर। विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेशमंत्री वीरेंद्र सिंह उर्फ काले एक सप्ताह पूर्व कांवड़ लेकर गए हुए थे। जहां पर उन्होंने भगवान भोलेनाथ को कांवड़ चढ़ाने के बाद पूजा अर्चना की। वीरेंद्र सिंह उर्फ काले ने बताया कांवड़ चढ़ाने के बाद वह सीएम योगी आदित्यनाथ के बहनोई और बहन के घर पर पहुंचे, जहां पर उन्होंने भोजन ग्रहण किया। वीरेंद्र सिंह ने बताया उन्होंने भगवान भोलेनाथ को कांवड़ चढ़ाने के बाद मनौती मांगी कि तीसरी बार उत्तर प्रदेश में भाजपा की पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनें और महाराज योगी आदित्यनाथ तीसरी बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनें। जिसके बाद वह फिर से कांवड़ लेकर सावन माह में आएंगे। इसके बाद वह वहां से चले आए।

### मारपीट के मामले में कार्रवाई न होने का आरोप, एसपी से गुहार

सिंधौली, शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम मनुआवारी निवासी अलीशेर पुत्र अलावक्स ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर पड़ोसियों पर घर में घुसकर मारपीट करने और पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज न किए जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र के अनुसार 25 जुलाई को सुबह करीब सात बजे घर की जगह को लेकर पड़ोसियों से विवाद हुआ था। आरोप है कि पड़ोसियों ने कब्जे की नीयत से जगह को दबाने का प्रयास किया और विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। सूचना पर पुलिस ने दोनों पक्षों को 107/116 में पाबंद किया था। पीड़ित का आरोप है कि 20 अगस्त को शाम करीब चार बजे उक्त लोग हाथों में हंसिया लेकर उसे मारने दौड़े। जान बचाकर घर में घुसने पर आरोपितों ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया और मारपीट की। सिर में चोट लगने के साथ उसकी चार माह की गर्भवती पत्नी रेशमा को भी पीटने का आरोप है। पीड़ित के मुताबिक पुलिस चैकी पर तहरीर देने के बावजूद मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। उसने एसपी से रिपोर्ट दर्ज कर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

तिलहर, शाहजहांपुर। हाइवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस से घायल को सीएचसी लाया गया । जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। रविवार देर रात करीब साढ़े बारह बजे हाइवे स्थित नगरिया मोड़ चैकी के पास अज्ञात वाहन बाइक में टक्कर मार कर फरार हो गया। हादसे में तिलहर के मोहल्ला हिंदूपट्टी निवासी अनुज पुत्र रमेशपाल 24 गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने बताया कि अनुज बरेली मोड़ स्थित स्वागत ढाबे पर नौकरी करता है। वहां से काम खत्म कर बाइक से घर लौटने के दौरान यह हादसा हो गया।


### ग्रामीण के घर पर पत्थरबाजी, विरोध करने पर भी धमकी

बंडा, शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव में एक ग्रामीण ने अपने घर पर एक माह से हो रही पत्थर बाजी की शिकायत पुलिस से की। पीड़ित बाबूराम ने आरोप लगाया कि पत्थर फेंकने से उसके घर के टीन के तख्ते टूट गए। उसने बताया इस संबंध में पुलिस से पहले भी शिकायत कर चुका है। बाबूराम के अनुसार रविवार रात 11.30 बजे गांव के दो व्यक्तियों को अपने घर की ओर पत्थर फेंकते हुए देखा जब उसने उसका विरोध किया और उन्हें ललकारा तो पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसे लगातार पत्थर फेंकने और गांव में ना रहने की धमकी दी। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। बाबूराम ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। थाना प्रभारी बृजेश सिंह ने बताया कि शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका के मद्देनजर भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 151 के तहत कार्रवाई की गई है।

### युवती को शादी के उद्देश्य से बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

पुवायां, शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव से 21 वर्षीय युवती को शादी के उद्देश्य से बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। युवती की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। युवती की मां के अनुसार वह पीलीभीत जिले के बिलसंडा थाना क्षेत्र की रहने वाली है। वह 21 अगस्त को अपनी बेटी के साथ पुवायां थाना क्षेत्र के एक गांव स्थित अपने मायके आई थी। आरोप है कि 22 अगस्त को सुबह करीब 11 बजे एक युवक उसकी बेटी को शादी के उद्देश्य से बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजनों ने युवती की काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद युवती की मां ने पुवायां थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस युवती की तलाश करने के साथ ही मामले की जांच कर रही है।

### जुलूस-ए-मुहम्मदी की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न



तिलहर - शाहजहांपुर। पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर दरगाह शाह शमसुद्दीन मियां से निकलने वाले जुलूस-ए-मोहम्मदी की तैयारियों को लेकर सज्जादा नशीन के सानिध्य में उनके आवास पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में जुलूस को शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं आपसी भाईचारे के माहौल में संपन्न कराने को लेकर विभिन्न तैयारियों पर चर्चा की गई। इस दौरान शहर काजी मोहम्मद अकरम सलीम, शहर इमाम शद्दन मियां सहित समाज के प्रमुख लोगों ने अपने विचार रखे और जुलूस की व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक सुझाव दिए। सज्जादा नशीनइकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां ने कहा जुलूस-ए-मोहम्मदी मोहब्बत , भाईचारे और अमन का पैगाम देता है। सभी लोग अनुशासन बनाए रखते हुए जुलूस में शामिल हों और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। बैठक में जुलूस की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मुफ्ती याद अली, हाफिज गुलाम अहमद , हाफिज जाहिद हाफिज उबेद हाफिज सोहेल हाफिज साजिद हाफिज अकील, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सुनील कुमार सफाई निरीक्षक राजीव कुमार नईम फरीदी सफाई नायक विकास कुमार आदि वॉलिंटियर्स मौजूद रहे।

# सत्यम स्वीट्स पर खाद्य विभाग की छापेमारी, मिल्क केक-पेड़े के नमूने लिए



समृद्धि न्यूज, खुदागंज, शाहजहांपुर।

त्योहारी सीजन के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग ने सोमवार को खुदागंज नगर में जांच अभियान चलाया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों अजीत सिंह और मनोज कुमार ने सत्यम स्वीट्स पर पहुंचकर मिठाइयों की गुणवत्ता और साफ-सफाई का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने मिल्क केक और पेड़े के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे। अधिकारियों ने दुकान में मिठाइयों के रखरखाव और खाद्य सुरक्षा मानकों की भी जांच की। अधिकारियों ने बताया कि प्रयोगशाला रिपोर्ट आने के बाद ही गुणवत्ता की स्थिति स्पष्ट होगी। नमूने मानकों के विपरीत पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई से नगर के अन्य खाद्य कारोबारियों में भी हलचल रही।

# सोशल मीडिया पर मासूम की पीड़ा देखी, एक घंटे में मदद लेकर पहुंचीं ललिता यादव

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



ओसीएफ मंदिर, फैक्ट्री स्टेट के सामने बाहर पन्नी डालकर रह रहे 9 वर्षीय दृष्टिहीन चंदन सिंह, पुत्र रछपाल सिंह, निवासी रामापुर नानकारी, सिसौवा, ब्लॉक भावलखेड़ा, विधानसभा ददरौल की पीड़ा की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से लायंस क्लब शक्ति की अध्यक्ष ललिता यादव को हुई। जानकारी मिलते ही वह करीब एक घंटे के भीतर बच्चे की मदद के लिए पहुंच गईं। उन्होंने चंदन के लिए कपड़े, भोजन और फल लेकर पहुंचकर उसे उपलब्ध कराए।

चंदन जन्म से दृष्टिहीन है और करीब आठ साल पहले उसकी मां का निधन हो चुका है। अब बुजुर्ग पिता ही उसका सहारा हैं। रहने के लिए कोई स्थायी ठिकाना नहीं होने के कारण पिता-पुत्र पिछले करीब एक महीने से ओसीएफ मंदिर के बाहर पन्नी डालकर रह रहे हैं। शाम के समय दोनों बाबा विश्वनाथ मंदिर के पास चले जाते हैं, जहां श्रद्धालुओं की मदद से भोजन का इंतजाम हो जाता है।मासूम चंदन की स्थिति देखकर ललिता यादव ने प्रशासन और सामाजिक संस्थाओं से बच्चे की मदद के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि चंदन को सुरक्षित छत मिलनी चाहिए, ताकि वह अपने पिता के साथ सुरक्षित माहौल में रह सके और उसके पालन-पोषण की उचित व्यवस्था हो सके।

ललिता यादव लंबे समय से आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए लगातार कार्य कर रही हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से किसी जरूरतमंद की परेशानी की जानकारी मिलने पर वह तत्काल मदद के लिए पहुंचने का प्रयास करती हैं। चंदन के मामले में भी उन्होंने संवेदनशीलता दिखाते हुए महज एक घंटे में मौके पर पहुंचकर बच्चे की मदद की।

# मां का साया छिना, आंखों की रोशनी नहीं, मंदिर की चौखट पर जिंदगी काट रहा 9 साल का चंदन

▶ बुजुर्ग पिता के साथ मंदिर के बाहर रहने को मजबूर, मदद की आस

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



यह कहानी उस मासूम बच्चे की है, जिसकी उम्र खेलने-कूदने और पढ़ने-लिखने की है, लेकिन हालात ने उसे मंदिर की चैखट पर बैठकर जिंदगी गुजारने को मजबूर कर दिया है। रामापुर नानकारी, सिसौवा, ब्लॉक भावलखेड़ा, विधानसभा ददरौल और थाना रोजा क्षेत्र का रहने वाला 9 वर्षीय चंदन सिंह जन्म से ही दृष्टिहीन है।उसके सिर से मां का साया भी करीब आठ साल पहले उठ चुका है। अब वह अपने बुजुर्ग पिता रछपाल सिंह के साथ सहारे की तलाश में भटक रहा है।चंदन और उसके पिता के पास रहने के लिए कोई पक्का ठिकाना नहीं है। पिछले करीब एक महीने से दोनों ओसीएफ मंदिर के पास बाहर रह रहे हैं। दिन किसी तरह गुजर जाता है, लेकिन शाम होते ही पिता अपने मासूम बेटे को लेकर बाबा विश्वनाथ मंदिर के पास पहुंच जाते हैं। वहां मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं में से कोई खाना दे जाता है तो उसी से दोनों का पेट भर जाता है।जन्म से आंखों की रोशनी न होने के कारण चंदन खुद अपने लिए बहुत कुछ नहीं कर सकता। मां की मौत के बाद बुजुर्ग पिता ही उसका एकमात्र सहारा हैं। पिता भी उम्रदराज होने के कारण बेटे की जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ हैं। ऐसे में मंदिर के बाहर बैठकर मदद की आस लगाए इस परिवार की हालत हर किसी को झकझोर रही है।रछपाल सिंह और उनका बेटा चंदन अब प्रशासन और सामाजिक संस्थाओं से मदद की गुहार लगा रहे हैं। परिवार को ऐसी जगह और सहायता की जरूरत है, जहां मासूम चंदन को सुरक्षित छत मिल सके, उसका पालन-पोषण हो सके और उसके पिता को भी जीवन के अंतिम पड़ाव में सहारा मिल सके।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोपी गिरफ्तार



पुवायां, शाहजहांपुर। नाबालिग को बहला-फुसलाकर शादी के उद्देश्य से ले जाने के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को पन्ना घाट पुल के पास से गिरफ्तार किया। 23 अगस्त को पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर दी गई थी। इसके आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप था कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी करीब 20 वर्षीय युवक ने 17 वर्षीय किशोरी को शादी करने के उद्देश्य से बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। पुलिस ने 23 अगस्त को दोपहर 2.25 बजे पन्ना घाट पुल के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी थाना पुवायां क्षेत्र के फत्तेपुर बुजुर्ग गांव का रहने वाला है। कार्रवाई करने वाली टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक अशोक कुमार, कांस्टेबल अक्षय कुमार और महिला आरक्षी मीनू शामिल रहीं।

# महर्षि दयानंद वैदिक आश्रम में यज्ञ, राष्ट्र कल्याण की कामना



खुदागंज शाहजहांपुर। क्षेत्र के गांव हसनापुर स्थित महर्षि दयानंद वैदिक आश्रम में सुख, शांति, समृद्धि एवं पर्यावरण शुद्धि की कामना को लेकर यज्ञ का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने राष्ट्र कल्याण की भावना के साथ यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर विश्व शांति एवं परिवार की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। इस अवसर पर आचार्य रामवीर देव आर्य ने कहा कि परिवार में माता-पिता और बड़े-बुजुर्गों की सेवा व सत्कार करना ही सबसे बड़ी पूजा है। उन्होंने कहा कि संस्कारों और सेवा भावना से ही परिवार एवं समाज में सुख-शांति का वातावरण कायम किया जा सकता है। यज्ञ में बृजमोहन सिंह, सोनी सिंह, आदर्श सिंह सहित सुहानी सिलाई सेंटर के बच्चों ने भी सहभागिता की। इस दौरान बृजमोहन आर्य, राममोहन आर्य, शिवानी, बृजलेश, छाया, पूनम, नीलम, प्रान्शी आदि मौजूद रहे।

# राधारमण मिश्रा बने विश्व हिंदू रक्षा परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष

▶ लखनऊ से नगर आगमन पर हुआ जोरदार स्वागत

समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।



विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने पालिका सभासद राधारमण मिश्र को परिषद का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। उन्होंने लखनऊ स्थित कार्यालय पर श्री मिश्रा को मनोनयन पत्र सौंपते हुए दायित्व की जिम्मेदारी सौंपी। लखनऊ से नगर आगमन पर प्रदेश उपाध्यक्ष का का भक्सी तिराहे पर समर्थकों ने भव्य स्वागत किया। नगर के मोहल्ला घेर चैबा निवासी पालिका सभासद राधा रमण मिश्रा के सनातन धर्म और समाज सेवा में सराहनीय योगदान को देखते हुए 23 अगस्त को सुबह लखनऊ स्थित परिषद कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा और विश्व हिंदू रक्षा परिषद के क्रिया कलापों को प्रदेश में आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी। लखनऊ से रविवार अपरान्ह साढ़े तीन बजे नगर आगमन होने पर भक्सी तिराहे पर समर्थकों की भारी भीड़ ने राधारमण मिश्रा का फूल मालाएं पहनाकर नारेबाजी करते हुए जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर समर्थकों की भारी भीड़ नजर आई।

### शमशान घाट पर दबंग व्यक्ति के द्वारा किया अवैध कब्जा

बंडा, शाहजहांपुर। ग्राम कंचनपुर में बना शमशान घाट में एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर रखा है, जिससे ग्रामीणों में काफी रोष व्याप्त है। शमशान में दबंग के द्वारा गाय और भैंस जो की राजस्थान से लाकर बिक्री करता है। जिससे उसकी काफी आय प्राप्त हो चुकी है और लगातार गाय व भैंस का व्यापार करता रहता है। इसके साथ ही शमशान घाट में ट्रैक्टर और कृषि से संबंधित उपकरण इकट्ठा करके पूर्ण रूप से कब्जा कर लिया है। जिससे गांव में किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर अगर वह शमशान घाट अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जाता है तो उक्त व्यक्ति दबंगई करता रहता है। जिससे ग्रामीणों में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। खंड विकास अधिकारी मनीष दत्त ने बताया की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। शमशान घाट पर कब्जा किया गया है तो तत्काल कब्जा मुक्त किया जाएगा।

# डाक्टर पर लापरवाही का आरोप, तीन घंटे लगाया जाम

▶ बुखार की दवा लेने क्लीनिक पर गया था युवक

समृद्धि न्यूज, कांट, शाहजहांपुर।



थाना क्षेत्र के गांव बांसखेड़ा निवासी मृतक डालचंद की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और कुर्रिया कला में तिराहे रोड जाम कर दिया। मृतक की पत्नी सुनीता ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कुर्रियां कला में क्लीनिक चलाने वाले एक युवक पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। सुनीता के अनुसार 23 अगस्त की शाम करीब छह बजे उसके पति डालचंद बुखार की दवा लेने क्लीनिक पर गए थे। आरोप है कि दवा खाने और इंजेक्शन लगने के करीब 15 मिनट बाद ही उनकी हालत बिगड़ गई और उनकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद परिजनों ने मामले में कार्रवाई की मांग की। सोमवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने कुर्रिया कला तिराहे पर ट्रॉली खड़ी कर मार्ग पर जाम लगा दिया। जाम के कारण करीब दो घंटे तक आवागमन प्रभावित रहा। सूचना पर क्षेत्रीय विधायक अरविंद सिंह और क्षेत्राधिकारी सदर शुभम वर्मा मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर समझाया, जिसके बाद जाम खुल सका।मृतक के परिवार में तीन बेटे और तीन बेटियां हैं। वह मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी मौत के बाद परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। विधायक अरविंद सिंह ने परिजनों को आर्थिक सहायता सहित हरसंभव मदद का भरोसा दिया।सीओ सदर शुभम वर्मा ने बताया कि मामला संज्ञान में है। परिजनों ने गलत इंजेक्शन लगाए जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी। उन्हें समझाकर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया जिसके बाद जाम खुलवा दिया गया।

# बेसमेंट के अनाधिकृत व्यावसायिक उपयोग पर विकास प्राधिकरण सख्त, पांच प्रतिष्ठानों को नोटिस

शाहजहांपुर। स्वीकृत मानचित्र के विपरीत बेसमेंट के व्यावसायिक उपयोग और भवन निर्माण में अनियमितताओं के खिलाफ विकास प्राधिकरण ने कार्रवाई तेज कर दी है। उपाध्यक्ष के निर्देश एवं सचिव के मार्गदर्शन में प्राधिकरण की टीम ने 19 अगस्त को नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं मिलने पर पांच प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किए गए हैं। नोटिस पाने वालों में शहीद पार्क के पास स्थित टी लॉजी, रॉयल पन्ना हॉल में बेसमेंट स्थित मैरिज हॉल, गोल्ड जिम के नीचे संचालित कृष्णा एक्स-रे, सत्यम होटल के निकट स्थित रेमंड शोरूम तथा सिविल लाइंस स्थित प्रकाश टावर की अजंता स्वीट्स शामिल हैं। प्राधिकरण ने संबंधित भवन स्वामियों और संचालकों को नोटिस जारी कर स्वीकृत मानचित्र, निर्माण एवं भवन के उपयोग से संबंधित अभिलेख प्रस्तुत करने तथा अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों के मुताबिक प्राप्त जवाब और अभिलेखों की जांच के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। विकास प्राधिकरण के सचिव ने स्पष्ट किया है कि स्वीकृत मानचित्र और प्रचलित भवन उपविधियों के विपरीत बेसमेंट का व्यावसायिक अथवा अन्य अनधिकृत उपयोग स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में नियमानुसार कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# एनडीआरएफ ने बहगुल नदी से 60 वर्षीय महिला का शव किया बरामद

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



जलालाबाद के ग्राम मोहानपुर में बीती 23 अगस्त को खेत में कार्य करते समय बहगुल नदी में गिरी 60 वर्षीय महिला जमुना देवी पत्नी हरिशरण की तलाश को जिला प्रशासन द्वारा एनडीआरएफ को सूचना दी गई। सूचना प्राप्त होते ही 08वीं वाहिनी एनडीआरएफ गाजियाबाद की मोनसून प्री-पोजिशनिंग टीम-8ड, जो हनुमत धाम में तैनात है, के टीम कमांडर इंस्पेक्टर भीम सिंह द्वारा टीम को तत्काल घटनास्थल को रवाना किया गया। टीम द्वारा खोज अभियान चलाया गया, लेकिन भारी बारिश, अंधेरा एवं कम दृश्यता के कारण महिला का पता नहीं चल सका। टीम द्वारा पुनः व्यापक खोज अभियान चलाया गया। टीम के अथक प्रयासों के बाद महिला का शव नदी से बरामद कर लिया गया। इस खोज एवं बरामदगी अभियान में एनडीआरएफ की ओर से भीम सिंह, वीरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह तथा अन्य 27 कर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। बरामद शव को अग्रिम कार्रवाई के लिए सिविल पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। अभियान के दौरान टीम ने प्रतिकूल मौसम एवं नदी की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए शव बरामद किया।

# देवस्थान और सरकारी भूमि को भूमाफिया से बचाने की मांग, संगठन ने दिया ज्ञापन

समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।



हरदेव राजा देवस्थान, श्री ठाकुर जी महाराज विराजमान ट्रस्ट की भूमि और नगरपालिका की बंजर भूमि को भूमाफिया से बचाने की मांग को लेकर सोमवार को हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी सदानंद सरोज को सौंपा। उपजिलाधिकारी ने ज्ञापन देखकर मामले में आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि पुवायां के मोहल्ला कसभरा मिशन में हरदेव राजा का प्राचीन देवस्थान है। यहां प्रत्येक वर्ष ग्राम देवता की पूजा की जाती है। संगठन का आरोप है कि देवस्थान के पास 65 परिवार लगभग चार पीढ़ियों से मकान बनाकर रह रहे हैं। इन परिवारों को उजाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। संगठन ने देवस्थान की भूमि की बिक्री पर रोक लगाने और परिवारों को बेदखली से बचाने की मांग की। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि एक सप्ताह में मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा। इस दौरान साहिल गर्ग, राजेश अवस्थी, भारत राठौर, गौतम, अनिकेत कश्यप, मानसिंह अर्कवंशी, सुरजीत कठेरिया, सूरज श्रीवास्तव, ललित रावत, मोहित समेत संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दृष्टि समिति की बैठक आज, विकास कार्यों की होगी समीक्षा

**लखीमपुर खीरी।** आयुक्त ग्राम्य विकास, उत्तर प्रदेश लखनऊ से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति 'दृष्टि' की बैठक 25 अगस्त को आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता पलिया विधानसभा क्षेत्र-137 के विधायक रोमी साहनी करेंगे। बैठक अपराह्न 12 बजे अटल सभागार, कलेक्ट्रेट लखीमपुर-खीरी में होगी। इसमें जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक में विकास कार्यों के क्रियान्वयन की स्थिति, प्रगति की समीक्षा तथा लंबित कार्यों के संबंध में जानकारी ली जाएगी। संबंधित अधिकारियों से योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जाएंगे। सीडीओ ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

## खबरें एक नजर में

### पटाखे की चिंगारी से विवाद, कोतवाली में युवक पर ब्लेड से हमला

**सीतापुर।** पटाखे की चिंगारी पड़ोसी के घर गिरने को लेकर शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। मोतीपुर वार्ड निवासी राहुल (25) पर कोतवाली परिसर में पुलिस के सामने ब्लेड से हमला किए जाने का आरोप है। हमले में उसके गले और हाथ पर चोट आई। रविवार रात राहुल के घर छठी कार्यक्रम में पटाखे जलाए जा रहे थे। इसी दौरान चिंगारी पड़ोसी संतराम के घर गिरने को लेकर विवाद हुआ। सोमवार को शिकायत के बाद दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे थे। राहुल का आरोप है कि वहां कहासुनी के दौरान संतराम ने ब्लेड से हमला कर दिया। परिजन घायल राहुल को सीएचसी ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। राहुल ने पुलिस पर प्रताड़ित करने का भी आरोप लगाया है। घटना को लेकर कोतवाली प्रभारी के मौके पर न पहुंचने पर भी सवाल उठ रहे हैं।

### पीएचसी कमलापुर में मनाया गया कन्या जन्मोत्सव

**सीतापुर।** मिशन शक्ति अभियान के तहत सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कमलापुर में वन स्टॉप सेंटर यूनिट-2 की ओर से कन्या जन्मोत्सव



कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीक्षा जोशी ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान नवजात कन्याओं के जन्म की खुशी में केक काटकर मिठाई वितरित की गई। नवजात बच्चियों को हिमालया बेबी किट भी भेंट की गई। कार्यक्रम के माध्यम से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश देते हुए बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी राजकुमार यादव, चिकित्सा अधीक्षक सुनील कुमार यादव, वन स्टॉप सेंटर केंद्र प्रबंधक स्मिता वैश्य समेत अस्पताल एवं वन स्टॉप सेंटर के कर्मचारी मौजूद रहे।

### कावड़ चढ़ाकर लौट रहे चार कांवड़िये जख्मी

**मोहम्मदी, लखीमपुर खीरी।** छोटी काशी गोला से कावड़ चढ़कर लौट रहे बाइक सवार अनियंत्रित होकर टकरा जाने से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें पुलिस ने इलाज के लिए मोहम्मदी सरकारी अस्पताल पर भर्ती कराया है। पुलिस के अनुसार गुरप्रीत निवासी चंद्रामऊ पुवायां, सत्येंद्र, शिवा , नेत्रपाल निवासी हरदुआ थाना पुवायां दो बाइक पर सवार होकर कावड़ चढ़कर सोमवार को लौटते समय गोमती तिराहे के पास सड़क पर घूम रहे गोवंश से बचने से आपस में टकरा गए जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें प्राइवेट एंबुलेंस से शिवम ने इलाज के लिए मोहम्मदी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना की सूचना उनके परिजनों को दी गई है।

### नपा परिसर में शुरू हुई मां पूर्णागिरी मॉडल प्रेरणा कैंटीन

**पीलीभीत।** स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को रोजगार से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जिले में एक और पहल की गई है। सोमवार को नगर पालिका परिषद परिसर में माँ पूर्णागिरी मॉडल प्रेरणा कैंटीन का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कैंटीन का संचालन उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत तुलसी प्रेरणा संकुल स्तरीय समिति, विकासखंड मरौरी से जुड़ी छह महिला सदस्यों की एसोसिएशन ऑफ पर्सन (एओपी) द्वारा किया जा रहा है। कैंटीन में आने वाले लोगों को सूक्ष्म जलपान के साथ भोजन, लस्सी, कोल्ड ड्रिंक आदि उपलब्ध कराए जाएंगे। शुभारंभ अवसर पर जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। मॉडल प्रेरणा कैंटीन भी इसी पहल का हिस्सा है। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्र, उपायुक्त (स्वत: रोजगार) वंदना सिंह, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार, परियोजना निदेशक पवन कुमार सिंह, वार्ड सदस्य तथा स्वयं सहायता समूह की सदस्य महिलाएं मौजूद रहीं।

# श्यामनाथ मंदिर में नगर पालिका ने कराया भंडारा, कांवड़ियों पर हुई पुष्पवर्षा

समृद्धि न्यूज, सीतापुर।



सावन माह के पावन अवसर पर नगर पालिका परिषद सीतापुर की ओर से बाबा श्यामनाथ मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया गया और उन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मुनींद्र अवस्थी, निवर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि नमींद्र अवस्थी समेत भाजपा पदाधिकारी, सभासद, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजकों ने सावन माह में धार्मिक आस्था और सामाजिक सहभागिता के ऐसे आयोजनों को आपसी सद्भाव को मजबूत करने वाला बताया। नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी ने सभी श्रद्धालुओं, कांवड़ियों, जनप्रतिनिधियों, सभासदों, मीडिया बंधुओं और नगर पालिका कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। आयोजन के दौरान 'हर हर महादेव' के जयकारों से मंदिर परिसर भक्तिमय रहा।

# कांग्रेस का महंगाई पर हल्ला बोल

- तहसीलदार को सौंपा राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन

समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।



लगातार बढ़ती महंगाई और रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं के बढ़ते दामों के विरोध में सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पुवायां के पदाधिकारियों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर प्रभावी नियंत्रण की मांग की गई।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सत्येंद्र त्रिवेदी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि खाद्य वस्तुओं के बढ़ते दामों का सीधा असर गरीब, किसान, मजदूर, छोटे दुकानदार और मध्यमवर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। आटा, दाल, चीनी और खाद्य तेल समेत रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं के दाम बढ़ने से परिवारों का बजट बिगड़ गया है। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि आवश्यक खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर तत्काल नियंत्रण किया जाए और आटा, दाल, चीनी, खाद्य तेल समेत अन्य जरूरी सामान उचित दरों पर उपलब्ध कराया जाए। साथ ही जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को महंगाई से राहत दिलाने के लिए ठोस कदम उठाने तथा आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में कमी सुनिश्चित करने की मांग की गई। इस दौरान नगर अध्यक्ष आशीष तिवारी, जिला सचिव आलोक शर्मा, जिला सचिव राहुल मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष सुरेश मीणा, किसान नेता रामरतन पांडेय, केशव त्रिवेदी समेत कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आठ दिन बाद भी नहीं मिला सूरज कश्यप का शव

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर- खीरी।



17 अगस्त की शाम करीब 4 बजे हुई दुखद घटना में सूरज कश्यप पानी में डूब गया था। घटना को 8 दिन बीत चुके हैं, लेकिन सूरज कश्यप का शव अभी तक बरामद नहीं हो सका है। सूरज कश्यप पुत्र विजय कुमार, निवासी मोहल्ला टेहरा शहरी, पलिया कलां, एक निर्धन एवं गरीब परिवार से था। उसके परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है और पिछले सात दिनों से पूरा परिवार बेहद दुख और चिंता के बीच सूरज के शव के मिलने की उम्मीद लगाए बैठा है। सूरज की तलाश को लेकर लगातार प्रशासन द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिली है। इसी को लेकर आज नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव गुप्ता एवं रवि कुमार यादव (सभासद) के साथ दुधवा मुख्यालय पहुंचे और एसडीओ महावीर सिंह, फॉरेस्ट रेंजर, कोतवाली निरीक्षक शिवजी दुबे, एसआई रामजीत यादव एवं एसआई निशा शुक्ला के साथ काफी देर तक बैठक कर सूरज का पता लगाने के संबंध में गंभीर चर्चा की। बैठक में यह सुझाव रखा गया कि जिस दिशा से पानी का बहाव घटनास्थल की ओर आ रहा है, उसे रोककर अथवा नियंत्रित कर जलस्तर को कम किया जाए, ताकि गहरे पानी में सूरज की तलाश को आसान बनाया जा सके। बैठक के बाद क्षेत्राधिकारी जितेंद्र परिहार, कोतवाली निरीक्षक शिवजी दुबे, एसआई रामजीत यादव, एसआई निशा शुक्ला एवं फॉरेस्ट रेंजर के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मौका-मुआयना किया गया। पानी के जलस्तर को कम करने और पानी के बहाव को नियंत्रित करने के संभावित उपायों पर भी चर्चा की गई। मैंने प्रशासन से पुनः NDRF की टीम बुलाने के साथ-साथ अनुभवी एवं विशेषज्ञ गोताखोरों की टीम बुलाकर एक बार फिर पूरी गंभीरता और व्यापक स्तर पर सूरज की तलाश कराने का अनुरोध किया है। प्रशासन की ओर से आश्वासन दिया गया है कि कल NDRF एवं गोताखोरों की मदद से सूरज की तलाश के लिए दोबारा अभियान चलाया जाएगा। मौके पर पुलिसकर्मियों के साथ मृतक सूरज की पत्नी गुड़िया, पिता विजय, माता देबू, भाई सरवन, सनी, विकी, अमर, भोली सहित तमाम परिवारजन एवं मोहल्लेवासी मौजूद रहे। आठ दिन से एक गरीब परिवार अपने सूरज के शव के मिलने की उम्मीद लगाए बैठा है। रोज कमाकर पेट भरता था सूरज का परिवार इस समय एक हफ्ता बीतने को है सूरज के कोई पता न मिलने से परिजनों का हाल बेहाल है खाने खाने को मोहताज हो गया है परिवार शासन प्रशासन से उचित व्यवस्था की भी आस लगाए हुए हैं अब देखना होगा कि क्या इस परिवार पर प्रशासन द्वारा मदद कुछ मदद हो सकती है।

## प्रस्तावित मूल्यांकन सूची पर 29 अगस्त तक दें आपत्ति, फिर लागू होंगी नयी मूल्यांकन दर

**लखीमपुर खीरी।** जमीन-जायदाद की खरीद-फरोख्त से जुड़ी स्टांप दरों में बदलाव की तैयारी शुरू हो गई है। जिले में संपत्तियों के पुनरीक्षित मूल्यांकन की प्रस्तावित सूची तैयार कर ली गई है। अब आम लोगों को इस सूची पर अपनी राय और आपत्ति दर्ज कराने का मौका दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि 29 अगस्त 2026 तक सुझाव या आपत्ति लिखित रूप में दी जा सकती है। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश स्टांप (सम्पत्ति का मूल्यांकन) नियमावली, 1997 तथा उसके संशोधित प्रावधानों के तहत जनपद में पुनरीक्षित मूल्यांकन सूची प्रभावी की जानी है। इसका प्रस्तावित प्रारूप जिले के सभी उप निबंधक कार्यालयों तथा सहायक महानिरीक्षक निबंधन कार्यालय में उपलब्ध है।

**दरें बदलने से पहले जनता की बारी:** प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि प्रस्तावित मूल्यांकन सूची को देखकर यदि किसी संपत्ति के मूल्यांकन को लेकर कोई सुझाव या आपत्ति है तो उसे निर्धारित समय सीमा में दर्ज कराएं। इसके बाद प्राप्त सुझावों और आपत्तियों पर नियमानुसार विचार किया जाएगा। सुझाव या आपत्ति सहायक महानिरीक्षक निबंधन/सहायक आयुक्त स्टांप, लखीमपुर खीरी, कक्ष संख्या-33, कलेक्ट्रेट परिसर अथवा संबंधित उप निबंधक कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत की जा सकती है। प्रस्तावित मूल्यांकन सूची को लेकर आम जनता की राय महत्वपूर्ण है। लिहाजा संबंधित संपत्ति स्वामियों और आम नागरिकों से समय रहते सूची का अवलोकन कर अपनी आपत्ति या सुझाव दर्ज कराने की अपील की गई है। 29 अगस्त के बाद आपत्ति दर्ज कराने का मौका नहीं रहेगा।

# राष्ट्रगान का अपमान, देश का अपमान, कांग्रेस नहीं करेगी बर्दाश्त



**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना द्वारा राष्ट्रगान के कथित अपमान के विरोध में आज कांग्रेस भवन पर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भारी संख्या में एकत्रित हुए।

जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस भवन से सदर कोतवाली तक पैदल मार्च कर भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कोतवाली का घेराव कर प्रदर्शन किया। तत्पश्चात कोतवाली में मौजूद SSI को मामले से संबंधित FIR दर्ज कराए जाने हेतु शिकायती पत्र सौंपा। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने कहा कि संवैधानिक मर्यादाओं को तार-तार करने वाली इस घटना के खिलाफ कांग्रेस ने लिखित शिकायत तहरीर सौंपी और सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। राष्ट्रगान केवल कुछ शब्द नहीं है बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की अस्मिता स्वाभिमान और बलिदान का प्रतीक है जो लोग संवैधानिक पदों पर बैठकर देश के प्रतीकों का सम्मान नहीं कर सकते उन्हें ऐसे गरिमामई पदों पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। कांग्रेस प्रवक्ता रवि तिवारी ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस हमेशा से संविधान, देश के स्वाभिमान और राष्ट्रीय गौरव की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है। पार्टी का यह स्पष्ट संदेश है कि राष्ट्र के सम्मान से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उक्त प्रदर्शन में प्रमुख रूप से उपस्थित मोहन चंद्र उप्रेती, रवि तिवारी, अन्नू मिश्रा, रामकुमार वर्मा, वरुण चौधरी, विजेंद्र राठौर, कोमल सिंह, नेहा चौधरी, चंद्रप्रभा अवस्थी, रामपाल शाक्य, राजेश जायसवाल, लतीफ आजम, हरगोविंद वर्मा, राजेंद्र गुप्ता, जावेद अली एडवोकेट, सत्ती सरन गौतम, अनंत राम गौतम, श्याम मोहन मढिया, हेमराज गौतम आदि सैकड़ो कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर व्यापार मंडल ने किया स्वागत

- शिवभक्तों को फलाहार कराया उपलब्ध

समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।



श्रावण मास की कांवड़ यात्रा के दौरान अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की ओर से शिवभक्त कांवड़ियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान कांवड़ यात्रियों के लिए फलाहार और शीतल जल की व्यवस्था भी की गई। सेवा भाव के साथ व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने कांवड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए उनका अभिनंदन किया। कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा के दौरान वातावरण हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से गूंज उठा। व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने कहा कि सावन के पावन महीने में शिवभक्तों की सेवा करना सौभाग्य की बात है। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए संगठन की ओर से यथासंभव सहयोग किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल, जिला महामंत्री विनीत अग्रवाल, संरक्षक अश्विनी अग्रवाल, व्यापार मंडल संरक्षक संजीव अग्रवाल, मीडिया प्रकोष्ठ से मुकेश, निमित अग्रवाल, युवा नगर महामंत्री, युवा नगर अध्यक्ष राकेश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश बंसल और नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं व्यापारी मौजूद रहे। व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने कहा कि धार्मिक आयोजनों में सेवा और सहयोग की भावना को आगे बढ़ाना संगठन की प्राथमिकताओं में शामिल है। कांवड़ियों के स्वागत और सेवा के दौरान व्यापारियों में भी उत्साह दिखाई दिया।

# ऑटो और कार की टक्कर में महिला की जान गई, बहनोई और सरहज घायल

**मोहम्मदी, लखीमपुर खीरी ।** कस्बा अमीर नगर से एक ऑटो पर पति पत्नी और सरहज सवार होकर रिश्तेदारी में जाने के लिए बस पकड़ने के लिए गोमती मोड जाते समय रसूलपुर ईदगाह से पहले कार चालकने टक्कर मार दी जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए इलाज के लिए सूचना पर पहुंचे जानकी एंबुलेंस ले जाकर समाजसेवी शिवम राठौर ने मोहम्मदी सरकारी अस्पताल भर्ती कराया। डॉक्टर ने एक महिला को मृत घोषित कर दिया है। दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। अमीर नगर निवासी इकरार शाह ने बताया वह अपनी पत्नी पिंकी शाह (32) और सरहज साहिबा के साथ ऑटो में सवार होकर गोमती मोड बस पकड़ने जा रहा था तभी पीछे से आ रहे कार चालक ने ऑटो में टक्कर मार दी जिसमें उसकी



पत्नी को गंभीर चोटे आ गई अस्पताल पहुंचे उन्होंने दम तोड़ दिया है। घायल सरहज साहिबा और इकरार को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। कार चालक वाहन छोड़कर भाग निकला पुलिस वाहन कब्जे में लेकर आरोपी की तलाश कर रही है। कार के अंदर से शराब की बोतल बरामद हुई है जिसका फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## अंतिम सोमवार पर क्षेत्रवासियों को दीं शुभकामनाएं

**पीलीभीत।** महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने श्रावण मास के अंतिम सोमवार के पावन अवसर पर समस्त क्षेत्रवासियों और शिवभक्तों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सावन का प्रत्येक दिन भगवान शिव की भक्ति, सेवा और आस्था का संदेश देता है। अंतिम सोमवार का यह पावन अवसर हम सभी के जीवन में नई ऊर्जा, सुख और शांति लेकर आए। उन्होंने कहा कि भगवान भोलेनाथ सभी श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण करें, कांवड़ यात्रियों की यात्रा सुरक्षित और निर्विघ्न रखें तथा हर परिवार में सुख-समृद्धि और खुशहाली का वास हो। उन्होंने क्षेत्रवासियों से आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव के साथ पर्व मनाने की अपील की। स्वामी प्रवक्तानंद ने कहा कि शिवभक्ति हमें केवल पूजा-पाठ ही नहीं, बल्कि जरूरतमंदों की सेवा, मानवता और परोपकार का मार्ग भी दिखाती है। सावन के इस पवित्र अवसर पर हम सभी संकल्प लें कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करेंगे। उन्होंने भगवान श्री अलखेश्वर महादेव एवं भोलेनाथ से प्रार्थना करते हुए कहा कि समस्त बरखेड़ा क्षेत्र और जनपद पीलीभीत पर महादेव की कृपा सदैव बनी रहे तथा सभी के जीवन में सुख, शांति, स्वास्थ्य और समृद्धि का प्रकाश फैले।

# कांवड़ मार्गों पर सुरक्षा का जायजा लेने निकले डीएम-एसपी

- गौरीशंकर मंदिर से शाही चौकी व बाबा गुलेश्वरनाथ मंदिर तक किया निरीक्षण
- श्रद्धालुओं से संवाद कर लिया व्यवस्थाओं का फीडबैक

समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।



श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार और कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। सोमवार को पुलिस अधीक्षक ने गौरीशंकर मंदिर सहित जिले के प्रमुख कांवड़ मार्गों और संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था परखी। इसके बाद जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने बीसलपुर क्षेत्र में चौकी चुर्रा सकतपुर तथा बाबा गुलेश्वरनाथ मंदिर पहुंचकर कांवड़ मार्गों और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया।गौरीशंकर मंदिर पहुंचकर पुलिस अधीक्षक ने मंदिर परिसर और आसपास की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। इसके बाद थाना जहानाबाद क्षेत्र की चौकी शाही, कांवड़ सहायता एवं मिशन शक्ति केंद्र, टाइगर तिराहा समेत प्रमुख कांवड़ मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर व्यवस्थाएं देखीं। बैरिकेडिंग, पार्किंग, यातायात संचालन, ड्यूटी प्वाइंट, सीसीटीवी कैमरे, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा सहायता और आपातकालीन सेवाओं की स्थिति की जानकारी ली गई। वहीं जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने बीसलपुर क्षेत्र के चौकी चुर्रा सकतपुर तथा बाबा गुलेश्वरनाथ मंदिर पहुंचकर कांवड़ियों के आवागमन वाले मार्गों की सुरक्षा व्यवस्था परखी। अधिकारियों ने पुलिस बल की तैनाती, यातायात प्रबंधन और श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को कांवड़ियों और श्रद्धालुओं के साथ विनम्र एवं संवेदनशील व्यवहार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भीड़ और यातायात व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जाए। कांवड़ मार्गों पर नियमित पैदल गश्त के साथ संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तुओं पर विशेष निगरानी रखी जाए तथा किसी भी आपात स्थिति में बिना देरी प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कांवड़ियों और श्रद्धालुओं से संवाद कर व्यवस्थाओं का फीडबैक भी लिया। श्रद्धालुओं से उनकी सुविधाओं के संबंध में जानकारी लेते हुए सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से जलाभिषेक करने की अपील की गई। पुलिस-प्रशासन की ओर से प्रमुख कांवड़ मार्गों, मंदिरों और संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन और अन्य माध्यमों से लगातार निगरानी की जा रही है।

## सूचना

मैं PHULAMANI HANSDAH मेरे पति आर्मी न.-JC 563157× रैंक -NB/SUB, LUDHIYAYA MURMU, AT- TADKISOLE, POST -BUDHI KHAMARI, VIA- K.C, PUR, DIST- MAYUR BHANJ, STATE - ODISHA, PIN -757029 के सैन्य दस्तावेजों में मेरा नाम PHULAMANI MURMU वह जन्मतिथि 02.06.1984 त्रुटिवश गलत अंकित हो गई है, जबकि वास्तविक सही नाम PHULAMANI HANSDAH व सही जन्मतिथि 02.06.1991 है।

## दिमागी नक्सल पर बेचैनी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'दिमागी नक्सल' शब्द ने राजनीतिक बहस को नया मुद्दा दे दिया है। स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में इस्तेमाल किए गए इस शब्द पर कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के कुछ नेताओं की तीखी प्रतिक्रिया सामने आई। दिलचस्प यह है कि प्रधानमंत्री ने यह शब्द व्यवस्था के भीतर छिपी उस मानसिकता के लिए इस्तेमाल किया, जो विकास और लोकतांत्रिक व्यवस्था को भीतर से चुनौती देती है, लेकिन प्रतिक्रिया उन नेताओं की ओर से आई, जिन्हें शायद इसमें अपने लिए कोई संकेत दिखाई दिया।

किसी भी राजनीतिक शब्द की सार्थकता उसकी प्रतिक्रिया से भी समझी जाती है। प्रधानमंत्री के 'आंदोलनजीवी' जैसे शब्द पहले भी इसी तरह राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बने थे। अब 'दिमागी नक्सल' भी बहस के केंद्र में है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने तो व्यंग्यात्मक अंदाज में स्वयं को 'दिमागी नक्सल' कहने तक की बात कही। पार्टी के अन्य नेताओं और कुछ विपक्षी नेताओं ने भी इस मुद्दे पर सरकार को घेरने की कोशिश की। सवाल यह है कि क्या किसी शब्द पर राजनीतिक प्रतिक्रिया देने से उस मानसिकता की समस्या समाप्त हो जाती है, जिसके खिलाफ वह शब्द इस्तेमाल किया गया है?

नक्सलवाद और माओवाद ने भारत के कई हिस्सों में लंबे समय तक लोकतांत्रिक व्यवस्था के सामने गंभीर चुनौती खड़ी की। कभी देश के बड़े भूभाग को तथाकथित 'लाल गलियारे' के रूप में देखा जाता था। इन क्षेत्रों में विकास की गति धीमी थी, सरकारी संस्थानों की पहुंच सीमित थी और हिंसा का प्रभाव व्यापक था। पिछले कुछ वर्षों में सुरक्षा अभियानों के साथ सड़क, रेल, शिक्षा, स्वास्थ्य और संचार जैसी सुविधाओं के विस्तार ने तस्वीर बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। माओवादी हिंसा से बाहर निकलकर मुख्यधारा में लौटने वाले लोगों की कहानियां इस बदलाव का महत्वपूर्ण प्रमाण हैं। जिन युवाओं के हाथों में कभी हथियार थे, उनमें से अनेक अब पुलिस या सुरक्षा बलों में शामिल होकर व्यवस्था का हिस्सा बन चुके हैं। कुछ ने रोजगार और स्वरोजगार का रास्ता अपनाया है। बस्तर जैसे क्षेत्रों में सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में उनकी भागीदारी बताती है कि हिंसा के लंबे दौर के बाद सामान्य जीवन की वापसी संभव है।

इस बदलाव को स्वीकार करना इसलिए भी जरूरी है कि नक्सलवाद से लड़ाई केवल बंदूक से नहीं जीती जा सकती। सुरक्षा कार्रवाई जरूरी है, लेकिन उसके साथ विकास, शिक्षा, रोजगार और लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती भी उतनी ही आवश्यक है। यदि कोई व्यक्ति लोकतांत्रिक व्यवस्था का लाभ उठाते हुए उसी व्यवस्था को भीतर से कमजोर करने की कोशिश करता है तो उस मानसिकता पर बहस होनी चाहिए। प्रधानमंत्री के 'दिमागी नक्सल' शब्द को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

हालांकि राजनीतिक संवाद में शब्दों की मर्यादा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। सरकार के विरोध का अधिकार लोकतंत्र का मूल तत्व है। किसी नीति या निर्णय की आलोचना को नक्सलवादी मानसिकता कहना भी उचित नहीं होगा। असहमति और व्यवस्था-विरोधी हिंसक मानसिकता के बीच स्पष्ट अंतर बनाए रखना लोकतांत्रिक समाज की जिम्मेदारी है। इसलिए 'दिमागी नक्सल' की बहस को केवल राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित करने के बजाय इसके वास्तविक आशय पर चर्चा होनी चाहिए।

कांग्रेस की मौजूदा राजनीतिक स्थिति को देखते हुए इस मुद्दे पर उसकी प्रतिक्रिया और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। विपक्ष का काम सरकार से सवाल पूछना है, लेकिन हर सरकारी पहल को केवल राजनीतिक चश्मे से देखने से उसकी विश्वसनीयता प्रभावित होती है। इसी तरह सरकार को भी विपक्ष की हर आलोचना को राष्ट्रविरोध या व्यवस्था-विरोध से जोड़ने से बचना चाहिए। वंदे मातरम् को लेकर हाल में हुई राजनीतिक बहस ने भी यही सवाल खड़ा किया है। राष्ट्रीय प्रतीकों और देशभक्ति से जुड़े विषयों पर राजनीतिक दलों को अधिक संवेदनशीलता और संयम का परिचय देना चाहिए। राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत या राष्ट्रीय प्रतीकों को दलगत राजनीति का अखाड़ा बनाना लोकतांत्रिक विमर्श को कमजोर करता है।

भारतीय राजनीति में कभी वैचारिक मतभेद तीखे होने के बावजूद व्यक्तिगत संबंध और संवाद की परंपरा मजबूत थी। नरसिंह राव, अटल बिहारी वाजपेयी और चंद्रशेखर जैसे नेताओं की विचारधाराएं अलग थीं, लेकिन उनके बीच संवाद और पारस्परिक सम्मान बना रहा। आज राजनीतिक भाषा में बढ़ती कटुता चिंता का विषय है। सरकार और विपक्ष दोनों को यह समझना होगा कि लोकतंत्र में असहमति आवश्यक है, लेकिन असहमति को दुश्मनी में बदलना लोकतांत्रिक संस्थाओं के लिए नुकसानदेह है। 'दिमागी नक्सल' पर मची राजनीतिक हलचल भी इसी व्यापक समस्या की ओर संकेत करती है। यदि किसी शब्द से असहमति है तो उसका तथ्य और तर्क के आधार पर प्रतिवाद होना चाहिए। केवल बौखलाहट या व्यक्तिगत टिप्पणियां बहस को कमजोर करती हैं।

नक्सलवाद के खिलाफ देश ने जो लंबी लड़ाई लड़ी है, उसका अंतिम उद्देश्य केवल हिंसा खत्म करना नहीं, बल्कि उन क्षेत्रों और लोगों को लोकतंत्र की मुख्यधारा से जोड़ना है। इसलिए राजनीतिक दलों को शब्दों की लड़ाई से आगे बढ़कर यह तय करना चाहिए कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत कैसे बनाया जाए।

### दो टूक




# दिशाहीन आरक्षण के खिलाफ आवाज पर सियासी खामोशी


संजय सक्सेना




दिल्ली के जंतर-मंतर से लेकर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ तक, आज देश की सड़कों पर एक नई और गंभीर सुगबुगाहट साफ सुनाई दे रही है। यह वह आवाज़ है जो सामान्य श्रेणी के उन छात्रों और युवाओं की है, जिन्हें लगता है कि व्यवस्था के पैमाने पर उनकी योग्यता और उनके अधिकारों की अनदेखी की जा रही है। लेकिन इस आंदोलन का सबसे विडंबनापूर्ण पहलू यह है कि सत्ता और विपक्ष के बड़े सियासी गलियारों में इन युवाओं की आवाज़ सुनने के बजाय इन्हें या तो नजरअंदाज किया जा रहा है या फिर अपने राजनीतिक नफा-नुकसान के चश्मे से देखा जा रहा है। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और अन्य दल इस पर खुलकर बात करने से कतराते हैं, क्योंकि उन्हें डर है कि उनका पारंपरिक वोट बैंक खिसक न जाए। जब भी आरक्षण जैसे संवेदनशील मुद्दे पर चर्चा होती है, राजनीतिक दलों की प्राथमिकता जनहित या सामाजिक न्याय के समग्र संतुलन से ज्यादा चुनावी समीकरणों को साधना बन जाती है।

आज़ादी के बाद से ही आरक्षण को राजनीतिक दलों ने एक अचूक चुनावी हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है।अधिकांश सियासी दल यह मानते हैं कि किसी एक वर्ग विशेष के पक्ष में खुलकर बोलने से उनका बड़ा सामाजिक आधार प्रभावित हो सकता है। इसीलिये युवाओं की वास्तविक और तार्किक चिंताओं को सुनने के बजाय उन्हें राजनीतिक दलों द्वारा केवल विरोधियों पर हमला करने का माध्यम बना लिया जाता है। जब युवा जंतर-मंतर पर सुधार की मांग करते हैं, तो नेताओं द्वारा उनकी उपेक्षा करना यह दिखाता है कि व्यवस्था बदलाव के उस दौर से डरती है जो पारंपरिक समीकरणों को हिला सकता है। जबकि यह वह सुलगती हुई आग है, जिसमें इतिहास गवाह है कि जिसने भी अपनी रोटियां सेंकने की कोशिश की, उसके हाथ अंततः जले ही हैं। इस सामाजिक असंतोष को नजरअंदाज करना किसी भी स्वस्थ लोकतंत्र के लिए हितकर नहीं हो सकता।

गौरतलब है, देश को आजादी मिलने के बाद जब संविधान का निर्माण हो रहा था और आरक्षण व्यवस्था की नींव रखी जा रही थी, तब देश के मनीषियों और हमारे संविधान निर्माताओं के मन में एक स्पष्ट और पवित्र उद्देश्य था। बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर और अन्य निर्माताओं ने इस बात पर जोर दिया था कि सदियों से सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से वंचित रहे वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए उनको आरक्षण की आवश्यकता है।

संविधान सभा की बहसों के दौरान यह स्पष्ट किया गया था कि यह व्यवस्था देश के वंचित और शोषित तबके को बराबरी का हक दिलाने के लिए एक सीढ़ी का काम करेगी। इसे देश में सामाजिक समरसता और भाईचारा मजबूत करने का जरिया माना गया था, न कि हमेशा के लिए स्थायी और वंशानुगत विशेषाधिकार और यह उम्मीद की गई थी कि जैसे-जैसे समाज आगे बढ़ेगा, आर्थिक और सामाजिक असमानता कम होगी और राष्ट्र अधिक समावेशी बनेगा, तब आरक्षण की जरूरत नहीं बचेगी, लेकिन समय के साथ, इस महान परिकल्पना का धरातल पर रूप बदल गया। आज की कड़वी सच्चाई यह है कि आरक्षण का एक बड़ा हिस्सा उस वर्ग तक आसानी से पहुंच रहा है जो पहले से ही सामाजिक और आर्थिक रूप से सक्षम हो चुका है, जबकि उसी वंचित समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े असल जरूरतमंद व्यक्ति तक आज भी मूलभूत सुविधाएं नहीं पहुंच पा रही हैं।

यही बात जंतर-मंतर और लखनऊ की सड़कों पर संघर्ष कर रहे सामान्य वर्ग के छात्र और युवा बार-बार स्पष्ट कर रहे हैं कि वे आरक्षण व्यवस्था को पूरी तरह खत्म करने की मांग नहीं कर रहे हैं, बल्कि वे इसमें पारदर्शी और तार्किक सुधार चाहते हैं। इन आंदोलनरत छात्रों और युवाओं की कुछ अपनी मुख्य चिंताएं और सवाल हैं। सरकार द्वारा सवर्ण जातियों के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए जो दस प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है, उसे युवा ऊंट के मुंह में जीरा बताते हैं। उनकी मांग है कि आर्थिक मानदंड ही हर वर्ग के लिए न्याय का मुख्य आधार होना चाहिए। एक तरफ सामान्य श्रेणी का एक गरीब रिक्शा चालक या मजदूर का बेटा अपनी प्रतिभा के दम पर भी संघर्ष करने को मजबूर है, वहीं दूसरी तरफ दलित या पिछड़े वर्ग के संपन्न परिवारों जैसे बड़े-बड़े सरकारी अधिकारी, राजनेता, डॉक्टर और इंजीनियर के बच्चे पीढ़ी-दर-पीढ़ी आरक्षण का पूरा लाभ उठा रहे हैं। युवाओं का यह सवाल पूरी तरह तार्किक है कि यदि किसी जरूरतमंद की मदद के नाम पर बनाई गई व्यवस्था का लाभ केवल संपन्न घराने उठाने लगें, तो सामान्य वर्ग के गरीब युवाओं के मौलिक अधिकारों की अनदेखी क्यों की जा रही है? लेकिन जातिवाद की राजनीति करने वाले कुछ दल और नेताओं के लिये यह सब मायने नहीं रखता है। सामान्य वर्ग के आरक्षण के खिलाफ आंदोलन के आग में मोदी और बीजेपी की राज्य सरकारों के 'हाथ' भी झुलसते दिख रहे हैं, लेकिन इस आंदोलन को भड़काने का आरोप भी इसी दल पर लग रहा है। इसी से बीजेपी के नेता बेचैन हैं।

वह 2021 के बिहार विधान सभा चुनाव में आरक्षण को लेकर विपक्ष द्वारा फैलाये गये नैरेटिव का नुकसान देख चुके हैं। कुल मिलाकर आज देश के बड़े नेताओं, जैसे राहुल गांधी, अखिलेश यादव और सत्ता पक्ष के दिग्गजों को यह समझने की जरूरत है कि सामाजिक न्याय की परिभाषा केवल जातियों के आंकड़ों और चुनावी मंचों तक सीमित नहीं रह सकती है। यह नेता अपने संकीर्ण राजनीतिक चश्मे को उतारकर बड़ा दिल दिखाएं और यह स्वीकार करें कि मौजूदा आरक्षण व्यवस्था में सुधार की सख्त आवश्यकता है। इस बात की गंभीरता से समीक्षा होनी चाहिए कि आरक्षण का लाभ वाकई अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है या नहीं। इसके साथ-साथ क्रीमी लेयर के नियमों को भी और अधिक सख्त और पारदर्शी बनाया जाना चाहिए ताकि हर वर्ग के केवल वास्तव में जरूरतमंद और गरीब युवाओं को ही इसका संबल मिल सके। यदि समय रहते इस दिशा में ईमानदारी से विचार नहीं किया गया, तो यह असंतोष और अधिक गहरा सकता है। किसी भी राष्ट्र की सच्ची प्रगति तभी संभव है जब उसका हर एक युवा यह महसूस करे कि उसके साथ न्याय हो रहा है और उसकी मेहनत का पूरा सम्मान सुरक्षित है।

(यह लेखक के अपने विचार हैं।)

# सत्येन्द्र जैन के जेल जाने के खतरे

*मनोज कुमार मिश्र*

आम आदमी पार्टी (आआपा) के बड़े नेता और उसकी दिल्ली की सरकार में मंत्री रहे सत्येन्द्र जैन की दिल्ली जल बोर्ड के भ्रष्टाचार के एक मामले में गिरफ्तारी ने पार्टी पर आने वाले भारी संकट के संकेत दे दिए हैं। धन शोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मई 2022 में सत्येन्द्र जैन को गिरफ्तार किया था। उसके नौ महीने बाद उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दिया था। वे दो साल से ज्यादा जेल में रहे। उनकी गिरफ्तारी के बाद ही दिल्ली के चर्चित शराब घोटाले में आम आदमी पार्टी के बड़े नेताओं की गिरफ्तारी का सिलसिला शुरु हुआ। पहले 26 फरवरी 2023 को उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी हुई। फिर सांसद संजय सिंह 4 अक्टूबर 2023 को गिरफ्तार हुए और आखिरकार 21 मार्च 2024 को पार्टी के सर्वेसर्वा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गिरफ्तार हुए। उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए उच्चतम न्यायालय ने 10 मई 2024 को एक जून तक के लिए जमानत दी। जमानत के बाद ने दो जून 2024 को वापस तिहाड़ जेल गए। 26 जून को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने गिरफ्तार किया, वे जेल में ही रहे। 13 दिसंबर 2024 को वे जमानत मिलने पर बाहर आ पाए। फरवरी 2026 में ट्रायल कोर्ट ने सभी 23 आरोपितों को बरी कर दिया। उसके खिलाफ सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन हैं। यानी केजरीवाल और उनके लोगों पर से तलवार पूरी तरह से हटी नहीं है। दिल्ली से सत्ता जाने के बाद आम आदमी पार्टी केवल पंजाब में काबिज है, जहां अगले साल विधानसभा चुनाव हैं।

पुराने मामलों का कैग (सीएजी) से जैसे-जैसे भ्रष्टाचार के मामले सार्वजनिक हो रहे हैं, आआपा सरकार पर सरकारी जांच एजेंसियों का शिकंजा कसना तय सा माना जा रहा है। माना जा रहा है जल बोर्ड ही नहीं, मुख्यमंत्री के सरकारी निवास (आम बोलचाल में शीश महल) समेत, स्कूलों के निर्माण और मरम्मत से लेकर अनेक निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार के मामले पहले से ही सार्वजनिक हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में आम आदमी पार्टी पर खतरा बेहिसाब बढ़ा है। इसी के चलते सत्येन्द्र जैन की गिरफ्तारी पर केजरीवाल बौखलाकर भाजपा की अगुवाई वाली केन्द्र सरकार पर आरोप लगा रहे हैं। दिल्ली जल बोर्ड की अवजल शोधन संयंत्र (एसटीपी) परियोजना की निविदा प्रक्रिया में कथित भ्रष्टाचार होने के आरोप में दिल्ली की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा(एसीबी) ने 10 मई 2024 को सत्येन्द्र जैन, जल बोर्ड के तत्कालीन मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) उदित प्रकाश राय आदि के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। उन्हें पांच अगस्त को पूछताछ के लिए बुलाया। 18 अगस्त को दोबारा पूछताछ के लिए बुलाकर उनके साथ पूर्व संविदा सलाहकार अंकित श्रीवास्तव, नगेन्द्र यादव, राजा कुमार कुर्रा और पंकज वर्मा को गिरफ्तार कर 19 अगस्त को विशेष न्यायाधीश विनय सिंह की अदालत में पेश किया। न्यायाधीश ने सभी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इस गिरफ्तारी से आम आदमी पार्टी पर संकट बढ़ने के संकेत मिलने लगे हैं। संयोग से आम आदमी पार्टी ने सत्येन्द्र जैन को पंजाब का उप प्रभारी भी बनाया है। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस गिरफ्तारी के लिए भाजपा पर पहले की तरह जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। पार्टी नेताओं का आरोप है कि पंजाब विधानसभा में आम आदमी पार्टी की बढ़त से परेशान भाजपा एसीबी अधिकारियों पर दबाव डालकर गिरफ्तारी करवाई गई, जबकि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा का आरोप है कि आम आदमी पार्टी शासन में दिल्ली जल बोर्ड लूट का केन्द्र बना दिया गया था। सरकारी ऑडिट (सीएजी) की जांच में आम आदमी पार्टी के दस साल के शासन में साठ हजार करोड़ का घोटाला सामने आया है। माना जा रहा है कि यह भी शराब घोटाले जैसा आम आदमी पार्टी के लिए भारी संकट खड़ा करने वाला साबित होगा।

वर्ष 2022 में शराब घोटाले की जांच शुरु होने के बाद ईडी ने बड़ी तादात में गिरफ्तारी की, लेकिन 26 फरवरी 2023 को मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी से आम आदमी पार्टी को भारी झटका लगा। उनको 17 महीने बाद जमानत मिली। दूसरे आर्थिक मामले में केजरीवाल के दूसरे मंत्री रहे सतेन्द्र जैन मई 2022 से जेल में थे। वे दो साल से जेल में रहे। इसी तरह संजय सिंह को शराब घोटाले में ही 4 अक्टूबर 2023 को गिरफ्तार किया गया। उन्हें छह महीने बाद विभिन्न पाबंदियों के साथ जमानत मिली। अरविंद केजरीवाल को ईडी ने बातचीत के लिए अनेक सम्मन भेजे। ईडी में पेश न होने के लिए अदालत भी गए, लेकिन उन्हें राहत नहीं मिली। आखिरकार ईडी ने उन्हें 21 मार्च 2024 को गिरफ्तार किया। अपनी गिरफ्तारी को उन्होंने उच्चतम न्यायालय तक में चुनौती दी। उच्चतम न्यायालय ने पहली बार किसी नेता को केवल चुनाव प्रचार के लिए तीन हफ्ते की जमानत दे दी। वे जमानत पर 10 मई को बाहर आए और दो जून को वापस जेल गए। 26 जून को सीबीआई ने उन पर दूसरा मामला दायर कर दिया। वे करीब पांच महीने जेल में रहने के बाद भारी प्रयास के बाद 13 सितंबर 2024 को उन्हें उच्चतम न्यायालय से जमानत मिलने पर बाहर आए। अभी फरवरी 2026 में ट्रायल कोर्ट ने सबूत के अभाव में शराब घोटाले के सभी 23 आरोपितों को बरी कर दिया। उनके खिलाफ सीबीआई ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। याचिका विचाराधीन है। आम आदमी पार्टी और उसके सर्वेसर्वा अरविंद केजरीवाल सत्ता के लिए बने हैं इसे इस राजनीतिक पार्टी के 14 साल के इतिहास ने साबित किया है। समाजसेवी अण्णा हजारे की अगुवाई में भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के सहारे राजनीति में आने वाले केजरीवाल ने वह सभी काम किए जो इस देश के आम राजनेता करते रहे हैं या इसके लिए राजनेता बदनाम हैं। कई मामलों में तो केजरीवाल ने परंपरागत दलों के नेताओं को भी पीछे छोड़ दिया है। सत्ता में आने के लिए उन्होंने जो वायदे किए थे, सत्ता में आने के बाद सारे आचरण उसके उलट किए। दिल्ली की सत्ता से बाहर होने के बाद भी उनका व्यवहार नहीं बदला। उन पर शराब घोटाला से लेकर अपने सरकारी आवास को करोड़ों खर्च करके शीश महल बनवाने आदि के अनेक आरोप लगे। बावजूद इसके पूर्व मुख्यमंत्री के नाते मिले सरकारी आवास में उनपर फिर से लाखों रुपये लगाने का आरोप लगा।

सत्ता ने उन्हें आम आदमी से खास आदमी बना दिया। सुरक्षा के भारी ताम-झाम से उनकी लोगों से दूरी बढ़ी और जिस वीआईपी कल्चर का विरोध करके राजनीति में आए उसी कल्चर के प्रतीक बन गए। शराब घोटाले में कई बड़े नेताओं के जेल जाने के बाद खुद केजरीवाल जेल गए। वर्ष 2024 का लोकसभा चुनाव और 2015 के विधानसभा चुनाव में केजरीवाल ने अपने को प्रताड़ित करने का मुद्दा बनाने की असफल कोशिश की। 70 सदस्यों वाली विधानसभा चुनाव में भाजपा 48 सीटों के साथ 27 साल बाद सत्ता में लौटी। आम आदमी पार्टी को 22 सीटें मिली। मतों का अंतर केवल दो फीसदी का था। पहली बार आम आदमी पार्टी 2022 के दिल्ली नगर निगम चुनाव जीती थी। उसे 250 में से 134 सीटें मिली थी। भाजपा को 104 सीटें मिली थी। केन्द्र में भाजपा की सरकार होने का लाभ उसे मिलता रहा। बहुमत के बावजूद महीनों कवायत के बाद आम आदमी पार्टी का मेयर बना। इन ढाई सालों में आम आदमी पार्टी के पार्षद भाजपा में आते रहे। इतना ही नहीं आम आदमी पार्टी में जाकर पार्षद बने 16 निगम पार्षद अलग दल बनाकर आम आदमी पार्टी से अलग हो गए। वे सभी भाजपा में शामिल हो गए। निगम में दलबदल विरोधी कानून नहीं लागू है। अब निगम में भी भाजपा बहुमत में है।

आम आदमी पार्टी पूरी तरह से अरविंद केजरीवाल की पार्टी है। वह न तो किसी विचारधारा से जुड़ी है, न जाति आधारित या कैडर आधारित पार्टी है। दिल्ली में सरकार जाने के बाद पार्टी के साथ मुट्ठी भर लोग दिखते हैं। अब केवल पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है। पंजाब सरकार के खिलाफ भी पार्टी में आवाज उठने लगी है। आम आदमी पार्टी के विधायक जेल गए। मंत्री संजीव अरोड़ा पर केन्द्रीय एजेंसियों का छापा पड़ा है। जो हालात दिख रहे हैं उसमें तो यही लग रहा है कि शराब घोटाले की आंच अभी इस पार्टी को और झुलसाएगी। कई और मामले सामने आने वाले हैं। इसकी शुरुआत 19 अगस्त को सत्येन्द्र जैन के जेल जाने से हो गई है। जो नेता जमानत पर जेल से बाहर हैं, वे वापस कब जेल चले जाएं कहा नहीं जा सकता है। दो फीसदी मतों के अंतर से सरकार बनाने वाली भाजपा दिल्ली में अपनी राजनीतिक हैसियत बढ़ाने में लगी है। राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा देश के करीब ज्यादातर राज्यों में सत्ता में आ गई है। नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में केन्द्र की सरकार लगातार रिकार्ड बना रही है। इस सरकार की धमक ऐसी है कि एक के बाद एक करके विपक्ष के बड़े-बड़े दिग्गज पराजित होते जा रहे हैं।

(यह लेखक के अपने विचार हैं।)

### कोरस

## चीनी के बढ़ते दाम, न देना फरमान


संजय एम तराणेकर

अब कहीं प्रधानमंत्री, चीनी पर फरमान न दे दें,
बढ़ते दामों से जनता को, कोई नव ज्ञान न दे दें।
कहें-मीठा कम कीजिए, स्वास्थ्य का रखें ध्यान,
चीनी महँगी हुई तो क्या, देशहित में है बलिदान!

चाय में चीनी कम होगी, हलवाई मिठास घटेगी,
गरीब की थाली वैसे, अभी थोड़ी और सिमटेगी।
दाम बढ़े तो भाषण आए, महँगाई पे ज्ञान मिलेगा,
प्रजा पूछे- चीनी सस्ती? उत्तर में ध्यान मिलेगा!

कल तेल बचाने बोले, अब चीनी बचाने की बारी,
महँगाई की पाठशाला में, जनता बन रहीं बेचारी।
ये तंत्र कहे- कम मीठा खाओ, सेहत ठीक रखो।
जन बोले- ठीक साब, पहले जेब की सेहत रखो!

चीनी के दाम बढ़ जाएँ, हिम्मत अपनी मत हारो,
मीठे वादों की मिठास छोड़, सच स्वाद स्वीकारो।
यूं बाजार की दुनिया में, एक बात समझ में आई,
चीनी चाहे महँगी हो, महँगाई ज्यादा कड़वी भाई!




# मक्का रक्षा समझौता और भारतीय उपमहाद्वीप का बदलता भू-राजनीतिक चक्रव्यूह

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**



मक्का में सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किये के बीच सात अगस्त 2026 को हुआ 'मक्का संयुक्त रक्षा समझौता' भारतीय उपमहाद्वीप में ऐसे समय में सामने आया है जब मध्य-पूर्व में जारी संघर्षों ने पारंपरिक सुरक्षा समीकरणों को हिला दिया है। समझौते के तहत तीनों देशों ने सामूहिक प्रतिरोध को मजबूत करने और किसी एक सदस्य पर सशस्त्र हमले को तीनों पर हमला मानने की प्रतिबद्धता जताई है।

भारत के लिए इस घटनाक्रम की गंभीरता तब और बढ़ जाती है, जब इसी समझौते के प्रति बांग्लादेश ने भी सकारात्मक रुख के संकेत दिए हैं। बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार हुमायूं कबीर ने कहा है कि ढाका सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किये से जुड़े आर्थिक या रक्षा ढांचे में शामिल होने की संभावना के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखता है। ऐसे में मक्का समझौते को इस्लामिक मजहबी करण के उम्मा के तहत एकजुटता के चश्मे से भी देखा जा रहा है।

तुर्किये के पास विकसित होती रक्षा औद्योगिक क्षमता है, जबकि पाकिस्तान के पास बड़ा सैन्य ढांचा और परमाणु क्षमता है, इसलिए इसे 'इस्लामिक नाटो' तक कहा जा रहा है। बांग्लादेश की रुचि इसी कारण महत्वपूर्ण है। ढाका ने अभी समझौते में शामिल होने की घोषणा नहीं की है, किंतु उसके वरिष्ठ अधिकारियों के वक्तव्य यह स्पष्ट करते हैं कि वह पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्किये के साथ अपने संबंधों को व्यापक बनाने के विकल्प को खुला रख रहा है।

एक ओर हुमायूं कबीर ने बांग्लादेश फर्स्ट नीति के तहत राष्ट्रीय हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही है। दूसरी ओर विदेश मामलों की राज्यमंत्री शमा ओबैद इस्लाम ने भी कहा है कि किसी बहुपक्षीय समझौते में शामिल होने का निर्णय इस बात पर निर्भर करेगा कि उससे बांग्लादेश और उसके लोगों के हित सुरक्षित होते हैं या नहीं।

स्वभाविक है, यदि बांग्लादेश भविष्य में इस ढांचे के किसी रक्षा स्वरूप से जुड़ता है, तो भारत के लिए यह बेहद चिंता का विषय है। क्योंकि इससे भारत के पूर्वोत्तर की रणनीतिक स्थिति पर उसका प्रभाव पड़ सकता है। विशेष रूप से सिलीगुड़ी कॉरिडोर भारत की सुरक्षा संरचना का अत्यंत संवेदनशील हिस्सा है। पश्चिम बंगाल के उत्तर में स्थित यह संकीर्ण भूभाग देश के मुख्य हिस्से को पूर्वोत्तर राज्यों से जोड़ता है। किसी भी बड़े सैन्य संकट में इसकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। वहीं, भारत के पश्चिम में पाकिस्तान और उत्तर में चीन पहले से ही सुरक्षा चुनौती हैं।

यहां सबसे बड़ा खतरा किसी तत्काल युद्ध का भले ही न हो, पर बहुस्तरीय दबाव का निर्माण अभी से दिखाई दे रहा है। यदि पाकिस्तान की सैन्य क्षमता, तुर्किये की रक्षा तकनीक और बांग्लादेश की भौगोलिक स्थिति किसी भविष्य के संकट में एक-दूसरे के पूरक बनते हैं, तो भारत को एक साथ पश्चिमी और पूर्वी दिशाओं में अतिरिक्त सैन्य संसाधन लगाने पड़ेंगे। वहीं मक्का समझौता पाकिस्तान को अपनी क्षेत्रीय और इस्लामी दुनिया की कूटनीति में नया मंच भी देगा।

पाकिस्तान पहले से सऊदी अरब के साथ रक्षा संबंधों में गहराई रखता है और तुर्किये के साथ उसके सैन्य संबंध भी मजबूत हैं। मक्का समझौता इन द्विपक्षीय रिश्तों को एक त्रिपक्षीय ढांचे में जोड़ता है। ऐसे में भारत के लिए चुनौती यह है कि पाकिस्तान भविष्य में इस मंच का उपयोग कश्मीर सहित भारत से जुड़े मुद्दों को व्यापक अंतरराष्ट्रीय या इस्लामी कूटनीतिक विमर्श में ले जाने के लिए भी कर सकता है। अब भारत के संदर्भ में एक पक्ष ओर भी है, देश की बाहरी सुरक्षा जितनी महत्वपूर्ण है, उतनी ही महत्वपूर्ण आंतरिक स्थिरता भी है। आतंकवाद और इस्लामिक जिहादी, चरमपंथी नेटवर्क किसी भी संभावित सैन्य संकट में बाहरी शक्तियों के लिए अप्रत्यक्ष दबाव का माध्यम बनते हैं, इसलिए खुफिया एजेंसियों, राज्य पुलिस, आतंकवाद निरोधी इकाइयों, वित्तीय जांच एजेंसियों और साइबर सुरक्षा तंत्र के बीच वास्तविक समय में सूचनाओं के आदान-प्रदान को मजबूत करना होगा। 'गजवा-ए-हिंद' जैसी हिंसक चरमपंथी विचारधाराओं का मुकाबला सख्ती के साथ करना होगा।

दूसरी ओर मक्का समझौते का सबसे बड़ा सबक भारत के लिए यह है कि भू-राजनीति स्थिर नहीं है। आज का साझेदार कल किसी दूसरे रणनीतिक ढांचे का हिस्सा हो सकता है, इसलिए भारत की सुरक्षा नीति को किसी एक देश या किसी एक संभावित युद्ध पर केंद्रित रहने के बजाय पूरे हिंद महासागर से लेकर हिमालय और पूर्वोत्तर तक एकीकृत दृष्टिकोण अपनाना होगा। भारत को एक साथ चार काम करने होंगे, पहला- बांग्लादेश के साथ उच्चस्तरीय रणनीतिक संवाद बनाए रखना, दूसरा- पूर्वोत्तर और सिलीगुड़ी कॉरिडोर की संरचनात्मक सुरक्षा बढ़ाना, तीसरा- बंगाल की खाड़ी में समुद्री श्रेष्ठता कायम रखना और अंतिम- पाकिस्तान-तुर्किये की रक्षा साझेदारी से उत्पन्न संभावित तकनीकी चुनौतियों के लिए स्वदेशी क्षमता विकसित करते रहना, जिस पर कि इन दिनों कार्य होता हुआ भी दिखता है। अंतिम और महत्वपूर्ण बात हय है कि भले ही मक्का रक्षा समझौता आज भारत के खिलाफ घोषित सैन्य गठबंधन नहीं हो, फिर भी यह सच है कि बांग्लादेश द्वारा इसमें संभावित भागीदारी के प्रति दिखाई गई सकारात्मकता भारतीय उपमहाद्वीप के लिए एक अलग चुनौती खड़ा करती है। यदि पश्चिम में पाकिस्तान और पूर्व में बांग्लादेश किसी ऐसे व्यापक सुरक्षा नेटवर्क के करीब आते हैं, जिसमें तुर्किये जैसी रक्षा तकनीकी शक्ति भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, तो भारत के सामने योजनात्मक गणित निश्चित रूप से जटिल होगा। तब हमें जरूर ध्यान रखना चाहिए कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में बड़े संकट अक्सर किसी संधि के हस्ताक्षर के दिन से आरंभ होकर बाद में बनते हुए नेटवर्कों से आकार लेते हैं। बांग्लादेश की वर्तमान रुचि इसी उभरते नेटवर्क का पहला संकेत हो सकती है, जिसे शुरूआत में ही जड़ से उखाड़ा जाना बेहद जरूरी है।

(यह लेखक के अपने विचार हैं।)

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### सड़क दुर्घटनाओं में 28.7 प्रतिशत की कमी

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी अभिषेक गोयल के निर्देशन में जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर किए जा रहे प्रयासों का असर दिखाई देने लगा है। जनवरी से जुलाई 2026 तक सड़क दुर्घटनाओं में पिछले वर्ष की तुलना में 28.7 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। वर्ष 2025 में इस अवधि में 251 दुर्घटनाएं हुई थीं, जो 2026 में घटकर 179 रह गईं। इसी तरह मृतकों की संख्या 139 से घटकर 111 हुई, जबकि घायलों की संख्या 194 से घटकर 153 रह गई। प्रशासन द्वारा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान, यातायात नियमों का पालन कराने, ओवरलोडिंग के खिलाफ कार्रवाई और जनजागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने नागरिकों से हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग करने और निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने की अपील की है।

### दिव्यांगजनों के लिए सात ब्लॉकों में लगेंगे चिन्हांकन शिविर

**हमीरपुर।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजनाओं के तहत जिले के सात विकास खंडों में एक से 10 सितंबर तक चिन्हांकन शिविर लगाए जाएंगे। शिविर में पात्र दिव्यांगजनों का चिकित्सकों एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा परीक्षण कर विभिन्न योजनाओं के लिए चयन किया जाएगा। ट्राई साइकिल, बैसाखी, व्हीलचेयर, कान की मशीन, नेत्रहीन छड़ी, टैबलेट, स्मार्टफोन, कृत्रिम हाथ-पैर और कैलीपर्स सहित अन्य उपकरणों के लिए पंजीकरण होगा। मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, ई-ट्राई साइकिल, दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन तथा कॉक्लियर इम्प्लांट योजना के लाभार्थियों का भी चिन्हांकन किया जाएगा। शिविर एक सितंबर को गोहांड, दो को सरीला, तीन को कुरारा, सात को राठ, आठ को मुस्करा, नौ को मौदहा और 10 सितंबर को सुमेरपुर में लगेंगे। समय सुबह 11 से शाम तीन बजे तक रहेगा। पात्र लोग आधार, यूडीआईडी, आय प्रमाणपत्र और दो फोटो साथ लाएं।

### खेत में पेड़ पर फांसी से लटका मिला युवक का शव

**राठ (हमीरपुर)।** मुस्कुरा थाना क्षेत्र के उपरहका गांव के बाहर खेत में कुएं के पास पेड़ पर युवक का शव फांसी के फंदे से लटका मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान उपरहका निवासी संदीप (29) पुत्र विश्वनाथ के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार रविवार रात करीब नौ बजे खेत के किनारे कुएं के पास पेड़ पर शव लटका होने की सूचना मिली थी। शव करीब चार से पांच दिन पुराना प्रतीत हुआ। प्रथम दृष्टया युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की आशंका जताई गई है। फील्ड यूनिट ने मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है।

### फिटनेस नहीं, तो 20 स्कूली वाहनों का पंजीयन होगा निरस्त

**हमीरपुर।** स्कूली वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। उप संभागीय परिवहन अधिकारी ने जिले में पंजीकृत 20 स्कूली वाहनों के पंजीयन चिह्न को तीन माह के लिए निलंबित कर दिया है। विभाग ने वाहन स्वामियों, संचालकों, प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए हैं कि निलंबन अवधि में वाहनों का वैध स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र (फिटनेस) प्राप्त कराएं। निर्धारित अवधि में फिटनेस प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर वाहनों का पंजीयन निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी वाहन स्वामी की होगी। निलंबित वाहनों में हमीरपुर, मौदहा, राठ, सुमेरपुर और सरीला क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के वाहन शामिल हैं। इनमें स्वामी ब्रह्मानंद विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर, राजरानी सावित्री देवी शिक्षण संस्थान, ब्राइट इंटर नेशनल स्कूल, होली एंजल स्कूल, द्विविजय पब्लिक स्कूल सहित अन्य विद्यालयों के वाहन हैं। परिवहन विभाग की कार्रवाई से स्कूली वाहनों के संचालकों में हड़कंप मचा है।

### सावन का आखिरी सोमवारः शिवालयों में उमड़े भक्त

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** सावन के आखिरी सोमवार को शिव मंदिरों में सुबह से भीड़ उमड़ पड़ी। क्षेत्र के सुप्रसिद्ध मानेश्वर बाबा शिव मंदिर में भक्तों ने जलाभिषेक एवं दुग्धाभिषेक करके भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। उधर मंदिर परिसर में ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में प्रसाद ग्रहण किया। सावन के आखिरी सोमवार को क्षेत्र के सभी शिवालयों में भक्तों की भीड़ सुबह से ही पूजा अर्चना करने लगी। बीहड़ों में विराजमान मानेश्वर धाम शिव मंदिर में भक्तों ने पूजा अर्चना के लिए तड़के से ही आना शुरू हो गए जिससे मंदिर में लंबी लंबी लाइन लग गई। भक्तों ने भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक एवं दुग्धाभिषेक, फूल,बेलपत्र, दूध, दही शहद से अर्पित कर पूजा अर्चना की। भक्तों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल पूरी तरह से मुस्तैद रहा। सुविधा के लिए महिलाओं व पुरुषों की अलग-अलग लाइन लगवाई गई और क्रमशः एक-एक चक्र में महिलाओं व पुरुषों को मौका दिया गया। इस व्यवस्था से दर्शन करने वाले को असुविधा नहीं हुई। मानेश्वर बाबा सेवा समिति ने प्रसाद के रूप में खीर का वितरण करने के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया। जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### एरच के मड़िया महादेव पर विधायक ने किया रुद्राभिषेक



**गुरसरांय।** एरच घाट के मड़िया महादेव मंदिर पर क्षेत्रीय विधायक जवाहरलाल राजपूत ने रुद्राभिषेक करके जलाभिषेक किया। इस दौरान वेदवा नदी की आरती की गई। भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके बाद विशाल भंडारे में भक्तों ने देर रात तक प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख गुरसरांय टीकाराम पटेल, अमित चौरसिया, गीता श्रीवास्तव, राघवेंद्र निरंजन, सत्यप्रकाश तिवारी सिया, अजय शुक्ला, महेश मुखिया, ओमकार सिंह, अखिलेश तिवारी सुड्डा, राहुल राजपूत, अखिलेश तिवारी छिरोरा, राजू पाठक आमली, सुमित पाठक खड़ौरा, सरजू शरण पाठक, राजबहादुर सिंह सहित क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने किया वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण

- एफएलसी तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अभिषेक गोयल ने सोमवार को VVPAT वेयरहाउस और जिला निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण कर सुरक्षा तथा आगामी निर्वाचन तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा, सीसीटीवी निगरानी, अग्निशमन व्यवस्था और कार्यालय की व्यवस्थाओं को देखा। जिलाधिकारी ने मुख्य अग्निशमन अधिकारी से वेयरहाउस में स्थापित फायर फाइटिंग सिस्टम की विस्तृत जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों को आग अथवा अन्य आपात स्थिति में अपनाई जाने वाली सुरक्षा प्रक्रिया की जानकारी देने को कहा। आगामी EVM FLC को लेकर सभी तैयारियां समय से पूरी करने तथा निर्वाचन आयोग के निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण में छ्ज्ञ्ज्ञ कैमरे और निगरानी व्यवस्था सुचारू मिली। परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने को भी कहा गया। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि विवेक कुमार, अंकित और वीरेन्द्र कुमार मौजूद रहे।



### जनता दर्शन में डीएम ने सुनीं फरियादें, अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी अभिषेक गोयल ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में जनता दर्शन के दौरान जनसामान्य की समस्याएं सुनीं। सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक चली जनसुनवाई में राजस्व, विकास, बिजली, सड़क, पेयजल, भूमि विवाद, राशन और पेंशन सहित विभिन्न मामलों से जुड़े फरियादी पहुंचे। जिलाधिकारी ने प्रत्येक प्रार्थना-पत्र को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जरूरत के अनुसार तहसील और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को गूगल मीट के माध्यम से जोड़ा गया और मौके पर ही समस्याओं की जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि शिकायतों का महज औपचारिक निस्तारण न हो, बल्कि समस्या के मूल कारण की जांच कर स्थायी समाधान कराया जाए। दूरदराज से आने वाले फरियादियों को अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। लंबित शिकायतों की नियमित समीक्षा और शिकायतकर्ता को निस्तारण की जानकारी देने के भी निर्देश दिए।

## ओरछा से कांवड़ लेकर ददरी पहुंचे कांवड़िए भोलेनाथ के जयकारों से गूंजा गांव



**समृद्धि न्यूज़, राठ (हमीरपुर)।**

सावन माह में भगवान शिव की भक्ति का उल्लास राठ क्षेत्र के ददरी गांव में देखने को मिला। ओरछा धाम से कांवड़ लेकर लौटे शिवभक्तों के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने जगह-जगह उनका स्वागत और अभिनंदन किया। कांवड़ियों के पहुंचते ही पूरा गांव भोलेनाथ के जयकारों से गूंज उठा और वातावरण भक्तिमय हो गया। कांवड़ यात्रा में खेमचंद, लोकेश, आकाश, विपिन, नवल किशोर, महेंद्र, जय हिंद, अमित कुमार और सोहित समेत कई शिवभक्त शामिल रहे। ग्रामीणों ने सभी कांवड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए गांव और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। राजदीप पंडित ने विधि-विधान से हवन-पूजन कराया। उन्होंने कहा कि धार्मिक यात्राएं समाज में भाईचारे और एकता की भावना मजबूत करती हैं।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर विधिक जागरूकता कार्यक्रम



**सुमेरपुर।** कस्बे के आदर्श पब्लिक एकेडमी इंटर कॉलेज में सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पीएलवी गणेश सिंह ने छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व आमजन को 12 सितंबर को जनपद न्यायालय में होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजीनामा योग्य आपराधिक मामलों, मोटर दुर्घटना दावों, बैंक ऋण, श्रम, बिजली-पानी बिल तथा पारिवारिक विवादों का निस्तारण लोक अदालत में कराया जा सकता है। इस दौरान पोस्टर व पंपलेट वितरित कर प्रचार-प्रसार भी किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या रेहाना सिद्दीकी, प्रबंधक वसीम सिद्दीकी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## लापरवाही पर 10 का आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों का रोका गया मानदेय

**सुमेरपुर।** ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्रों में लापरवाही बरतने पर कार्यवाही की गई है। प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) कामिनी पाल ने 10 आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों एवं सहायिकाओं का मानदेय रोकते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने बताया कि लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कई केंद्र समय से नहीं खुल रहे हैं और सहायिकाओं द्वारा बच्चों को केंद्रों में नहीं लाया जा रहा है। जांच के बाद लापरवाह पाई गई 10 कार्यकर्त्रियों और सहायिकाओं के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। नोटिस का जवाब संतोषजनक न मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सीडीपीओ की इस कार्रवाई से आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों और सहायिकाओं में हड़कंप मच गया है। इधर ब्लॉक के सभी आंगनबाड़ी सेंटरों में विद्युत कनेक्शन कराना अनिवार्य कर दिया गया है। प्रभारी सीडीपीओ कामिनी पाल ने बताया कि ब्लॉक में कुल 61 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। इनमें से 17 केंद्रों में अब तक विद्युत कनेक्शन नहीं है। शासन के निर्देशों के क्रम में इस आशय का आदेश जारी किया गया है। सभी संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे झटपट पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करें ताकि विभाग समय पर भुगतान कर विद्युत कनेक्शन की प्रक्रिया पूरी करा सके। उन्होंने कहा कि बिजली न होने से केंद्रों में बच्चों को गर्मी में परेशानी होती है और पोषण संबंधी कार्य भी प्रभावित होते हैं।

## नदी में डूबा चरवाहा चार दिन बाद भी लापता

**सुमेरपुर।** गत शुक्रवार को चंद्रावल नदी में डूबे चरवाहा का सोमवार की शाम तक सुराग नहीं मिल सका। गोताखोर टीम शनिवार से लगातार नदी में उतरकर तलाश कर रही है। लेकिन टीम के हाथ अभी तक खाली है। चरवाहे के लापता होने से परिजन बेहाल हैं। मौहर गांव निवासी भगवानदीन निषाद (55) गत शुक्रवार को दोपहर भैंसों को चराने के लिए चंद्रावल नदी की ओर गया था। भैंसों के नदी के उस पार चले जाने पर वह कपड़े उतार कर नदी पार करने लगा। नदी में अधिक पानी होने एवं बहाव अधिक होने के कारण वह नदी पार नहीं कर सका और नदी में ही डूब गया। शनिवार से पुलिस उसकी तलाश में लगी हुई है। सोमवार को गोताखोर टीम ने घटना स्थल से लेकर बांदा जनपद के अमारा गांव तक चरवाहे को तलाशने का प्रयास किया। लेकिन शाम तक सफलता नहीं मिल सकी। कैथी पुलिस चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह ने बताया कि गत तीन दिनों से लगातार उसकी तलाश की जा रही है। गोताखोर टीम लगातार खोजबीन में जुटी हुई है। पानी के तेज बहाव को देखते हुए अंदाजा लगाया जा रहा है कि डूबा हुआ चरवाहा तेज बहाव के कारण बह कर केन नदी में जा सकता है।

# तेज रफ्तार कार पलटी, एकलौते पुत्र की मौत

- दिसंबर को होनी थी शादी, इकलौते बेटे की मौत से घर में मातम

**समृद्धि न्यूज़, महोबा।**

तेज रफ्तार चार पहिया कार के पलटने से एक लौते पुत्र की मौत हो गई जिससे परिवार में कोहराम मच गया पूरी रात सड़क पर ही पड़ा रहा। सुबह पेट्रोलिंग पर निकली पुलिस टीम ने सड़क किनारे दुर्घटनाग्रस्त कार देखी और युवक को बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। 9 दिसंबर को युवक की शादी तय थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर। परिजनों को हादसे की सूचना दी।

हादसे का एक CCTV फुटेज भी सामने आया है। जिसमें कार तेज रफ्तार से गुजरती दिखाई देती है और कुछ ही क्षण बाद अनियंत्रित होकर पलट जाती है। वीडियो में हादसे की पूरी घटना कैद होने के बाद दुर्घटना की गंभीरता सामने आई है। शहर के मलखान कुशवाहा जो प्राइवेट डॉक्टर हैं। पुलिस के अनुसार, शहर कोतवाली क्षेत्र के सत्तीपुरा मोहल्ले में रहने वाले राहुल कुशवाहा पुत्र मलखान 22 वर्ष रविवार देर रात अपने घर से कार लेकर निकले थे। उन्हें लवकुश नगर तिराहा स्थित अपने दूसरे मकान की ओर जाना था। राहुल कार लेकर पुलिस लाइन रोड से गुजर रहे थे। इसी दौरान जिम के पास पहुंचते ही कार अनियंत्रित हो गई और सड़क पर पलट गई। बताया जा रहा है कि कार की रफ्तार काफी तेज थी, जिसके कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। सोमवार सुबह क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रही पुलिस टीम की नजर दुर्घटनाग्रस्त कार पर पड़ी। पुलिसकर्मियों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति देखी और राहुल को गंभीर हालत में महोबा जिला अस्पताल पहुंचाया। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद राहुल को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने परिजनों को हादसे की सूचना दी। राहुल की मौत की सबसे दर्दनाक बात यह है कि उनकी शादी 9 दिसंबर को तय थी। परिवार में शादी की तैयारियां शुरू हो चुकी थीं। कुछ ही दिनों बाद जिस घर में बारात की तैयारियां और खुशी का माहौल होना था, वहां अब मातम पसरा है। मृतक के चाचा नरेंद्र कुशवाहा और मामा पंचम सिंह कुशवाहा ने बताया कि राहुल अपने पिता मलखान कुशवाहा के इकलौते बेटे थे। उनकी तीन बहनें हैं। परिवार पहले ही राहुल की मां की मौत का दर्द झेल रहा था। परिजनों के अनुसार, करीब डेढ़ साल पहले राहुल की मां का हार्ट अटैक से निधन हो गया था। अब राहुल की सड़क हादसे में मौत के बाद पिता अकेले रह गए हैं। जिस बेटे की शादी की तैयारियों में परिवार जुटा था, उसी के अंतिम संस्कार की तैयारी करनी पड़ रही है। मोहल्ले में भी हादसे की चर्चा है।



### बैदों-कोटरा मार्ग बदहाल, ग्रामीण परेशान



**पनवाड़ी (महोबा)।** पनवाड़ी विकासखंड के बैदों गांव से कोटरा जाने वाला मार्ग इन दिनों बदहाली का शिकार है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से रास्ता और भी खतरनाक हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं। सबसे अधिक परेशानी स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को उठानी पड़ रही है। गड्ढों और जलभराव के कारण बच्चों को आने-जाने में काफी दिक्कत होती है। कई बार उन्हें रास्ते में कीचड़ और पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। ई-रिक्शा और अन्य छोटे वाहनों के लिए भी यह मार्ग परेशानी का कारण बना हुआ है। सड़क पर बने गहरे गड्ढों के चलते वाहनों के पलटने की आशंका बनी रहती है। बारिश के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका से ग्रामीण चिंतित हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की खराब स्थिति की जानकारी जिम्मेदार अधिकारियों को होने के बावजूद अब तक समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से सड़क की जांच कराकर गड्ढों की मरम्मत और मार्ग का शीघ्र सुधार कराने की मांग की है, ताकि आवागमन सुचारु हो सके और स्कूली बच्चों समेत राहगीरों को राहत मिल सके।

### जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय के पटलों का डीएम ने किया औचक निरीक्षण



**उरई।** डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने सोमवार को जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय का औचक निरीक्षण कर कार्यालयीय व्यवस्थाओं, अभिलेखों के रखरखाव व विभिन्न पटलों पर किए जा रहे कार्यों की गहनता से जांच की। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यालय में आने वाले शिक्षकों व कर्मचारियों से संबंधित कार्यों का निस्तारण पारदर्शी व समयबद्ध तरीके से किया जाए और किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो। डीएम ने विभिन्न पटलों पर पहुंचकर सेवा पुस्तिकाओं, जीपीएफ सहित अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्होंने अभिलेखों के रखरखाव व अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि सभी अभिलेख सुरक्षित, व्यवस्थित व आसानी से उपलब्ध होने की स्थिति में रखे जाएं। डीएम ने विशेष रूप से निर्देशित किया कि परिषदीय शिक्षकों को मिलने वाली पेंशन, जीपीएफ, चयन वेतनमान सहित अन्य अनुमन्य सुविधाएं समय से उपलब्ध कराई जाएं। औचक निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर व विभिन्न कक्षों में साफ-सफाई की स्थिति भी देखी गई। शौचालय अत्यंत गंदा पाए जाने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई और तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालय में स्वच्छ व सुव्यवस्थित वातावरण होना आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान कुछ कर्मचारी शर्ट-जींस में ड्यूटी करते हुए पाए गए। इस पर डीएम ने बीएसए को निर्देशित किया कि कार्यालय परिसर में सभी कर्मचारी निर्धारित कार्यालयी यूनिफॉर्म में ही ड्यूटी पर उपस्थित हों।

## जिले की अंतिम पंक्ति में खड़े गांव में तिरपाल तानकर करना पड़ा बुजुर्ग का अंतिम संस्कार

- महोबा के बीहट गांव में मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे ग्रामीण

**समृद्धि न्यूज़, पनवाड़ी, महोबा।**

विकास का ढोल पीटने बालो के लिए एक और उदाहरण लोगों के सामने है जो विकास पर शोशल मीडिया पर पोस्ट कर थकते नही है उन्हें इस गाँव की हकीकत जरूर देखनी होगी साथ ही नेता व अधिकारियों को भी जिले के अंतिम पंक्ति में खड़े इस गांव का जरूर भ्रमण करें जिले के पनवाड़ी ब्लॉक के बीहट गांव में मूलभूत सुविधाओं के अभाव का मामला सामने आया है। रविवार को बारिश के बीच एक बुजुर्ग के शव का अंतिम संस्कार तिरपाल तानकर करना पड़ा। इसका वीडियो सामने आया है। गांव के 82 वर्षीय दृगभान यादव की छत से गिरने से मौत हो गई थी। अंतिम संस्कार के लिए परिजन और ग्रामीण शव लेकर निकले, तभी मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। गांव में श्मशान घाट या पक्की छत की व्यवस्था नहीं होने के कारण ग्रामीणों को जलती चिता के ऊपर प्लास्टिक की पन्नी और तिरपाल तानकर अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी करनी पड़ी। ग्रामीणों के मुताबिक, बीहट गांव में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। गांव में न तो पक्की सड़कें हैं, न बारात घर और न ही श्मशान घाट। आमतौर पर ग्रामीण अंतिम संस्कार के लिए करीब तीन किलोमीटर दूर धसान नदी के किनारे जाते हैं। बारिश के मौसम में जलभराव और जर्जर रास्तों के कारण वहां पहुंचना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में ग्रामीणों को खेतों या जंगलों में ही अंतिम संस्कार करना पड़ता है। गांव के नागरिक मानवेंद्र सिंह यादव और धान सिंह यादव ने बताया कि श्मशान घाट नहीं होने से बारिश और सर्दियों में ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है।



## बुंदेलखंड की ऐतिहासिक कावड़ यात्रा में हजारों की संख्या में उमड़ा जनसैलाब

**समृद्धि न्यूज़, गुरसरांय, झांसी।**

श्री राम दूत शिव सेना समिति द्वारा दसवीं भव्य कावड़ यात्रा ने पिछले वर्षों के सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए कावड़ियों ने भव्यता के साथ बुंदेलखंड की ऐतिहासिक कावड़ यात्रा निकाली। बेत्रवंती मैया पर शिवलिंग पर समिति के अध्यक्ष पंडित सुरेंद्र व्यास,गरौठा विधायक जवाहरलाल राजपूत, एसडीएम गरौठा सुनील कुमार, विधायक पुत्र राहुल राजपूत, गरौठा नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ.अरुण मिश्रा, एरच नगर पंचायत अध्यक्ष जयचंद्र राजपूत, धर्मेंद्र वाजपेई, नितुल व्यास, नितिन व्यास, सतीश चौरसिया, सतेंद्र त्रिपाठी, रामनारायण पस्तोर सहित उपस्थित हजारों कावड़ियों ने विधिवत पूजन-अर्चन किया। एरच से गुरसरांय कावड़ यात्रा दौरान लगभग हजारों कावड़ियों सुबह से ही वाहनों पर सवार होकर बम-बम भोले के जयकारों के साथ एरच के लिए प्रस्थान हुए।एरच मे विधिवत पूजन-अर्चन पश्चात कांवड़ियों ने अपनी-अपनी कांवर में जल भरकर गुरसरांय के लिए रवाना हुए,कांवड़ भक्ति गीतों पर नृत्य भी कर रहे थे।कांवड़ यात्रा को देखने के लिए जगह-जगह भारी तादाद में महिलाओं,पुरुषों व बच्चों की भीड़ लगी रही।जगह-जगह कांवड़ यात्रा पर पुष्पों की वर्षा की गई। इस बार भी युवा समाजसेवी नितिन व्यास के नेतृत्व में डाक कांवड़ की टोलियों ने डाक कांवड़ यात्रा भी निकाली।





### कचीर गांव की महिला ने 30 हजार रुपये हड़पने का लगाया आरोप



**गरौठा।** जनपद झांसी की तहसील गरौठा अंतर्गत ग्राम कचीर, थाना ककरवई क्षेत्र में कथित धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। गांव निवासी रुकसाना पत्नी अकील ने क्षेत्राधिकारी गरौठा को प्रार्थना पत्र देकर गांव के ही एक युवक पर 30 हजार रुपये वापस न करने का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार वर्ष 2015 में उन्होंने अपनी बेटी की शादी के लिए 30 हजार रुपये जमा किए थे। आरोप है कि यह रकम दबंग व्यक्ति के माध्यम से एफडी के रूप में जमा कराई गई थी। पीड़िता का कहना है कि निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद जब उन्होंने अपनी रकम वापस मांगी तो कथित तौर पर उन्हें रुपये देने से इनकार कर दिया गया। रुकसाना का आरोप है कि करीब 11 वर्षों से उनकी रकम फंसी हुई है और अब बेटी शादी योग्य हो चुकी है। ऐसे में परिवार के सामने आर्थिक परेशानी खड़ी हो गई है। पीड़िता के मुताबिक रुपये मांगने पर उन्हें कथित रूप से यह जवाब दिया गया कि जहां जाना हो, चली जाओ। पीड़िता ने पूरे मामले को धोखाधड़ी बताते हुए क्षेत्राधिकारी से निष्पक्ष जांच कराकर 30 हजार रुपये वापस दिलाने तथा दोषी के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की है। हालांकि मामले में लगाए गए आरोपों की आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। लेकिन सवाल क्या जब एजेंट कम्पनी के ऊपर केश कर सकते हैं लेकिन एजेंट के ऊपर ग्राहक क्यों नहीं कर सकता। अब देखना यह है कि पुलिस प्रशासन इस शिकायत पर क्या कार्रवाई करता है।

## शिकायतों के निस्तारण का फीडबैक असंतोषजनक मिलने पर डीएम नाराज


- विभागाध्यक्ष स्वयं शिकायतकर्ताओं से वार्ता कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें
- लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

**समृद्धि न्यूज़, झांसी।**

जिलाधिकारी गौरांग राठी ने आईजीआरएस, ऑनलाइन शिकायतों एवं हेल्पलाइन-1076 के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण और उनके फीडबैक की समीक्षा की। उन्होंने जूम ऐप के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में शिकायतों के निस्तारण का फीडबैक असंतोषजनक मिलने पर संबंधित अधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त की।जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री एवं उच्चाधिकारियों द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण एवं उसकी गुणवत्ता की लगातार समीक्षा की जा रही है। शासन की मंशा के अनुरूप जनसामान्य की शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि असंतोषजनक एवं बार-बार प्राप्त होने वाली शिकायतों की स्वयं समीक्षा करें। शिकायतकर्ता से टेलीफोन पर वार्ता करने के साथ ही आवश्यकता पड़ने पर स्थलीय सत्यापन कराते हुए समस्या का संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि शिकायत का फीडबैक भी संतोषजनक प्राप्त हो। आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा के दौरान समस्त नगर निकायों तथा जल निगम नगरीय एवं ग्रामीण द्वारा निस्तारित शिकायतों का फीडबैक असंतोषजनक पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिए। जल निगम नगरीय के अधिशासी अभियंता को लक्ष्य के सापेक्ष असंतोषजनक फीडबैक मिलने पर विशेष रूप से निर्देशित किया गया।जिलाधिकारी ने कहा कि प्राप्त शिकायतों का संबंधित अधिकारी समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करें। भविष्य में शिकायतों के फीडबैक में अपेक्षित सुधार न होने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने ईडीएम आकाश रंजन को निर्देश दिए कि सभी विभागीय अधिकारियों को पोर्टल पर शिकायतों के फीडबैक को देखने की प्रक्रिया की बिंदुवार जानकारी उपलब्ध कराई जाए, ताकि अधिकारी अपनी विभागीय शिकायतों के फीडबैक की नियमित समीक्षा कर सकें।



### व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता से करें समाधानः जिलाधिकारी



**उरई।** जिले में व्यापार व उद्योग को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने व समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जिला व्यापार बंधु, जिला उद्योग बंधु व श्रम विभाग की संयुक्त बैठक की। उन्होंने व्यापारियों एवं उद्यमियों द्वारा उठाई गई समस्याओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। राठ रोड पर धान मिल से हाईवे तक सड़क चौड़ीकरण के संबंध में बताया गया कि आगणन शासन को भेजा जा चुका है। डीएम ने स्वीकृति मिलते ही कार्य प्रारंभ कराने को कहा। जिला उद्योग बंधु की बैठक में निवेश मित्र पोर्टल के समयसीमा के बाद लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। कालपी औद्योगिक क्षेत्र के वैकल्पिक मार्ग के संबंध में भी आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। श्रम विभाग की बैठक में श्रमिकों का अधिक से अधिक पंजीकरण कराने के साथ पात्र श्रमिकों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने पर जोर दिया गया। डीएम ने कहा कि व्यापार व उद्योग जिले की आर्थिक प्रगति के प्रमुख आधार हैं। व्यापारियों व उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। इस दौरान सीडीओ केके सिंह, उपायुक्त सचिव जिला स्तरीय व्यापार बंधु अमित यादव, उपायुक्त उद्योग धर्मेंद्र भास्कर सहित संबंधित अधिकारी व व्यापार-उद्योग बंधु के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# अज्ञात कारणों के चलते युवती ने की आत्महत्या

▸ पुलिस जांच में जुटी



**समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।**

बाघराय थाना क्षेत्र के मंडल भासो गांव में सोमवार को एक दर्दनाक हादसे में 18 वर्षीय युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना की भनक लगते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी मुकुंद लाल की सबसे छोटी बेटी राखी देवी (18) बीते कुछ समय से किसी बात को लेकर मानसिक तनाव में थी। सोमवार को राखी ने घर के एक कमरे में जाकर अंदर से कुंडी बंद कर ली और दुपट्टे के सहारे छत के कुंडे से लटक गई। काफी देर तक कमरे का दरवाजा न खुलने और भीतर से कोई आवाज न आने पर परिजनों को आशंका हुई। जब दरवाजा तोड़कर परिजन अंदर दाखिल हुए, तो राखी को फंदे से लटकता देख उनके होश उड़ गए। घबराए परिजन आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाघराय ले गए, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। राखी अपने भाई ग्रीश कुमार और बहन बबली में सबसे छोटी थी।

घटना की सूचना मिलते ही बाघराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से छानबीन की जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असल वजह और स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## दो बच्चों की मां का घर में फंदे से लटका मिला संदिग्ध शव, इलाके में हड़कंप

**समृद्धि न्यूज़, सडवा चद्रिका-प्रतापगढ़।** अंतू थाना क्षेत्र के सराय उग्र नेवादा गाँव में सोमवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक 28 वर्षीय विधवा महिला का शव घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला। मृतका की पहचान फातिमा बानो (28) पत्नी स्वर्गीय साबिर के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची अंतू थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहन जाँच शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार, फातिमा का विवाह लगभग आठ वर्ष पूर्व साबिर के साथ हुआ था। करीब दो वर्ष पहले बीमारी के कारण उसके पति की मृत्यु हो गई थी।

# बाबा बेलखरनाथ धाम में सावन के आखिरी सोमवार पर उमड़ी आस्था

▸ रात 3 बजे से ही लगी भक्तों की कतार



**समृद्धि न्यूज़, रानीगंज-प्रतापगढ़।**

रानीगंज तहसील के अंतर्गत पौराणिक स्थल बाबा बेलखरनाथ धाम में पवित्र श्रावण मास के आखिरी सोमवार पर भक्तों की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। रात तीन बजे से ही भक्तों का आना शुरू हो गया।

भक्तों ने स ई नदी मे स्नान कर बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक, पूजन-अर्चन किया।

मेला प्रबंधक कोषाध्यक्ष ने बताया कि महिलाओं की लाइन अलग और पुरुषों की लाइन अलग-अलग लगवाई गई है, जो काफी लंबी लगी हुई है। शिवालय के अंदर भक्त जयकारे लगाते हुए जलाभिषेक कर रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था के लिए कन्ह ई थाना प्रभारी, उपनिरीक्षक दर्जनों सिपाही, महिला पुलिस, फायर ब्रिगेड के जवान, मेला कंट्रोल रूम, भक्तों को दिशा-निर्देश दे रहे हैं। यूथ ब्रिगेड द्वारा संचालित नौका बचाव दल, स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं, सफाई व्यवस्था, बिजली-पानी, निःशुल्क साइकिल स्टैंड रोड पर लगाए गए हैं।

## पुलिस मुठभेड़ में तीन शातिर बदमाश गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर।** अखण्डनगर थाना क्षेत्र में सोमवार को चेकिंग के दौरान पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया,जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। दो अन्य बदमाशों को भी गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से चोरी के लाखों रुपये कीमत के आभूषण, एक तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद होने का पुलिस ने दावा किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विपिन निषाद उर्फ हाईलैण्ड (24) निवासी दामोदरपुर, थाना कादीपुर, नागेंद्र उर्फ बबलू (25) निवासी मझगांव, थाना कादीपुर और नीरज (25) निवासी अलीपुर कांपा, थाना अखण्डनगर के रूप में हुई है।

## बाइक सवार के झोले से निकले चार देशी बम

**समृद्धि न्यूज़, रानीगंज-प्रतापगढ़।** रानीगंज पुलिस ने जामताली क्षेत्र में चेकिंग के दौरान चार अवैध देशी बम बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक जरगोई नाले के पास चेकिंग के दौरान एक बाइक सवार पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। घेराबंदी कर पकड़े गए युवक ने अपना नाम संजय कुमार पुत्र स्व. राम अजोर, निवासी जामताली, उम्र करीब 36 वर्ष बताया। तलाशी के दौरान बाइक के हैंडल में टंगे सफेद झोले से काली पन्नी और अखबारी कागज में लिपटे चार अवैध देशी बम मिले। आरोपी इनके संबंध में कोई वैध लाइसेंस या अनुमति नहीं दिखा सका।

पुलिस ने बमों को सावधानीपूर्वक निष्क्रिय कराया। मामले में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# जिंदा व्यक्ति को मृत दिखाकर जमीन की फर्जी विरासत कराने का आरोप

▸ प्रशासन ने दिए जांच के निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, रानीगंज-प्रतापगढ़।**

रानीगंज तहसील क्षेत्र में जमीन के फर्जीवाड़े का एक गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि एक जीवित व्यक्ति को कूटरचित दस्तावेजों के जरिए मृत दर्शाकर उसकी बेशकीमती जमीन की फर्जी विरासत करा दी गई और बाद में जमीन को दूसरे व्यक्ति के नाम बेच दिया गया। जानकारी के मुताबिक, गोसाई निवासी सियाराम पुत्र तीर्थराज ने कुछ वर्ष पूर्व लक्ष्मीपुर बाजार में सड़क किनारे जमीन खरीदी थी। आरोप है कि दो महिलाओं ने कथित तौर पर सियाराम को मृत दर्शाकर उसकी जमीन अपने नाम विरासत करा ली। इसके बाद उक्त जमीन को तीसरे व्यक्ति के नाम बेच दिया गया। मामले का खुलासा तब हुआ जब सियाराम जमीन की खतौनी निकलवाने के लिए तहसील पहुंचे। अभिलेखों में जमीन किसी दूसरे व्यक्ति के नाम दर्ज देखकर वह हैरान रह गए। इसके बाद उन्होंने उपजिलाधिकारी रानीगंज से शिकायत कर मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। तहसीलदार अंकित सिंह के अनुसार, संबंधित लेखपाल की जांच रिपोर्ट के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। अब जांच के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि जीवित व्यक्ति को मृत दर्शाकर जमीन की विरासत किस तरह कराई गई।

# कलश वंदन यात्रा का किया स्वागत

**समृद्धि न्यूज़, रानीगंज-प्रतापगढ़।**



संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज की 650 वीं जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत संत रविदास कलश वंदन यात्रा रानीगंज विधानसभा, मंडल देल्हूपुर में प्रवेश करने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लव सिंह गहलौत एडवोकेट ने अपने पदाधिकारियों के साथ भव्य स्वागत किया। ग्राम सभा शाहपुर में मंडल उपाध्यक्ष दिनेश सरोज, कसेरुआ में आशीष कुमार गौतम बीडीसी, पवारपुर में शक्ति केंद्र संयोजक अंकित सरोज, गुलरा में मंडल उपाध्यक्ष शिवसागर शुक्ल, सुजानपुर में महेंद्र कुमार सरोज, छितपालगढ़ में मंडल महामंत्री सत्यम शुक्ला, के संयोजन में उत्साह पूर्वक कलश यात्रा का स्वागत करते हुए बड़ी संख्या में नारी शक्ति, वरिष्ठ जन, युवा और बच्चों ने भी कलश पूजन और श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष लव सिंह गहलौत एडवोकेट ने कहा कि संत रविदास जी महाराज का जीवन हमें समानता, सामाजिक समरसता, ईश्वर में विश्वास त्याग और तपस्या को सिखाता है। कलश वंदन यात्रा के संयोजक एवं पुजारी भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार सरोज ने संत रविदास जी के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला सामाजिक समरसता को भी बताया। कलश वंदन यात्रा में जयनाथ सिंह, शिवप्रसाद पटेल, शिवबरन गौतम कोटेदार, विदेश्वरी यादव, लल्लू, लालचंद्र सरोज, तेजबहादुर सिंह, विनोद गौतम, अमरपाल संतोष सरोज आदि लोग बड़ी संख्या में रहे।

## बाबा जनवारी नाथ धाम के पर्यटन विकास की मांग, पर्यटन मंत्री को भेजा पत्र

**समृद्धि न्यूज़, लम्भुआ (सुलतानपुर)।**

विकासखंड लम्भुआ की ग्राम पंचायत सैतापुर सराय स्थित बाबा जनवारी नाथ धाम के पर्यटन विकास की मांग तेज हो गई है।

गोरखपुर-फैजाबाद स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के सदस्य विधान परिषद देवेंद्र प्रताप सिंह ने प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री को पत्र भेजकर धाम में पर्यटक सुविधाओं के विकास की मांग की है। पत्र में एमएलसी ने बाबा जनवारी नाथ धाम को पौराणिक एवं धार्मिक आस्था का केंद्र बताते हुए कहा कि सावन माह में प्रत्येक सोमवार और शनिवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। श्रद्धालु मंदिर में स्थापित स्वयंभू शिवलिंग का जलाभिषेक और पूजन-अर्चन करते हैं। परिसर में मां विंध्यवासिनी, काली माता और भगवान हनुमान के मंदिर भी स्थित हैं।उन्होंने बताया कि धाम में शादी-विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्यक्रम भी आयोजित होते हैं। पर्यटन सुविधाओं के विकास से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी और क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

एमएलसी ने धाम में यात्री हाल, शौचालय, बाउंड्रीवाल, प्रकाश व्यवस्था, सौंदर्यीकरण सहित अन्य आवश्यक पर्यटन सुविधाएं विकसित कराने की मांग की है।

बाबा जनवारी नाथ धाम सेवा संस्थान के अध्यक्ष रणवीर सिंह और शिवभक्तों ने इस पहल की सराहना की।

## खबरें एक नजर में

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी कमेटी गठित

**कुंडा-प्रतापगढ़।** सिद्ध पीठ मां ज्वालामुखी देवी धाम मानिकपुर में आयोजित होने वाले श्री कृष्ण जन्म महोत्सव व योग माया प्राकट्योत्सव आयोजन समिति का गठन मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉक्टर विजय यादव की अध्यक्षता में किया गया। कमेटी का गठन सर्व सम्मति से किया गया है- संरक्षक मंडल में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल डिंपू भैया, त्रिभुवन नाथ यादव, फूलचंद यादव, दुर्गा प्रसाद यादव, सुंदर लाल यादव व पेरियार रवि सोनकर चुने गए हैं।

### दहेज हत्या के मामले में आरोपी पति गिरफ्तार

**सडवा चंद्रिका-प्रतापगढ़।** थाना अंतू पुलिस ने मवैयाकला निवासी आरोपी पति पंकज पाण्डेय को अंतू रेलवे क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि 26 नवंबर 2020 को शादी के बाद से ही 5 लाख रुपये और कार की मांग को लेकर पत्नी दीक्षा देवी को प्रताड़ित किया जा रहा था। मांग पूरी न होने पर 9 अगस्त 2026 को उसकी हत्या कर साक्ष्य मिटाने का प्रयास किया गया। मृतका के भाई (निवासी त्रिसुंडी, अमेठी) की तहरीर पर पुलिस ने पति, सास, दो देवर और दो अज्ञात सहित छह लोगों के खिलाफ बीएनएस और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### जनवारीनाथ धाम के लिए निकली कांवड़ यात्रा

**सुलतानपुर।** सावन मास के अवसर पर बभनगवां घाट स्थित प्राचीन शिव मंदिर से जनवारीनाथ धाम तक कांवड़ यात्रा निकाली गई। यात्रा से पहले श्रद्धालुओं ने मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना और जलाभिषेक किया। इसके बाद सैकड़ों शिवभक्त कांवड़ लेकर पैदल जनवारीनाथ धाम के लिए रवाना हुए। यात्रा के दौरान हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से क्षेत्र गूंजता रहा। मार्ग में ग्रामीणों ने कांवड़ियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और जगह-जगह जलपान की व्यवस्था की। कांवड़ यात्रा समिति के अनुसार यह यात्रा क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना को लेकर प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। आयोजकों ने बताया कि यात्रा के माध्यम से युवाओं को धर्म और संस्कृति से जोड़ने का प्रयास किया जाता है।जनवारीनाथ धाम पहुंचने के बाद कांवड़ियों द्वारा भगवान शिव का पवित्र जल से जलाभिषेक किया जाएगा। यात्रा में सूरज सिंह, उमेश पांडेय, संतोष पाल, महेंद्र वर्मा, रामचंद्र वर्मा, सूरज शुक्ल, पप्पू शुक्ल और शैलेंद्र तिवारी सहित बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल रहे।

### वीर शहीदों के परिजनों को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

**रायबरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राना बेनी माधव बक्श के नाम से 21 करोड़ की लागत बने वातानुकूलित सभागार का लोकार्पण किया। शहीदों के प्रति उनके आदर भाव को देखते हुए कार्यक्रम के दौरान सभागार में आगे की कुर्सी किसी अन्य विशिष्ट के लिए नहीं रखी गई। आगे कुर्सी पर सिर्फशहीद के परिजनों को ही तरजीह दी गई। इसमे राना बेनी माधव बख्श सिंह समिति ने अहम भूमिका निभाई। योगी ने शहीद नायक विनोद कुमार लालगंज, कारगिल सहित राजेंद्र यादव डलमऊ, कारगिल शहीद नायक सुरेंद्र यादव ऊंचाहार एवं शहीद हवलदार रणधीर सिंह सदर विधानसभा क्षेत्र के परिजनों के अलावा दो दर्जन से अधिक शहीदों के परिजनो को अंग वस्त्र तथा प्रशस्ति पत्र भेटकर उनका सम्मान किया।

### सीएम ने बच्चियो से बंधवाई राखी

**रायबरेली।** योगी आदित्य नाथ का कन्याओ के प्रति प्रेम जग जाहिर है। जब वे गोरखपुर स्थित अपने म म ठ में नवरात्र में पूजा अर्चना करते है। तो कन्याओ के चरणों को धाने के बाद अपने हाथो से लाजीज व्यंजन परोसते है। और उन्हें उपहार भी भेट करते है। कन्याओ के प्रति उनका लगाव उनकी जन सभा मे भी देखने को मिला। उन्हीने ने स्वंयम सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित राखियो का स्टॉल का अवलोकन किया। इस दरम्यान महिलाओ के साथ आई उनकी बेटियो से राखी बधवाई और उन्हे उपहार भी भेट किया। योगी के इस आचरण की भोरी-भोरी प्रशंसा की। योगी महिलाओ, युवतियो और कन्याओ का विशेष ध्यान रखते है। जनता दर्शन इनको विशेष तरजीय देते है।

# निविदा संविदा कर्मी की बिजली से झुलस कर मौत

असरोगा पावर हाउस क्षेत्र में बंधुआ कला कस्बे की घटना

**समृद्धि न्यूज़, कुड़वार सुल्तानपुर।** रविवार को विद्युत फाल्ट ठीक करने गया निविदा संविदा कर्मी फाल्ट ठीक करते समय अचानक सप्लाई चालू होने के बाद करंट की चपेट में आ गया।जिसकी उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्यवाही कर शव पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया था। बता दे कि बंधुआ कला थाना क्षेत्र के मनियारपुर गांव निवासी जफर अब्बास पुत्र इब्ने अली असरोगा पावर हाउस पर लाइन मैन का कार्य करता था।रविवार देर शाम 11 हजार की लाइन फाल्ट की शिकायत पर फाल्ट सही करने बंधुआ कला कस्बा गया था।तभी जम्फर जोड़ते समय अचानक बिजली घर से सप्लाई चालू हो गई।बिजली चालू होने के बाद



लाइन मैन जफर बुरी तरह झुलस गया।साथ ही परिवार का आरोप है कि उसका साथी मौके से फरार हो गया।काफी देर परिजनो के खोजबीन के बाद मृतक लाइन मैन का शव मिला।घटना की सूचना परिजनो ने पुलिस को दी।सूचना पर पहुंची बंधुआ कला पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। मृतका की पत्नी आइशा बानो सहित बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक के कुल तीन बेटे व तीन बेटियां है।

## नशा मुक्ति को लेकर केएनआई में नुक्कड़ नाटक

**समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।** कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान की रोवर्स-रेंजर्स इकाई की ओर से सोमवार को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्ति विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का शुभारंभ रोवर्स-रेंजर्स संयोजिका प्रो. सुनीता राय ने किया। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देना समाज की जिम्मेदारी है। नशे का असर व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ परिवार और समाज पर भी पड़ता है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने का आह्वान किया।डॉ. शहबुन निशा ने नशे से होने वाले मानसिक एवं शारीरिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी।



उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति का संदेश महाविद्यालय की चारदीवारी तक सीमित न रहकर गांव-गांव तक पहुंचना चाहिए। डॉ. निकहत रफीक ने भी विद्यार्थियों को नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य प्रो. सुनील प्रताप सिंह ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर डॉ. शक्ति सिंह, डॉ. सुधांशु प्रताप सिंह, डॉ. आरपी मिश्र, डॉ. अतुल मिश्रा, डॉ. नीतू सिंह, डॉ. कृतिका सिंह सहित अन्य मौजूद रहे। प्रतिष्ठा, स्तुति, अर्पित, जाकिर, अनमोल, आयुषी, श्रद्धा और प्रज्ञा समेत छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

## अनियंत्रित ट्रक ने महिला को रौंदा, मौत

**समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर।** जिले के धम्मौर कस्बे में फूल तोड़ने गई महिला को अनियंत्रित ट्रक ने रौंद दिया।जिससे महिला की घटनास्थल पर मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्यवाही की। बांदा टांडा हाईवे पर धम्मौर थाना क्षेत्र के धम्मौर कस्बे में महेश नाथ मंदिर में चढ़ाने के लिए फूल तोड़ने गई उर्मिला यादव(50)पुत्री स्व बद्री प्रसाद यादव को अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी।दुर्घटना में महिला की घटनास्थल पर मौत हो गई।सूचना पर पहुंची धम्मौर पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। मृतका की करीब तीन दशक पहले शादी हुई थी।लेकिन शादी का संबंध ज्यादा दिन तक नहीं चल सका और लगातार भाइयों अनिल, धर्मेंद्र व अजय के साथ मायके में रहती थी।

# महिला सिपाही ने पति समेत सात लोगों पर लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।**

प्रयागराज में तैनात एक महिला सिपाही ने अपने पति समेत ससुराल पक्ष के सात लोगों पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला सिपाही की तहरीर पर शंकरगढ़ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मामला मांडा थाना क्षेत्र से जुड़ा होने के कारण इसकी विवेचना मांडा पुलिस को सौंपी गई है।

झांसी जिले में तैनात महिला सिपाही हर्षिता सिंह ने पुलिस को बताया कि उनका विवाह 14 मई 2022 को मांडा क्षेत्र के ऊंचडीह गांव निवासी देवेंद्र प्रताप सिंह से हुआ था। उनके पति देवेंद्र झांसी जीआरपी में सिपाही के पद पर कार्यरत हैं।

हर्षिता के मुताबिक, शादी के समय मायके पक्ष की ओर से करीब 32 लाख रुपये के सामान और आभूषण दिए गए थे।

इसके बावजूद ससुराल पक्ष की ओर से लगातार दहेज की मांग की जाती रही और उन्हें मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित किए जाने का आरोप है।

तहरीर में हर्षिता ने अपने ससुर मनकामना सिंह, सास सीता सिंह, जेठ शिवेंद्र कुमार सिंह, जेठानी श्वेता सिंह और दो ननद समेत सात लोगों को आरोपी बनाया है।

## एक साथ उठीं पति-पत्नी की अर्थियां, चीख उठा गांव

**समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।** लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग पर जौनपुर के कलिंजरा मोड़ के पास रविवार सुबह हुए सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत से महमूदपुर गांव में मातम पसरा है। सोमवार को जब दोनों की अर्थियां एक साथ उठीं तो परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। अंतिम यात्रा में शामिल लोगों की आंखें नम हो गईं। गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के महमूदपुर गांव निवासी रमेश गौतम (40) अपनी पत्नी रीता देवी (37) के साथ जौनपुर के बदलापुर क्षेत्र के शाहपुर गांव में रिश्तेदार के यहां शोक संवेदना व्यक्त करने जा रहे थे। कलिंजरा मोड़ के पास पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने उनकी बुलेट में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रीता देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल रमेश को जिला अस्पताल ले जाया गया।

# राष्ट्रगान के अपमान का आरोप: कांग्रेसियों ने कोतवाली में दी तहरीर

**समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।**

राष्ट्रगान की गरिमा से जुड़े कथित मामले को लेकर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी सोमवार को कोतवाली पहुंचे। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा और शहर अध्यक्ष शकील अंसारी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच और तथ्य सही पाए जाने पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की।



शिकायती पत्र के अनुसार 22 अगस्त की शाम उनवा के पूरन नगर स्थित एमबीएस इंटर कॉलेज परिसर में 46वें प्रांतीय अधिवेशन एवं शैक्षिक संगोष्ठी के दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को पुलिस की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि इसके बाद राष्ट्रगान बजाया गया, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष मंच से नीचे उतरकर कार्यक्रम स्थल से बाहर चले गए और अपनी गाड़ी में जाकर बैठ गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर प्रसारित होने का भी दावा किया गया है।कांग्रेस नेताओं ने वायरल वीडियो, सीसीटीवी और अन्य उपलब्ध फुटेज की जांच तथा आयोजकों, प्रत्यक्षदर्शियों और संबंधित अधिकारियों के बयान दर्ज कराने की मांग की। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि राष्ट्रगान देश के सम्मान का प्रतीक है और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि तहरीर का उद्देश्य सच्चाई सामने लाना है। पुलिस ने जांच के बाद तथ्य सही पाए जाने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## महानगर कांग्रेस ने कोतवाली में दी तहरीर

**समृद्धि न्यूज़, कानपुर।** उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से संबंधित वायरल वीडियो में राष्ट्रगान के दौरान कार्यक्रम स्थल से जाने के कथित घटनाक्रम को लेकर आज कानपुर महानगर कांग्रेस ने जिलाध्यक्ष पवन गुप्ता के नेतृत्व में कोतवाली थाने में तहरीर दी।हाथों ने राष्ट्रीय ध्वज लेकर राष्ट्रीय गान गाकर तहरीर दी।थानाध्यक्ष से तीखी झड़प हुई पर कांग्रेस अध्यक्ष के तहरीर न लेने पर धरना देने की बात कहने पर उनकी तहरीर ली गई।कांग्रेसजनों ने जमकर नारेबाजी करी। राष्ट्र गान का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान की जोरदार नारेबाजी की! जिलाध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रगान किसी दल की संपत्ति नहीं, बल्कि पूरे देश के सम्मान और गौरव का प्रतीक है।

# भ्रष्टाचार के मामले में कानपुर आरटीओ में प्रशासन का छापा

**समृद्धि न्यूज़, कानपुर।**

आरटीओ कार्यालय में दलाली और भ्रष्टाचार की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद सोमवार को पुलिस, प्रशासन और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने बड़ी छापेमारी कार्रवाई की।

एसडीएम सदर अभिनव सिंह और एसओजी प्रभारी सुमित रामटेक के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में करीब 50 से 60 पुलिसकर्मियों ने आरटीओ परिसर को चारों ओर से घेर लिया। कार्रवाई से पहले ड्रोन कैमरे की मदद से पूरे परिसर की



निगरानी की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरटीओ कार्यालय के दोनों मुख्य गेट बंद कर लोगों की आवाजाही रोक दी।

अचानक हुई कार्रवाई से परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जांच के दौरान कई संदिग्ध लोगों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

अधिकारियों द्वारा दलाली और भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों की गहन जांच की जा रही है।

# मुख्यमंत्री ने रायबरेली को 879 करोड़ की दी सौगात

▸ 346 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

**समृद्धि न्यूज़, रायबरेली।**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को अपने एकदिवसीय दौरे पर रायबरेली पहुंचे और 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक अवध केसरी राना बेनी माधव बक्श सिंह की स्मृति में लगभग 25 करोड़ की लागत से विकसित किए गए भव्य स्मारक परिसर, सभागार और पुस्तकालय का उन्होंने अमर शहीद राना बेनी माधव बक्श सिंह की 222 वीं जयंती पर आयोजित भाव समर्पण कार्यक्रम में लोकार्पण किया। उसके बाद जिले को 879 करोड़ रुपये से अधिक की 346 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने 624 करोड़ रुपये की 185 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 277 करोड़ रुपये की 162 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं का लाभ रायबरेली शहर के साथ बछरावां और हरचंदपुर विधानसभा क्षेत्रों को मिलेगा।मुख्यमंत्री ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को 19 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि हस्तांतरित करने के साथ आयुष्मान कार्ड, लैपटॉप, स्वीकृति पत्र और आवास की चाबियां भी वितरित कीं। सपेरा समुदाय समेत अन्य आवासविहीन परिवारों के 60 से अधिक लाभार्थियों को आवास उपलब्ध कराने की पहल भी कार्यक्रम का हिस्सा रही। उसके बाद उन्होंने एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। जनसभा को कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय, जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सचान, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह, सदर विधायक अदिति सिंह व सलोन के विधायक अशोक कुमार कोरी ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह, पूर्व विधायक रामलाल अकेला, राजाराम त्यागी, राकेश सिंह, धीरेंद्र सिंह व जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, वीरेंद्र बहादुर सिंह, शिवराम सिंह, मंडल अध्यक्ष राजकुमार द्विवेदी, बछरावां नगर पंचायत अध्यक्ष राम जी, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रवेश वर्मा, सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सावन के अंतिम सोमवार पर पालिका ने संभाली व्यवस्थाओं की कमान

- जलभराव की निकासी से लेकर पेयजल व लाल कारपेट तक के इंतज़ाम
- अधिकारियों ने लिया जायजा

**समृद्धि न्यूज, कन्नौज।**



सावन के अंतिम सोमवार को श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर नगर पालिका परिषद ने व्यापक व्यवस्थाएं कीं। बारिश के चलते शहर में कई स्थानों पर हुए जलभराव की तत्काल निकासी कराई गई। बाबा गौरीशंकर मंदिर के मुख्य द्वार पर श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए लाल कारपेट बिछाया गया। मंदिर मार्ग और आसपास के क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह पानी के टैंकर लगाकर पेयजल की व्यवस्था की गई। आवारा पशुओं को श्रद्धालुओं के मार्ग से दूर रखने के लिए पालिका की टीमें तैनात रहीं। सफाईकर्मियों और अन्य कर्मचारियों को लगातार सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए। सोमवार तड़के अध्यक्ष प्रतिनिधि हाजी मोहम्मद रईस और अधिशासी अधिकारी श्यामेंद्र मोहन ने नगर के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने जलभराव, सफाई, पेयजल और मंदिर मार्ग की व्यवस्थाएं परखीं। अध्यक्ष प्रतिनिधि ने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए पालिका की टीमें पूरे दिन सक्रिय रहेंगी।

## एफएलएन तीसरे बैच के प्रशिक्षण का हुआ समापन

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।** फर्रुखाबाद रोड स्थित ग्लोबल एजुकेशन में चल रहे एफएलएन प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीसरे बैच का आज समापन हो गया। खंड शिक्षा अधिकारी आनंद द्विवेदी ने बताया कि वर्तमान में शासन द्वारा विद्यालयों के निरीक्षण का कार्यक्रम चल रहा है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि अपने विद्यालय में समस्त व्यवस्थाएं ठीक रखें। प्रशिक्षण के दौरान ऑनलाइन क्विज का आयोजन किया गया, जिसमें प्राची प्रथम, सवा द्वितीय तथा प्रीति तृतीय स्थान पर रहीं। प्रशिक्षण में समस्त अध्यापक उपस्थित रहे। अंतिम दिन एआरपी योगेश यादव, राजेश गौतम, अर्चना चतुर्वेदी, हेमंत कुमार, अमन दुबे, अच्युत त्रिपाठी, गौरव यादव, प्रशांत राजपूत सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# खुरपका-मुंहपका से बचाव के लिए पशुओं में टीकाकरण कराएं : प्रिया शाक्य

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ (कन्नौज)।**



ग्राम पंचायत छिबरामऊ देहात के नगला लक्षीराम में आयोजित बहुउद्देश्यीय पशु चिकित्सा शिविर का शुभारंभ करते हुए जिला पंचायत प्रशासक/अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने कहा कि दुधारू पशुओं में खुरपका और मुंहपका की बीमारी काफी खतरनाक है। प्रदेश सरकार के पशुपालन विभाग ने इसके टीकाकरण का व्यापक अभियान प्रारंभ किया है। इसका फायदा सभी पशुपालकों को उठाना चाहिए। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. नेम कुमार ने पशुपालकों को खुरपका-मुंहपका बीमारी, लक्षण, बचाव एवं टीकाकरण के बारे में विस्तृत जानकारी दी और सभी को टीकाकरण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि यह एक वायरल बीमारी है। गांव में एक पशु में शुरू होते ही पूरा गांव प्रभावित हो सकता है। मुख्य लक्षणों में तेज बुखार, मुंह और पैरों में छाले तथा मुंह से लार टपकना शामिल हैं। मृत्यु दर कम होती है, लेकिन पशु कमजोर हो जाते हैं और दुग्ध उत्पादन में भारी गिरावट आ जाती है। लक्षण दिखते ही बीमार पशु को अलग कर लें। टीकाकरण ही इसका सही और प्रभावी उपाय है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार कावड़िया की मौत, साथी गंभीर



**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**

नगर के पूर्वी बाईपास स्थित फूटी मस्जिद के पास रविवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार कावड़िया की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सौरिख थाना क्षेत्र के ग्राम शरीफपुर, पोस्ट मुर्रा निवासी 26 वर्षीय प्रांशु कठेरिया पुत्र भोले कठेरिया रविवार शाम करीब छह बजे अपने 18 वर्षीय साथी सुमित पुत्र रामवीर सिंह कठेरिया के साथ बाइक से सिंगीरामपुर डाक कांवड़ भरने जा रहा था। फूटी मस्जिद के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को 100 शैया अस्पताल पहुंचाया। यहां परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने प्रांशु को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि प्रांशु की शादी वर्ष 2023 में ग्राम रामपुर लाख बहोसी निवासी जया कठेरिया से हुई थी। उसका दो माह का बेटा लव है। प्रांशु मजदूरी करता था।

## ठठिया थाने में भीड़ का हंगामा

**समृद्धि न्यूज, ठठिया/कन्नौज।** ठठिया कस्बे में रविवार देर रात कांवरियों के विवाद को लेकर हिंदू संगठन के दो पदाधिकारियों से कथित मारपीट के आरोप पर भीड़ ने थाने पहुंचकर जमकर हंगामा किया। लोगों ने नारेबाजी करते हुए आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। करीब दो घंटे बाद सीओ के जांच और कार्रवाई के आश्वासन पर भीड़ शांत हुई। बताया गया कि रात करीब 11 बजे ठठिया थाने से करीब 200 मीटर दूर दो कांवरियों में विवाद हो गया। सूचना पर महाकाल सेवा समिति के अध्यक्ष गगन अग्निहोत्री और उनके साथी राज राठौर विवाद शांत कराने पहुंचे। आरोप है कि पुलिसकर्मी दोनों को थाने ले आए और नशे की हालत में उनके साथ मारपीट की। दोनों के चोटें भी आई हैं।

# सावन के अंतिम सोमवार को शिवालयों में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**



सावन माह के अंतिम सोमवार को शिवालयों में भक्तों का सैलाब पड़ा। भक्तों ने नगर के शिव मंदिरों पर जाकर शिवलिंग पर दूध, दही व गंगाजल से अभिषेक किया।

सावन का महीना भगवान शिव का अति प्रिय मास है। इस महीने में भगवान शिव अपने भक्तों पर विशेष कृपा बनाये रखते हैं।

वहीं भक्त भी भगवान शिव के पावन शिवलिंग पर अभिषेक करके भगवान शिव को रिझाते हैं शक्तिपीठ गमा देवी मंदिर में जलाभिषेक के बाद श्री रामचरितमानस का अखंड पाठ प्रारंभ हो गया।

'जगदात्मा महेशु पुरारी, जगत जनक सबके हितकारी' संपुट के साथ अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना गौ रक्षा प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक गौ सेवक रंजीत पांडे सहित कई श्रद्धालुओं ने अखंड पाठ किया। मंगलवार 25 अगस्त को प्रातः महायज्ञ के साथ पाठ का विराम होगा। उसके बाद भगवान शंकर जी का प्रसाद वितरण किया।

शक्तिपीठ के पुजारी पंडित बनारसीदास शास्त्री ने बताया कि सावन के महीने में रखे गए सोमवार के व्रत वर्ष भर के व्रतों का फल प्रदान करता है। सावन का महीना भगवान शिव का महीना माना गया है। इस महीने में भगवान शिव की अपने भक्तों पर विशेष कृपा बनी रहती है।

# नगर में निकली विशाल कांवड़ यात्रा

**समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज।**



सावन के अंतिम सोमवार के अवसर पर नगर में रविवार शाम को विशाल कांवड़ यात्रा निकाली गई। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से नगर का वातावरण शिवमय हो गया। कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए पवित्र जल लेकर यात्रा की। कांवड़ यात्रा का शुभारंभ कमला शरण ग्राउंड से हुआ उसके बाद श्रद्धालु कांवड़ लेकर शिवालय रामगंज की ओर रवाना हुए और वहां से यात्रा गोला गोकर्णनाथ के लिए प्रस्थान कर गई। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने कांवड़ियों का फूल मलाओ से स्वागत किया तथा उनके लिए जलपान और प्रसाद की व्यवस्था की गई। यात्रा के दौरान क्षेत्रीय विधायिका अर्चना पाण्डेय ने कांवड़ियों का पटुका पहनाकर स्वागत किया और सभी श्रद्धालुओं को सावन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भगवान शिव से क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। नगर के नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, सर्विस रोड तथा गणेश्वर नाथ मंदिर, पावर हाउस से भी बड़ी संख्या में भक्त कांवड़ लेकर यात्रा में शामिल हुए। मंदिरों में पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालु हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े।

कांवड़ यात्रा के दौरान युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। डीजे और भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालु भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आए।

## खबरें एक नजर में

### महिला के कान से झुमकी खींचकर भागा चोर

**छिबरामऊ, कन्नौज।** विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के रुद्रपुर जमामर्दपुर गांव में रविवार रात करीब दो बजे एक अज्ञात चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हो गया। घर में सो रही रागिनी पुत्री अमर सिंह के कान से चोर ने सोने की झुमकी खींच कर फरार हो गया। अचानक हुई इस घटना से पीड़ित महिला रागिनी जाग गईं और उनके कान में चोट लग गई। रागिनी ने शोर मचाते हुए चोर का पीछा किया। शोर सुनकर आसपास के लोग भी जाग गए। लोगों को आता देख चोर छत पर पहुंचा और वहां से कूदकर फरार हो गया। घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। शंकरपुर चौकी प्रभारी ने बताया कि दोपहर एक बजे तक घटना के संबंध में पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली थी। तहरीर मिलने के बाद मामले की जांच कर तथ्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



पीएमश्री विद्यालय के हंगामे में साजिश के आरोप, जांच में जुटी पुलिस

### बच्चों को बिस्किट बांटकर प्रदर्शन के लिए उकसाने का आरोप

**कन्नौज।** गुगरापुर स्थित पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय में बच्चों के हंगामे के मामले में अब साजिश के आरोप सामने आए हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा कि विद्यालय जिले के अच्छे स्कूलों में है और वहां पढ़ाई का माहौल बेहतर है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ स्टाफ शिक्षकों ने बेसिक शिक्षा विभाग और सरकार को बदनाम करने के लिए बच्चों को बिस्किट बांटकर प्रदर्शन के लिए उकसाया। मामले की जांच चल रही है, जल्द स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। गुरुवार को विद्यालय में बच्चों और अभिभावकों ने प्रभारी प्रधानाध्यापक राकेंद्र कुमार सक्सेना की गाड़ी का घेराव कर नारेबाजी की थी। बच्चों ने प्रधानाध्यापक पर भेदभाव, पढ़ाई न कराने और अन्य गंभीर आरोप लगाए थे। प्रधानाध्यापक ने आरोपों को खारिज करते हुए कुछ शिक्षकों पर साजिश रचने का आरोप लगाया था। मामले में बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप सिंह ने जांच की। पुलिस ने खंड शिक्षा अधिकारी की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मंत्री असीम अरुण ने कहा कि अव्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाना सही है, लेकिन बच्चों को किसी साजिश का हिस्सा बनने से सावधान रहना चाहिए। उन्होंने मामले में जांच के बाद कठोर कार्रवाई की बात कही।

### तकनीकी शिक्षा से विद्यार्थियों को रोजगारपरक ज्ञान दें : वैशाली

**तिर्वा/कन्नौज।** तिर्वा एसडीएम वैशाली ने सोमवार को मान्यवर काशीराम पॉलिटेक्निक कॉलेज का आकस्मिक निरीक्षण किया।



उन्होंने कॉलेज की शैक्षणिक व प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा के माध्यम से कौशल आधारित और रोजगारपरक ज्ञान उपलब्ध कराने पर जोर दिया। एसडीएम ने कक्षों, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, कार्यशालाओं, छात्र-छात्राओं की सुविधाओं और परिसर की स्वच्छता का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों की उपस्थिति और पठन-पाठन की गुणवत्ता की भी जानकारी ली। कॉलेज के शिक्षकों व कर्मचारियों से उपलब्ध संसाधनों के उपयोग के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षण संस्थान विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव तैयार करते हैं। विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और शैक्षणिक वातावरण के साथ जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराना जरूरी है। उन्होंने छात्रों को अनुशासन, नियमित अध्ययन और तकनीकी दक्षता के साथ लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। एसडीएम ने परिसर में स्वच्छता, सुरक्षा और मूलभूत व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा।

# 13 सितंबर को होगा 12वां प्रतिभा सम्मान समारोह

**समृद्धि न्यूज, कन्नौज।**




भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गनाइजेशन की जिला इकाई कन्नौज की ओर से प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं एवं समाज की उत्कृष्ट प्रतिभाओं के सम्मान के लिए 12वें प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार समारोह का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने के साथ ही समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है, ताकि युवा शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित हों। कार्यक्रम में प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मान एवं प्रशस्ति पत्र देकर उनका मनोबल बढ़ाया जाएगा। 13 सितंबर 2026, रविवार को सुबह 11 बजे आयोजित होगी। समारोह का आयोजन राधा वाटिका मैरिज लॉन, गंगा रोड, जसौदा में किया जाएगा।

# सदगुरु के चरणों में हो सकती है सत्य की खोज

- संत निरंकारी भवन में सत्संग

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**





पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी भवन में आयोजित सत्संग ने साध संगत को आध्यात्मिक जागृति का संदेश दिया। परम पूज्य महात्मा एवं स्थानीय शाखा के मुखी राजकुमार गुप्ता ने साध संगत को संबोधित करते हुए कहा कि सत्य की सच्ची पहचान सदगुरु के दर पर ही संभव है।

उन्होंने कहा यह तब तक नहीं हो पाती, जब तक आत्मा का नाता परमात्मा से न जुड़े और बैराग-नफरत की दीवारें खड़ी रहें। संत महापुरुष हर युग में मानवता को इस परम सत्य से जोड़ते आए हैं। मुखी जी ने अपने अनमोल वचनों में चेतावनी दी, ऐ इंसान, यदि तू गफलत की नींद में सोता रहा, तो खाली हाथ लौटना पड़ेगा। अभी समय है मूल सुधार का, क्योंकि तेरा बहुत काम बाकी है। सत्य की प्राप्ति करनी है। संत महात्माओं से नाता जोड़कर इस परम तत्व का बोध हासिल कर लो। उन्होंने जोर दिया कि इंसानी जन्म केवल शारीरिक सुखों के लिए नहीं, बल्कि प्रभु भक्ति के लिए मिला है। बड़े भाग मानुष तन पावा, सुर दुर्लभ सत् गुरु ग्रंथ ही गावा' इस भजन के भाव से प्रेरित होकर, आत्मा के आवागमन के बंधनों को मिटाना आवश्यक है। आज का सद्गुरु पुकार रहा है, 'हे इंसान, इस नींद से जागो! महात्मा राम प्रताप के संचालन में चले इस सत्संग में अन्य महात्माओं ने भी अपने विचार साझा किए और हृदयस्पर्शी भजनों की प्रस्तुति से साध संगत को निहाल कर दिया।

# झाड़ू कारोबार ने बदली तस्वीर, कई लोगों को मिला रोजगार



**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**

- 50 ब्रांड में 'चांद मीनार' ने बनाई खास पहचान

असम और गुवाहाटी से कच्चा माल मंगाकर छिबरामऊ में झाड़ू तैयार कर विभिन्न जिलों के बाजारों में सप्लाई की जा रही है। अमित कुमार ने झाड़ू निर्माण के कारोबार को आगे बढ़ाते हुए कई लोगों को रोजगार से जोड़ा है। अमित कुमार ने बताया कि उनके यहां करीब 50 तरह के अलग-अलग ब्रांड की झाड़ू तैयार की जाती हैं। इनमें 'चांद मीनार' ब्रांड की झाड़ू की मांग सबसे अधिक है। असम और गुवाहाटी से कच्चा माल मंगाने के बाद उसे छिबरामऊ में तैयार किया जाता है और पैकिंग के बाद बाजार में भेजा जाता है। उन्होंने बताया कि तैयार झाड़ू की सप्लाई दिल्ली, अलीगढ़, एटा, हाथरस, कासगंज, फर्रुखाबाद, कन्नौज, इटावा, औरैया और उन्नाव सहित कई जनपदों में की जा रही है। कारोबार बढ़ने के साथ सप्लाई का दायरा भी लगातार बढ़ रहा है। अमित कुमार के अनुसार, झाड़ू निर्माण के काम से कई लोगों को रोजगार मिला है। उनका उद्देश्य कारोबार को और विस्तार देना तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाना है। छिबरामऊ से तैयार होकर कई जनपदों तक पहुंच रही झाड़ू अब कारोबार के साथ रोजगार की भी नई राह बना रही हैं।

# शांति व सौहार्द के साथ मनाएं बारावफात

- प्रशासन ने की आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील



**समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज।**

नगर मे आगामी बारावफात, रक्षाबंधन और जन्माष्टमी पर्व को लेकर रविवार को कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में हिंदू-मुस्लिम समाज के लोगों के साथ पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने त्योहारों को आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। बैठक में सीओ सिटी ने निर्देश दिए कि बारावफात के जुलूस में बड़े वाहनों पर म्यूजिक सिस्टम न लगाया जाए। छोटे वाहनों पर एक जुलूस के साथ एक ही म्यूजिक सिस्टम चलाने की अनुमति होगी। पारंपरिक झंडों को ही जुलूस में शामिल करने तथा दूसरे देश या विवादित झंडों को जुलूस में शामिल नहीं करने की हिदायत दी गई। पहले से तय रूट से ही जुलूस निकालने और इंटरनेट मीडिया पर किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील की गई। अधिकारियों ने कहा कि जुलूस में अराजकतत्वों को शामिल न होने दें। आयोजक और उनके वालंटियर जुलूस पर नजर रखें। बड़े वाहनों पर भड़काऊ म्यूजिक सिस्टम लगाने तथा आपत्तिजनक नारेबाजी पर रोक रहेगी। दोनों समुदायों के लोग पारंपरिक तरीके से ही पर्व मनाएं और पर्व के दौरान किसी प्रकार का नया बदलाव न करें।

शहर काजी हाफिज जुम्मन व समाजसेवी मुनीर कुरैशी ने बारावफात पर निकलने वाले जुलूस और होने वाली भीड़ की जानकारी पुलिस-प्रशासन को दी। साथ ही जीटी रोड पर लगाई गई तिरंगा झालर को हटाने की मांग की गई। कोतवाली प्रभारी अजय कुमार अवस्थी ने आयोजकों से शांति और सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की।

# सपा ने किया पंचशील संवाद व पीडीए जन पंचायत का आयोजन

- पार्टी को मजबूत करने का लिया संकल्प

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**



समाजवादी पार्टी ने तालग्राम में पंचशील संवाद एवं पीडीए जनपंचायत का भव्य आयोजन किया। आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी को मजबूत करने और पीडीए की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव ने महंगाई और भ्रष्टाचार पर सरकार को घेरते हुए, कहा कि रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि महंगाई पर नियंत्रण नहीं हुआ तो जनता की आवाज को लेकर धरना दिया जाएगा। मुख्य अतिथि डॉ. नवल किशोर शाक्य ने कहा कि पीडीए समाज के सबसे पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्गों का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे पार्टी में सक्रिय होकर 2027 में बदलाव का माध्यम बनें। जिलाध्यक्ष करीम खान ने कहा कि पंचशील संवाद के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा मिली है। उन्होंने सभी को संगठन मजबूत करने और जनता के मुद्दों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

## डिजिटल शिक्षा संग आत्मरक्षा सीख रहे विद्यार्थी: बीएसए

**समृद्धि न्यूज, कन्नौज।** परिषदीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने के साथ उनके आत्मविश्वास और सर्वांगीण विकास पर जोर दिया जा रहा है। जिले में बच्चों को डिजिटल शिक्षा के साथ आत्मरक्षा का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों को



तकनीकी रूप से दक्ष बनाने के साथ भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार किया जा रहा है। जिला पंचायती राज विभाग की ओर से संचालित 84 डिजिटल लाइब्रेरियां बच्चों के लिए ज्ञान और तकनीक का माध्यम बनी हैं। यहां पुस्तकों के साथ डिजिटल शैक्षिक सामग्री, ई-कंटेंट और ज्ञानवर्धक संसाधन उपलब्ध हैं। इंदुइयागंज, सैयदपुर सकरी, सौरिख रूरल, खानपुर, नगला ददिया और सहिल्लापुर समेत कई विद्यालयों के विद्यार्थी इसका लाभ ले रहे हैं। वहीं विद्यालयों में बालिकाओं और विद्यार्थियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्हें विपरीत परिस्थितियों में सतर्कता, आत्मसंयम और साहस के साथ अपनी सुरक्षा करने के व्यावहारिक तरीके सिखाए जा रहे हैं। बीएसए ने कहा कि इससे बच्चों में तकनीकी दक्षता के साथ सुरक्षा-बोध और आत्मविश्वास बढ़ेगा।

# सावन मेले में विभिन्न स्थानों पर तैनात रहीं नागरिक सुरक्षा कोर की टीमें

- श्रद्धालुओं की सुरक्षा व जाम खुलवाने में जुटे वार्डन

**समृद्धि न्यूज, कन्नौज।**



सावन के अंतिम सोमवार को शिवालयों और गंगा घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए नागरिक सुरक्षा कोर की टीमें विभिन्न स्थानों पर मुस्तैद रहीं। मेंहदीघाट, जलेश्वरघाट, बाबा गौरीशंकर मंदिर, बाबा विश्वनाथ मंदिर, छिबरामऊ के गंगेश्वरनाथ मंदिर और तिर्वा के सिद्धपीठ दौलेश्वर शिवाला समेत प्रमुख मार्गों पर वार्डनों ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली। टीमों ने श्रद्धालुओं की सुविधा के साथ यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने, जाम खुलवाने और मेले को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में सहयोग किया। चीफ वार्डन प्रवीण टंडन के निर्देश पर मेंहदीघाट पोस्ट कोर-3 में पोस्ट वार्डन विकास कुशवाहा एडवोकेट, सोनू सिंह, विपिन मिश्रा, सेक्टर वार्डन ऋषभदेव चतुर्वेदी, कृष्ण बिहारी तिवारी, अनूप सिंह ठाकुर, श्रीश गुप्ता, धर्मेंद्र सिंह राजपूत समेत अन्य वार्डन तैनात रहे। चीफ वार्डन प्रवीण टंडन, डिप्टी चीफ वार्डन नीरज दुबे, डिविजनल वार्डन नीतीश कुमार श्रीवास्तव और घटना अधिकारी नरेंद्र सिंह यादव ने विभिन्न स्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आपदा मित्र भी अपनी ड्यूटी पर तैनात रहे।






# जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

- विजेता खिलाड़ियों को डीएम ने मेडल पहनाकर किया सम्मानित

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में 4वीं जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम फतेहगढ़ में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। दीप प्रज्वलन के उपरांत अदिति सिंह ने मां सरस्वती वंदना की मनोहारी प्रस्तुति दी।

डीएम का प्रिया साध द्वारा पुष्पगुच्छ, शॉल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।


प्रतियोगिता को संबोधित करती डीएम

जिला क्रीड़ाधिकारी, जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्यप्रकाश अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रिया साध एवं सचिव अजय प्रताप सिंह ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को आशीर्वाद,एवं शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता में आमंत्रित विद्यालयों के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्याओं, विभिन्न ताइक्वांडो कोच, निर्णायक मंडल, सोशल मीडिया के इन्फ्लुएंसर्स, कर्मचारियों, सहयोगियों एवं अभिभावकों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु एवं भार वर्गों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। देर शाम अंजू कुशवाह, अपर जिला जज, फैमिली कोर्ट द्वारा विजेता खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित एवं उत्साहित किया गया। विजेता खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव अजय प्रताप सिंह ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। सभी अतिथियों, निर्णायकों, प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। खिलाड़ियों ने गोल्ड, सिल्वर व ब्रांज मेडल जीते। जिन्हे डीएम व एसोसिएशन के अध्यक्ष व कोच द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

# आम के पेड़ से लटका मिला युवक का शव

- प्रेम प्रसंग को लेकर मां ने लगाए आरोप

**समृद्धि न्यूज, नवाबगंज।**

थाना क्षेत्र के गांव चकरपट्टी में सोमवार सुबह खेत में आम के पेड़ पर साड़ी के फंदे से युवक का शव लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की मां ने गांव की ही एक युवती पर बेटे की मौत का जिम्मेदार होने का आरोप लगाया है।

हालांकि पुलिस ने आरोपों की पुष्टि नहीं की है।

जानकारी के अनुसार चकरपट्टी निवासी रामप्रवेश का पुत्र गोविंद सोमवार सुबह करीब पांच बजे शौच के लिए घर से निकला था।


मृतक का फाइल फोटो

कुछ देर बाद ग्रामीणों ने घर से कुछ दूरी पर खेत में आम के पेड़ पर उसका शव लटका देखा। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घर में कोहराम मच गया। उपनिरीक्षक अभिलेख सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई की।

परिजनों के अनुसार गोविंद का गांव की ही एक युवती से करीब डेढ़ वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

युवक की मौत के बाद यह मामला चर्चा में आ गया। मृतक की मां देवी ने रोते हुए युवती को बेटे की मौत का जिम्मेदार बताया है।

पुलिस का कहना है कि परिजनों के आरोपों की जांच की जा रही है। गोविंद भाइयों में सबसे बड़ा था और परिवार की जिम्मेदारियों में हाथ बंटाता था।

मृतक की मां देवी, पिता रामप्रवेश और छोटे भाई प्रांशु समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# संस्कार भारती ने धूमधाम से मनाया हरियाली महोत्सव

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती इकाई द्वारा पावस उत्सव/हरियाली तीज का कार्यक्रम नगर के आल सेंट पब्लिक स्कूल बजरिया में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना पर शिवन्या द्वारा नृत्य प्रस्तुत करके किया गया। सचिव गौरव मिश्रा बंटी ने ध्येय गीत सामूहिक गान हुआ। व सभी अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों ने भगवान शंकर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर शिवलिंग पर जलाभिषेक, वेलपत्र तथा फूलों से पूजन किया गया। संचालन कर रही भारती मिश्रा ने बताया हरियाली तीज का हमारी भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व है। सभी महिला सदस्यों द्वारा ढोलक की थाप पर कजरी गीत गाए गए। प्रांतीय महामंत्री सुरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि संस्कार भारती


हरियाली तीज कार्यक्रम में मौजूद महिलायें

समय समय पर भारतीय संस्कृति से संबंधित कार्यक्र का आयोजन करतीं रहती है। बच्चों ने राधा कृष्ण गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। भारती मिश्रा ने हरियाली तीज से संबंधित प्रश्न पूछे गए विजेता सदस्यों को उपहार भेंट किए गए। महेश पाल उपकारी ने हरियाली पर प्रकृति और अध्यात्म के महत्व पर प्रकाश डाला। महिला सदस्यों ने विभिन्न खेलो के आयोजन में सहभागिता की।

इस मौके पर अध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह, संयोजिका पारूल सैनी, आदेश अवस्थी, अरविंद दीक्षित, आदि लोग उपस्थित रहे।

# विश्व हिंदू महासंघ ने कांविड़यों पर की पुष्पवर्षा

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** सावन मास पर्व पर गंगा तट स्थित पांचाल घाट पर दुर्वासा ऋषि आश्रम से पहले विश्व हिंदू महासंघ की ओर से कांवरियों की सेवा, स्वागत एवं अभिनंदन के लिए फल, शुद्ध पेयजल वितरण और



पुष्पवर्षा कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर कांवरियों की सेवा की और उनकी मंगलमय कांवड़ यात्रा की कामना की। वहीं, बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने कांवरियों पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। पुष्पवर्षा के बीच जब शिवभक्त कांवरिए आगे बढ़ रहे थे तो पूरा वातावरण हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से भक्तिमय हो उठा। विश्व हिंदू महासंघ के जिला अध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया। युवा जिला अध्यक्ष संजीव अग्निहोत्री ने व्यवस्था संभाली। मातृशक्ति कानपुर मंडल अध्यक्ष सुनीता अग्निहोत्री तथा उनके साथ उपस्थित संगीता अवस्थी ने भी फल वितरण, पेयजल व्यवस्था एवं पुष्पवर्षा कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहयोग किया।

# किसानों का सर्वांगीण विकास आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता: राज्यमंत्री

- कृषि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सदस्य दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री कृषक समृद्धि आयोग, कुलजीत सिंह की अध्यक्षता में कृषि एवं कृषि से संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ कृषक समृद्धि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक बैठक का आयोजन सर्किट हाउस में किया गया। कृषकों के हित में संचालित विभिन्न कृषि एवं कृषि से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। सदस्य ने संबंधित अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति, कृषकों को


बैठक लेते राज्यमंत्री

योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने तथा पात्र किसानों तक शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। किसानों की आय बढ़ाने और कृषि सुधारों के लिए वर्ष 2017 में कृषक समृद्धि आयोग का गठन किया गया था। आयोग का मुख्य उद्देश्य किसानों का प्राथमिकता के आधार पर सर्वांगीण विकास करना है। पात्र कृषकों को योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराते हुए पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से लाभान्वित किया जाए। बैठक में कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता सहित कृषि से संबंधित विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग की योजनाओं एवं प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की।

## खबरें एक नजर में

### फसल चराने को मना करने पर पति व देवर को पीटा

**असोहा उन्नाव।** क्षेत्र के समाधा गांव निवासिनी भगवान देइ ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि बीते ग्यारह अगस्त शाम लगभग चार बजे गांव के ही नंन्हके रावत खेतो में खड़ी धान की फसल अपने जानवरो से चरा रहे थे जब हमने मना किया तो गाली गलौज करते हुए मारने दौड़े, मेरे परिजनों को देख भाग निकले शाम को जब मैं मेरे पति नान्हई ,देवर प्रेम खेतो से काम करके घर वापस जा रहे थे तभी नंन्हके अपने भाइयों रामलखन व पूरन पहले से घात लगाए बैठे थे हमलोगों को आता देख लाठी डंडो से मारने लगे हमलोगों का शोर सुन ग्रामीण को आता देख जान से मारने की धमकी दे भाग निकले। थानाध्यछ फूल सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर संगत धाराओ में अभियोग पंजिकृत कर लिया गया है।

### पति, सास, जेठ, जेठानी पर मारपीट व दहेज का मुकदमा दर्ज

**असोहा उन्नाव।** क्षेत्र के सरवन गांव निवासिनी रैना भारतीय ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि मेरी शादी दो वर्ष पूर्व मौरावां थाना छेत्र के दरेहटा गांव में हुई थी ,शादी के कुछ माह बाद से ही मेरे पति रूपेश ,सास फूल दुलारी ,जेठ लोधेश्वर व जेठानी सुषमा दहेज को लेकर तथा चार पहिया गाड़ी घर से लाने को कह कर मार पीट वप्रताड़ित करने लगी, बीते 30 जुलाई को जब मैं अपनी ससुराल गई तो मेरी सास व जेठानी ने भद्दी भद्दी गालिया देते हुए मारने लगी तथा घर से भगा दिया । उक्त बात जब हमने अपने पति रूपेश से बताई तो वो भी हमको गाली देते हुए कहने लगे कि अब अपने घर से चार पहिया गाड़ी लेकर आना नही तो नही आना। थानाध्यछ फूल सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर अभियोग पंजिकृत कर लिया गया है।

### मृतक युवक की बहन ने शव देख हंगामा काटा

**बांगरमऊ।** माधवपुर दुबग्गा निवासी आयुष की मौत की खबर सुनकर उसके पिता राजगोपाल शुक्ला व उसकी एक बहन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आने के बाद शव का हांथ पकड़ कर देखा और वह जोर जोर से चिल्लाने लगी कि उसके भाई की नब्ज चल रही है स उसने वहां मौजूद एक सिपाही के माथे पर लगे तिलक को पोछ कर उसे जोर जोर से चिल्लाने लगी स हंगामा बढ़ता देख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मौजूद अधीक्षक डॉ मुकेश सिंह, डॉ आफ्ताब अहमद, डॉक्टर नीरज शुक्ला व डॉ सागर सिंह पटेल भी आ पहुँचे और मृतक की बहन को समझाया स तब कहीं मामला शान्त हो सका स उसके बाद पुलिस ने पंचनामा की कार्यवाही शुरू कर सकी।

### अलग अलग दुर्घटनाओं में एक महिला सहित नौ लोग गंभीर

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत अलग अलग मार्गो पर दुर्घटनाओं में एक महिला सहित नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की नाजुक हालत देख चार लोगों को कानपुर हैल्ट व अन्य घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कानपुर नगर जनपद के बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मतलब पुर निवासी आयुष 17 वर्ष पुत्र भोला आशीष 18 वर्ष पुत्र महंत व अंश पुत्र श्याम बाबू तथा सुमित 17 वर्ष पुत्र श्रीनाथ सभी लोग एक ही बाइक से सावन माह के अन्तिम सोमवार को हरदोई जनपद के मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के प्रसिद्ध सुनासीर नाथ बाबा के दर्शन व जलाभिषेक के लिए जा रहे थे स हरदोई उन्नाव रोड स्थित आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के आगे तेज रफ्तार कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी स जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई और काफी दूर तक फिसलते हुए चली गई स बाइक सवार चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए स सूचना पर पहुंची सरकारी एम्बुलेंस द्वारा घायलों को लाकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की हालत गंभीर देख कानपुर हैल्ट रेफर कर दिया स घायलों में आयुष व सुमित की हालत काफी नाजुक बताई जा रही है।

# यूपी प्रधानाचार्य परिषद का 46वां प्रांतीय अधिवेशन संपन्न

- डॉ. संदीप चतुर्वेदी बने प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष
- कई शिक्षाविद हुए सम्मानित

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद का 46वां प्रांतीय अधिवेश एवं शैक्षिक गोष्ठी उन्नाव के पूरननगर स्थित एसवीएम कॉलेज में संपन्न हुई। जिसमें प्रदेश महामंत्री डा0 संदीप कुमार चतुर्वेदी को प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष बनाया गया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कई शिक्षाविदों और साहित्यकारों को सम्मानित किया। मदन मोहन कनौडिया बालिका इंटर कॉलेज


कार्यक्रम में सम्मानित होते प्रदेश अध्यक्ष व प्रधानाचार्य

की राज्य पुरस्कार से सम्मानित प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सतीश महाना ने कहा कि संस्थान की मजबूती से देश मजबूत होगा। शिक्षा संस्थान राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। प्रधानाचार्यों ने समस्यायें रखी। जिस पर मंच पर भरोसा दिलाया गया, साथ ही शिक्षा प्रभा पुस्तक का विमोचन किया गया। माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश निराला को भी शिक्षा में उनके सहयोग और महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। साहित्यकार नरेन्द्र भदौरिया को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने पर उन्नाव गौरव सम्मान से नवाजा गया। अधिवेशन के दौरान उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ0 संदीप कुमार चतुर्वेदी को परिषद का प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया है। इसके अलावा प्रधान संरक्षक के रूप में डॉ0 ब्रजेश शर्मा, डॉ0 मेजर जेपी शर्मा, डॉ0 वीरेन्द्र चतुर्वेदी व प्रधानाचार्य मोहन लाल शुक्ला को चुना गया। वहीं सांसद डॉ0 हरि साक्षी महाराज ने कहा कि किसी विद्यालय में जब एक शिक्षाविद प्रधानाचार्य का पद संभालता है, तो वह सबको एक परिवार की तरह जोड़कर अपने कर्तव्यों का निर्वाह करता है। प्रधानाचार्यों ने चयन वेतनमान एवं ग्रेच्युटी की मांग रखी। इस पर अध्यक्ष ने आगामी मानसून सत्र में इन समस्याओं पर चर्चा करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में फर्रुखाबाद से परिषद के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, महामंत्री डॉ0 ब्रजभूषण सिंह, जिला उपाध्यक्ष डॉ0 अनिल कुमार मिश्रा मौजूद रहे।

# विद्यालय परिवार ने डॉ. संदीप कुमार चतुर्वेदी को किया सम्मानित

**समृद्धि न्यूज़, फर्रुखाबाद।** डॉ. संदीप कुमार चतुर्वेदी, प्रधानाचार्य मोहनलाल शुक्ला आदर्श विद्यालय इन्टर कालेज/प्रान्तीय महामंत्री प्रधानाचार्य परिषद के आयोजकत्व में उ0 प्र0 प्रधानाचार्य परिषद का 46वाँ प्रान्तीय सम्मेलन, शैक्षिक संगोष्ठी में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बनने पर विद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने सम्मानित किया। सोमवार को विद्यालय परिवार द्वारा विद्यालय में प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम आगमन पर डॉ0 संदीप कुमार चतुर्वेदी का माल्यार्पण कर एवं शाल तथा उत्तरीय उढ़ाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सत्येन्द्र सिंह, दिनेश चन्द्र, सन्तोष कुमार सरोज, संदीप कुमार, सुधा, विवेक कुमार मिश्रा, कामिनी, अवनीश कुमार, नितिन त्रिवेदी, पंकज कुमार, कोतवाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# वुशू प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों का हुआ चयन


प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** सीपी विद्या निकेतन में जिला स्तरीय वुशू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कर्नल ब्रह्मानंद इण्टर कॉलेज शुक्रुल्लाहपुर, डीएवी इण्टर कॉलेज कायमगंज तथा मेजबान विद्यालय सीपी विद्या निकेतन इंटर कॉलेज कायमगंज के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। क्रार्यक्रम का शुभारंभ उपप्रधानाचार्य मनोज तिवारी, वीर सिंह शाक्य ने किया। प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक रेफरी/ऑफिशियल की भूमिका में नेहा भारद्वाज, प्रशुभ गुप्ता, घनश्याम सिंह, अनिकेत भारद्वाज तथा रवि शाक्य रहे निर्णायकों ने निष्पक्षतापूर्वक मैच संपन्न कराते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर मण्डल स्तरीय टीम का चयन किया। चयनित खिलाड़ियों में 50 किलो भार वर्ग में मोनी, 48 किलो भार वर्ग में कशिश दुबे व आशिफ, 45 किलो भार वर्ग में आर्यन, 56 किलो भार वर्ग में आयुष, 81 किलो भार वर्ग में अमन, 74किलो भार वर्ग में शान दीक्षित का चयन हुआ।

# तुलसी जयंती पर हुआ ग्रंथ लोकार्पण व पुस्तकों का विमोचन समारोह

**समृद्धि न्यूज़, उन्नाव।** स्थानीय चौ. खजान सिंह महाविद्यालय के सभागार में तुलसी जयंती के अवसर पर ग्रंथ लोकार्पण एवं पुस्तकों विमोचन समारोह विभिन्न वक्ताओं ने लोककवि संत तुलसीदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में समारोह को संबोधित करते हुए प्रोफेसर हरिशंकर मिश्रा (लखनऊ विश्वविद्यालय) ने तुलसी साहित्य की गहन मीमांसा करते हुए अनेक प्रश्नों का अंतर्साक्ष्यों के आधार पर समाधान करके उन्हें भारतीय संस्कृति का महान संरक्षक कवि बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती एवं गोस्वामी तुलसीदास जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।

# अनियंत्रित बाइक की टक्कर से ग्रामीण की मौत

**समृद्धि न्यूज, राजेपुर।** थाना क्षेत्र में इटावा-बरेली हाई-वे पर रामगंगा पुल के पास सोमवार को तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया।



उपचार के लिए परिजन उपचार के लिए लोहिया पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। डबरी गांव निवासी उदयवीर पुत्र तुलाराम सोमवार को घास लेने जा रहे थे। रामगंगा पुल के पास हाईवे पार करते समय सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उदयवीर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घायल को अस्पताल पहुंचाने को लेकर ग्रामीणों ने एक टेंपो में तोड़फोड़ कर दी। सूचना पर पहुंची राजेपुर पुलिस ने स्थिति को शांत कराया। मौके पर मौजूद परिजनों की पुलिस ने नोकझोंक भी हुई। परिजन घायल को टेंपो से सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉ0 हिमांशु राजपूत ने उदयवीर की गंभीर हालत को देखते हुए लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। लोहिया पहुंचने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर सीओ आलोक कुमार भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# श्रावण मास के अंतिम सोमवार पर डीएम व एसपी ने किया पांचाल घाट का निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

श्रावण मास के अंतिम सोमवार को कांवड़ यात्रियों द्वारा गंगाजल भरने एवं श्रद्धालुओं द्वारा गंगा स्नान करने के दृष्टिगत जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने पांचाल घाट एवं पांचाल घाट पुल पर पहुंचकर जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं एवं कांवड़ यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए किए गए प्रबंधों का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। घाट पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं, आवागमन, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था तथा कांवड़ यात्रियों के गंगाजल भरने के लिए किए गए प्रबंधों का जायजा लिया। एसपी ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रियों एवं



निरीक्षण करतीं डीएम व एसपी

श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए भीड़ नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट पारुल तरार, उप जिलाधिकारी सदर संजय कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर उपस्थित रहे।

# राजस्व कार्यों में लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से करें निस्तारण: डीएम

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की अध्यक्षता में राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। डीएम ने राजस्व विभाग से संबंधित विभिन्न कार्यों एवं प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने विभागीय अधिकारी अपने मासिक लक्ष्य को शत प्रतिशत रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिये। जिससे वार्षिक लक्ष्य भी क्रमिक वृद्धि के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण हो सके। विभागीय अधिकारी परावर्तन के तहत अधिक से अधिक कार्रवाई कर वसूली के कार्य में वृद्धि लाएं। उन्होंने वरासत, नामांतरण, भूमि विवाद, सीमांकन, पैमाइश, अतिक्रमण तथा अन्य राजस्व मामलों की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में वाणिज्य कर, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी, परिवहन, विद्युत, मंडी समिति, वानिकी एवं सिंचाई विभाग के अंतर्गत राजस्व प्राप्ति एवं प्रवर्तन के तहत किए गए कार्यों की प्रगति की जानकारी प्रदान की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी अम्बरीष बाजपेई, उप जिलाधिकारी सदर संजय कुमार, उप जिलाधिकारी अमृतपुर स्वेता साहू, उप जिलाधिकारी कायमगंज अजय पाण्डेय, तहसीलदार एवं राजस्व विभाग के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिव मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**समृद्धि न्यूज, नवाबगंज/कामयगंज।**

सावन के आखिरी सोमवार को जय बम भोले उद्घोष के साथ पुठरी शिव मंदिर पर भक्तों की उमड़ी भीड़ व लगे जयकारे। वहीं शहर के ऐतिहासिक पाण्डेश्वर नाथ मंदिर में आखिरी सोमवार पर भक्तों की भीड़ उमड़ी और जल चढ़ाकर सुख-समृद्धि की कामना। देर शाम तक मंदिर में भक्तों ने पहुंचकर माथा टेंका। पुठरी में बने ऐतिहासिक शिव मंदिर पर सावन के आखिरी सोमवार को लेकर भक्तों ने जय बम भोले के उद्घोष के साथ की पूजा अर्चना की। भक्तों ने कावड़ यात्रा के माध्यम से जल चढ़कर मन्नते मांगी। भोले के ऐतिहासिक मंदिर पर जनपद मैनपुरी, कन्नौज, शाहजहांपुर, एटा, कासगंज सहित कई जिलों के भक्तगण मंदिर पर अपने कावड़ चढ़ाने आते हैं। थाना


पुठरी मंदिर में मौजूद भक्तगण

प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर ब्रजमोहन पाल, कांस्टेबल नंदलाल भारी संख्या में महिला पुलिस तथा पुलिस बल मौजूद रहे।

वहीं शिव मंदिर परिसर में माता रानी के मंदिर के निर्माता अनुरोध सिंह गौर, विजय सिंह गौर लगातार बाबा सुरेश चंद्र भारती के साथ भक्तों को सुविधा देने का कार्य करते रहे। वहीं कायमगंज में सावन के आखिरी सोमवार पर प्रमुख महाभारत कालीन स्वर्ण सरोवर शिव मंदिर, शिवाला धाम, बड़ी देवी मंदिर, शिव मंदिर, कंपिल कस्बे के प्रमुख रामेश्वर नाथ मंदिर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित शिवालयों पर भक्तों का तांता लगा हुआ है।

# 201 कांवड़ियों ने महाकाल मंदिर में किया जलाभिषेक

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

श्रावण मास के पावन पर शुक्ल पक्ष में शहर में विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें 201 कांवड़ियों ने पूरी श्रद्धा के साथ हिस्सा लिया। पांचाल घाट से गंगाजल भरकर शुरू हुई यह यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए महाकाल मंदिर पहुंची, जहां विधि-विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। सावन माह में जो भी भक्त भगवान शिव का गंगाजल से अभिषेक करता है, भोलेनाथ उसकी सभी मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण करते हैं। इसी अटूट आस्था के साथ 201 कांवड़ियों ने पांचाल घाट से पवित्र गंगाजल लिया और महाकाल मंदिर की ओर प्रस्थान किया। यात्रा के मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने कांवड़ियों का स्वागत किया। भक्तों ने जल, मीठा शर्बत, फल और कोल्डड्रिंक आदि की व्यवस्था की थी। कांवड़ यात्रा पांचाल घाट से प्रारंभ होकर मसेनी, नेकपुर चौरासी, आवास विकास, लाल दरवाजा, घुमना और साहबगंज चौराहा, पुलिया होते हुए महाकाल मंदिर पर समापन हुआ। कांवड़ियों ने पूरे विधि-विधान और महामृत्युंजय मंत्र के वैदिक उच्चारण के साथ भगवान भोलेनाथ का गंगाजल से अभिषेक किया। पूजा-अर्चना संपन्न होने के पश्चात, मंदिर प्रांगण में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान चंदन कटियार, आकाश, दीपक, सुमित सक्सेना, रामऔतार, अवधेश बाजपेई, बालकृष्ण, रामनाथ, लालाराम और रामू चौरसिया व जानकी, निर्मला बाजपेई, सरोज, सुनीता, काजल, अनुज और शिखा मौजूद रही।


कांवड़ यात्रा निकालते भक्तगण

## ट्रक व बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**समृद्धि न्यूज, बांगरमऊ उन्नाव।** थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र के ग्राम जोगीकोट के सामने आगरा - लखनऊ एक्सप्रेसवे पर ट्रक में पीछे से बाइक टकराने से लखनऊ से कन्नौज में रुद्राभिषेक कराने जा रहे 19 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई स टक्कर इतनी तेज थी कि हेलमेट लगाए होने के बावजूद भी पुरोहित की जान नहीं बच सकी। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया है। लखनऊ शहर के माधवपुर दुबग्गा रिंग रोड निवासी आयुष शुक्ला 19 वर्ष पुत्र राजगोपाल शुक्ला ने गुरुकुल में रहकर पढ़ाई की थी। इसके बाद वह पुरोहित के रूप में पूजन पाठ का कार्य करने लगे।

# चकबंदी विवाद में भाकियू ने दिया अनिश्चितकालीन धरना

**प्रशासन से आरपार की लड़ाई लड़ने का किया ऐलान**

**समृद्धि न्यूज, नवाबगंज।**


धरने पर बैठे भाकियू नेता व कार्यकर्ता

चकबंदी अधिकारियों के साथ हुए विवाद में दर्ज मुकदमे से नाराज भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता गांव बड़ा केशव में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। भाकियू ने प्रशासन के खिलाफमोर्चा खोलते हुए मुकदमे वापस लेने और चकबंदी प्रक्रिया तुरंत निरस्त करने की मांग की है। चार दिन पूर्व नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव नगला जब्ब में भाकियू कार्यकर्ताओं और चकबंदी अधिकारियों व कर्मचारियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई थी। चकबंदी कर्मचारियों का आरोप था कि जान बचाने के लिए सुरेंद्र सिंह यादव के घर में शरण लेने पर कार्यकर्ताओं ने घर में घुसकर मारपीट की और सरकारी अभिलेख छीन लिए। चकबंदी अधिकारियों की तहरीर पर थाना पुलिस ने 21 नामजद तथा 100 अज्ञात भाकियू कार्यकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी थी।

पुलिस कार्रवाई के विरोध में भाकियू जिलाध्यक्ष अजय कटियार के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए। जिलाध्यक्ष ने स्पष्ट चेतावनी दी कार्यकर्ताओं पर दर्ज फर्जी मुकदमे तुरंत वापस लिए जाएं। मांगें पूरी न होने तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा और किसान प्रशासन से हर स्तर की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। इस मौके पर अरविंद कुमार शाक्य, छविनाथ शाक्य, अफरोज मंसूरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राष्ट्रगान के अनादर पर कांग्रेसियों ने विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ दिया शिकायती पत्र


कोतवाली में वार्ता करते कांग्रेसी

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना पर उन्नाव में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रगान के समय मंच छोड़कर चले जाने का कांग्रेसियों ने आरोप लगाया। सोमवार को कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा ने थाना कोतवाली फर्रुखाबाद के प्रभारी निरीक्षक को लिखित शिकायत सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता अंकुर मिश्रा के अनुसार 24 अगस्त को शाम लगभग 4 बजे शहर कांग्रेस कमेटी के नाला सिम्त सुमाल स्थित कैंप कार्यालय में यूट्यूब पर एक वीडियो देखा गया। इस वीडियो में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना राष्ट्रगान के दौरान मंच से नीचे उतरकर जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस घटनाक्रम से राष्ट्रगान के सम्मान और संवैधानिक गरिमा पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं, जिससे देशवासियों और शिकायतकर्ता की भावनाएं आहत हुई हैं। पुलिस से मांग की गई है कि घटना के वायरल वीडियो, उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज, आयोजकों, प्रत्यक्षदर्शियों और अधिकारियों के बयान दर्ज कर जांच कराई जाए।

# प्रांतीय सम्मेलन में जनपद के व्यापारी हुए सम्मानित

**प्रमोद गुप्ता व मुकेश गुप्ता सहित व्यापारियों ने लिया भाग**

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय पदाधिकारी का एक प्रांतीय सम्मेलन कानपुर में एक स्थानीय होटल में संपन्न हुआ। प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्रा को व्यापारियों ने सम्मानित किया और उन्होंने व्यापारीहित की बात उठाते हुए विचार रखे। प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश कुमार गुप्ता, सुशील अग्रवाल प्रदेश संगठन मंत्री युवा व्यापार मंडल, अनुराग शाक्य कार्यकारिणी सदस्य कार्यक्रम में शामिल होकर जिले का प्रतिनिधित्व किया। मुख्य अतिथि को पटुका व पगड़ी पहनाकर माल्यार्पण कर स्वागत किया। सभी व्यापारियों ने मंडी समिति की ओर ई-गेट पास का विरोध किया गया और बिजली विभाग द्वारा अपनी तरह से बिजली का लोड जो बढ़ाया जा रहा है उसका भी विरोध हुआ। संगठन को एक विस्तार करने हेतु एक पदाधिकारी कम से कम एक पदाधिकारी को और जोड़े। जिससे जिस संख्या बल ज्यादा हो और शासन और प्रशासन पर अपनी बात को मजबूती से रख सके। शीघ्र ही लखनऊ में कार्यक्रम होगा।

कई जनपदों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। संचालन अनिल अग्रवाल ने किया।


प्रदेश अध्यक्ष को सम्मानित करते मुकेश गुप्ता

## महिला ने दमाद के खिलाफ दिया प्रार्थना पत्र

**समृद्धि न्यूज़, असोहा उन्नाव।** वाट्सप ग्रुप बना कर अश्लील मैसेज, फेटो भेजने व मना करने पर जान से मारने की धमकी का महिला ने दमाद के खिलाफ दिया प्रार्थना पत्र, अभियोग पंजिकृत। क्षेत्र के लालाखेड़ा निवासिनी मालती ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि मैंने अपनी बेटी रानी की शादी एक वर्ष पूर्व बीघापुर थाना के बरुवा गांव में रजनीश के साथ की थी, रजनीश मेरी पुत्री को परेशान व प्रताड़ित करता है जिसके चलते मेरी बेटी यही रह रही है, अब रजनीश ने मोबाइल पे मेरे सभी जानने वालों तथा रिस्तेदारो को जोड़कर वाट्सप पे शच की कहानी नामक एक ग्रुप बनाया है जिसमे डी पी में मेरी बेटी रानी की फेटो लगाकर ग्रुप में आश्लील मैसेज व फेटो डालता है जिसका मैंने विरोध किया तो हमको बराबर जान से मारने की तथा घर से उठा ले जाने की धमकी देता है।

# प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में बच्चों को लगाया गया वैक्सीन


वैक्सीन कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व बच्चे

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में छात्र-छात्राओं को वैक्सीन लगायी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज से जन्म शिववती, आशा स्वास्थ्य वर्कर रामदेवी ने शून्य से 12 वर्ष तक के नवीन नामांकित 23 के सापेक्ष 19 को बच्चों को एमआर की वैक्सीन लगाई गई। टीकाकरण का औचक निरीक्षण हेल्थ विजिटर मंजुला तिवारी ने किया। वैक्सीनेशन कार्यक्रम में योगेन्द्र कुमार, कमलेश राजपूत, मेमवती, के सहयोग को देखते हुए एवं विद्यालय व्यवस्था पर प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल की प्रशंसा करते हुए कहा कि मदारपुर स्कूल का बूथ बेहतर तरीके से संचालित हो रहा है।

## खबरें एक नजर में

### डीएम के निर्देश पर क.वि. याकूतगंज का किया गया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में 24 अगस्त को कम्पोजिट विद्यालय याकूतगंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय अध्यापकों की उपस्थिति, बच्चों की उपस्थिति, बच्चों के लिए शौचालय, सफाई, पेयजल, विद्युतीकरण, रोशनी, पंखे, पठन पाठन, शैक्षणिक स्तर आदि व्यवस्थाएं देखी गईं। पठन–पाठन का वातावरण ठीक पाया गया। शौचालय, पेयजल, मध्यान भोजन योजना अंतर्गत पका भोजन ठीक पाया गया। सभी बच्चों को वंदे मातरम पूरा राष्ट्रगीत याद है। सुना गया। आंगनबाड़ी केंद्र में विद्युतीकरण नहीं हुआ है पंखे ट्यूब लाइट आदि नहीं लगी है। आंगनबाड़ी केंद्र में वजन मशीन, ब्लैकबोर्ड नहीं पाया गया। परिसर में बिस्किट, चिप्स नमकीन आदि के रैपर और अन्य कूड़े पड़े थे, जिसे बच्चों के साथ श्रमदान कर हटाया गया और उन्हें सफाई के प्रति प्रेरित किया गया गया।

### जहरीला कीड़ा काटने से युवक की मौत

**असोहा उन्नाव।** सोहरामऊ थाना क्षेत्र के एक गांव में एक वृद्ध की जहरीला कीड़ा काटने से मौत हो गई थाना क्षेत्र के बीकामऊ निवासी सुशील दीक्षित पुत्र स्वर्गीय प्रेम शंकर दीक्षित उम्र लगभग 63 वर्ष रविवार की शाम गांव से बाहर खेत में बनी कोठरी में किसी काम से गए थे जहां उन्हें किसी जहरीले कीड़े ने डस लिया जानकारी होने पर पारिवारिक जन इलाज के लिए उन्हें विभिन्न अस्पतालों में ले गए जहां डॉक्टरों ने लेने से इनकार कर दिया बताते हैं रास्ते में ही उनकी मौत हो गई मौत की खबर मिलते ही गांव में सन्नाटा पसर गया मृतक के चार बेटा व बेटी है आशीष उम्र लगभग 38 वर्ष कपिल उम्र लगभग 27 वर्ष बेटी पारुल उम्र लगभग 37 वर्ष नीतू उम्र लगभग 34 वर्ष श्री दीक्षित अपने पीछे पत्नी इंद्रावती व बिलखती अपनी चार संतानों को छोड़ गए हैं जानकारी के मुताबिक परिजनों ने बिना किसी सूचना के उनका अंतिम संस्कार करने की योजना बनाई है।

### शिक्षिकाओं व छात्राओं ने पुलिस अधिकारियों को बांधी राखी

**उन्नाव।** रक्षाबंधन पर्व के पावन अवसर पर आज बेन–हर पब्लिक स्कूल की शिक्षिकाओं एवं छात्राओं द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, उन्नाव पहुंचकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को तिलक कर राखी बांधी गई। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने श्री जय प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उन्नाव एवं अखिलेश सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी उन्नाव को राखी बांधकर भाई–बहन के पवित्र एवं स्नेहपूर्ण रिश्ते का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाओं एवं छात्राओं द्वारा पुलिस अधिकारियों के प्रति सम्मान एवं आत्मीयता व्यक्त करते हुए रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने भी सभी शिक्षिकाओं एवं छात्राओं को रक्षाबंधन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य, सफलता एवं सुख–समृद्धि की कामना की।

### अभियुक्तों को कारावास व अर्थदण्ड की सजा

**उन्नाव।** पुलिस महानिदेशक उ.प्र.द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के तहत उन्नाव पुलिस के द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन व मॉनीटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी के क्रम में न्यायालय के द्वारा दहेज हत्या के अभियोग में अभियुक्त को दंडित किया गया है। अभियुक्त केशन कुमार पुत्र स्व. गोरी शंकर निवासी चतुरखेड़ा थाना बिहार जनपद उन्नाव के विरुद्ध थाना बिहार पर मु.अ.सं. 466–2018 धारा 498(ए)304(बी) भादवि व = डीपीएक्ट पंजीकृत किया गया। जिसमें दिनांक 09.02.2019 को आरोप पत्र न्यायालय मे प्रेषित किया गया। इसी तरह भियान के तहत उन्नाव पुलिस के द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन व मॉनीटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी के क्रम में आज दिनांक 18.08.2026 को मा. न्यायालय के द्वारा दहेज हत्या के अभियोग में 02 अभियुक्तों को दंडित किया गया है। 1.अवधेश पुत्र स्व. झब्बू 2. फुलवासा पत्नी स्व. झब्बू निवासीगण ग्राम डालखेड़ा थाना बेहटा मुजावर जनपद उन्नाव के विरुद्ध थाना बेहटा मुजावर पर मु.अ.सं. 4621 धारा 304(बी)498(ए) आईपीसी 3/4डीपी एक्ट पंजीकृत किया गया।

## चोरो ने दो घरों व एक दुकान से पार किया नगदी व लाखों का माल

**समृद्धि न्यूज़, बांगरमऊ उन्नाव।** क्षेत्र में चोरी व टप्पेबाजों द्वारा घटनाओं को अंजाम देने से लोगों में भय बढ़ता जा रहा है स बढ़ती घटनाओं से ग्रामीणों की नींद हराम हो गई है। घटनाक्रम के क्रम में एक महिला के घर से नगदी जेवर चोरी हो गया तो दूसरी महिला का वाहन से बैग छीन लिया गया तथा तीसरी एक घटना में चोरों ने शराब की दुकान पर हाथ साफकर दिए। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फत्तेहपुर खालसा निवासी जैनब पत्नी तौहीद ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि उसके घर में पीछे का ताला तोड़कर घुसे चोरों ने 25 हजार रूपये की नगदी सहित लांखो रुपए का जेवर चोरी कर फरार हो गए स दूसरी घटना में थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र के गांव शिवबक्स खेड़ा निवासी रजाना पत्नी वीरेश ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा कि वह सी एन जी ऑटो में बैठकर बांगरमऊ से अपने घर आ रही थी।

# निःशुल्क बस सेवा से 140 रामभक्त अयोध्या रवाना

**समृद्धि न्यूज, सण्डीला, हरदोई।**

समाजसेवी भाजपा नेता अजय सिंह आदित्य की ओर से ग्रामीणों को निःशुल्क अयोध्या यात्रा कराने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में रविवार को भरावन क्षेत्र के ग्राम भरिगहना और तिंदवारी से 140 रामभक्तों को दो निःशुल्क बसों से अयोध्या धाम के लिए रवाना किया गया। ढिकुन्नी मार्केट से बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यात्रा को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह दिखाई दिया।

इस अवसर पर भाजपा नेता अजय सिंह आदित्य ने कहा कि यह उनके लिए सौभाग्य की बात है कि रामजी की कृपा से उन्हें ग्रामीणों को प्रभु श्रीराम के दर्शन कराने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन की इच्छा हर रामभक्त के मन में है। ऐसे में आर्थिक कारणों से कोई व्यक्ति इस यात्रा से वंचित न रहे, इसी भावना के साथ निःशुल्क बस सेवा के माध्यम से ग्रामीणों को अयोध्या ले जाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह केवल यात्रा नहीं, बल्कि रामभक्तों को प्रभु श्रीराम से जोड़ने का एक छोटा सा प्रयास है।

उन्होंने कहा कि रामलला के दर्शन से मिलने वाली आध्यात्मिक अनुभूति और प्रसन्नता को शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। ग्रामीणों को अयोध्या पहुंचाकर उन्हें दर्शन कराने का अवसर मिलना उनके लिए किसी सेवा और पुण्य से कम नहीं है। उन्होंने आगे भी इसी तरह ग्रामीणों को अयोध्या यात्रा कराने की बात कही। बसों के रवाना होने के दौरान ग्रामीणों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह, संतोष पाल, केशन यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



**संत रविदास जयंती पर समरसता का संकल्प, पवाया में हुआ कलश पूजन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सामाजिक एकता और समरसता को मजबूत करने के संकल्प के साथ संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को संडीला के शक्ति केंद्र पवाया स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में समरसता संकल्प अभियान एवं कलश वंदन यात्रा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पहुंचकर कलश पूजन किया गया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संत रविदास जी के आदर्शों को आत्मसात करने तथा समाज में समानता, भाईचारे और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

वक्ताओं ने कहा कि गुरु रविदास जी का जीवन और उनके विचार समाज को भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता, समानता और भाईचारे की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उनके संदेशों को जीवन में उतारना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। आयोजन के दौरान सामाजिक एकता और समरसता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष लालता अर्कवंशी सहित मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लालामऊ में विधायक ने संत रविदास जयंती पर निकाली कलश यात्रा



**समृद्धि न्यूज, हरदोई।**

अतरौली मंडल के लालामऊ में संत शिरोमणि रविदास जी की 650वीं जयंती के अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। भाजपा विधायक अलका सिंह अर्कवंशी ने सिर पर कलश धारण कर यात्रा का नेतृत्व किया। यात्रा में भाजपा के पदाधिकारियो, कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विधायक अलका अर्कवंशी ने कहा कि संत रविदास जी के जीवन और विचारों को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने सामाजिक समरसता, समानता और मानवता का संदेश दिया। उनके आदर्श आज भी समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

कार्यक्रम के दौरान संत रविदास जी महाराज को नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सूरज सिंह चौहान, मंडल उपाध्यक्ष सोनू सिंह अर्कवंशी, संजोग राठौर सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अयाहशाह विधायक विकास गुप्ता ने कृषि गोष्ठी का किया उद्घाटन

**एक पेड़ मां के नाम लगाकर किया वृक्ष वंदन**

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।**



गोपाल नगर सीताराम मन्दिर निकट नउवाबाग में कृषि विभाग के तत्वावधान में आयोजित कृषि गोष्ठी का अयाहशाह के विधायक विकास गुप्ता ने उद्घाटन किया। तथा कृषि विभाग द्वारा अनुदान पर मिलने वाले कृषि यन्त्रों का वितरण किया। एवं विभागीय अधिकारी व वैज्ञानिको ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, फसल प्रबंधन, पशुपालन तथा उर्वरकों के संतुलित प्रयोग के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। गोष्ठी में अखिलेश कुमार, उद्यान विभाग द्वारा किसानों को औद्यानिकी एवं संबंधित कृषि गतिविधियों की जानकारी प्रदान की गई। डा0 संजय पांडेय, पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं के स्वास्थ्य, टीकाकरण, पोषण एवं पशुपालन से संबंधित उपयोगी जानकारी दी गई। प्रेमदान पाल के द्वारा किसानों को मृदा मे उर्वरकों के संतुलित एवं वैज्ञानिक उपयोग, मृदा स्वास्थ्य तथा कृषि उत्पादन बढ़ाने के संबंध में जानकारी दी गई।

कुंवरसेन गंगवार जी ने फसल बीमा योजना वा दलहन आत्मनिर्भरता अभियान के बारे में किसान भाइयों को जानकारी प्रदान की भूमि संरक्षण अधिकारी ने विभाग की योजनाओं की जानकारी प्रदान की। कृषि विभाग की ओर से उप कृषि निदेशक राम जतन मिश्र ने किसानों को विभागीय योजनाओं, आधुनिक कृषि तकनीकों एवं उपलब्ध कृषि सुविधाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक विधियों को अपनाकर लागत कम करने तथा उत्पादन एवं आय बढ़ाने का आह्वान किया।

# डीएम की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन

**समृद्धि न्यूज़, उन्नाव।**

बारावफात त्यौहार को शान्तिपूर्वक, सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाये जाने के दृष्टिगत्त विकास भवन स्थित सभागार में जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह की उपस्थिति में जिले के धार्मिक गुरूओं तथा जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में विभिन्न धर्म गुरूओं द्वारा जुलूस के दौरान होने वाली विभिन्न प्रकार की समस्याओं से डीएम को अवगत कराया गया, जिसको लेकर जिलाधिकारी ने सभी को आश्वस्त किया कि दिये गए सुझावों समस्याओं का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही करायी जाएगी। इस मौके पर डीएम ने समस्त उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों एवं नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परम्पराएं, जो पूर्व से प्रचलित है, उन्ही के अनुसार त्यौहार को मनाया जाए। कोई नई परम्परा न रखी जाए। निकलने वाले जुलूसो के दौरान सुरक्षा व यातायात व्यवस्था के विशेष प्रबन्ध किए जाए। सभी आयोजनों में भीड़ का सही आंकलन कर लिया जाए और तद्नुसार नियंत्रण किया जाए ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। जुलूस के मार्गो पर अभियान चलाकर साफ-सफाई के पर्याप्त इंतजाम कर लिए जाएं तथा जुलूस के पूरे रास्तों को उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी गण संयुक्तरूप से भ्रमण कर लें जो भी कमियां हो उन्हें तत्काल पूर्ण कर लें। सभी रूटों पर जर्जर विद्युत लाइनों को व्यस्थित कर लिया जाए। उन्होने कहा कि जनपद में निकलने वाले जुलूसो मे डी.जे. एवं झंडो की ऊँचाई का विशेष खयाल रखा जाए युवा वर्ग डी.जे. के ऊपर न बैठे तथा कोई भी अश्लील गानों को न बजाया जाय। सभी जुलूस निर्धारित रूट पर ही निकाले जाएं, किसी भी नयी परम्परा की अनुमति नहीं दी जाएगी। जुलूस निकलने वाले रास्तो पर कोई भी अवारा पशु न दिखे, सभी अवारा पशुओं को गौशालाओं में भिजवाया जाए। जुलूस वाले रास्तो पर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन अलर्ट रहे तथा दिए गए दायित्वों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरते।

# रायल एनफील्ड शो रूम का हुआ उद्घाटन



**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।**

राधा नगर स्थित एसबीआई बैंक के पास रॉयल एनफील्ड शोरूम का उद्घाटन समाजसेवी कमला सिंह भदौरिया ने फीता काटकर किया। इस दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। वहीं संचालक अजय प्रताप सिंह उर्फ अन्नू भदौरिया ने बताया कि उनके इस शोरूम में रॉयल एनफील्ड गाड़ियां उपलब्ध है। जिन्हें लोग आसान किस्तों पर भी ले सकते हैं। उन्होंने कहा बुलेट एक शान की सवारी है और बुलेट में बैठने के बाद जो स्टेटस मेंटेन होता है वह काबिले तारीफ है। लिहाजा एक बार शोरूम में आकर लोग अपने अनुसार ईएमआई बनवा सकते हैं और बुलेट वाहन का आनंद ले सकते हैं।

# बारिश ने खोली कानपुर स्मार्ट सिटी की पोल

**समृद्धि न्यूज़, कानपुर।**

शहर में करीब एक घंटे की तेज बारिश ने नगर निगम और स्मार्ट सिटी के दावों की जमीनी हकीकत सामने ला दी। बारिश के बाद शहर की कई प्रमुख सड़कों और बाजारों में जलभराव हो गया। कानपुर दक्षिण के गोविंद नगर क्षेत्र में हालात बेहद खराब नजर आए, जहां सड़कें और मार्केट पूरी तरह पानी में डूब गई।

जलभराव के बीच खुले नाले लोगों के लिए खतरे का सबब बने हुए हैं। स्थानीय व्यापारियों और राहगीरों को पानी के बीच आवाजाही करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। व्यापारियों का आरोप है कि वर्षों से नालों की सफाई, जलनिकासी और सड़क निर्माण के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। इसी समस्या को लेकर ऑल इंडिया कांग्रेस पार्टी के सदस्य विकास अवस्थी ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ जलभराव वाली सड़क पर नाव चलाकर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने 'नगर निगम होश में आओ' के नारे लगाते हुए जलभराव और बदहाल जलनिकासी व्यवस्था के खिलाफ नाराजगी जताई।



स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि बाजार से नगर निगम को लाखों-करोड़ों रुपये का टैक्स मिलता है, लेकिन बारिश होते ही व्यापारियों और आम लोगों को जलभराव की समस्या से जूझना पड़ता है। उनका आरोप है कि नालों की सफाई और सड़कों के निर्माण के नाम पर महज खानापूर्ति की जा रही है।

बारिश के बाद सामने आए हालातों ने 'स्मार्ट सिटी' के दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने नगर निगम से स्थायी जलनिकासी व्यवस्था, नालों की प्रभावी सफाई और जर्जर सड़कों की मरम्मत की मांग की है।

लोगों का कहना है कि हर साल बारिश में यही स्थिति दोहराई जाती है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान अब तक नहीं हो सका है।

# खाद्य वस्तुओं के पांच नमूने गए जांच को

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**

जनपद में पनीर, खोया बेसन मसाले आदि में मिलावट के मामले जाच पर प्रकाश में आ रहे हैं। वहीं खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को गुणवत्ता युक्त खाद्य वस्तु उपलब्ध कराने के लिए निरीक्षण एवं नमूने लिए जाने का कार्य जारी है। आगामी रक्षाबंधन पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को शुद्ध मिष्ठान व खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने हेतु आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन,ज़िलाधिकारी व प्रभारी सहायक आयुक्त (खाद्य)-।। के निर्देश पर -चल रहे विशेष अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा खाद्य वस्तुओं के पांच नमूने लिए गए जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला को भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार फरेंदा रोड पर वीनस स्वीट्स का निरीक्षण कर खोया व बूंदी लड्डू का नमूना, शिकारपुर में अमरनाथ की मिठाई दुकान का निरीक्षण कर पेड़ा, आशीष स्वीट्स का निरीक्षण कर मिल्ककेक तथा



मोदनवाल स्वीट्स का निरीक्षण कर छेना मिठाई का नमूना संग्रहित कर जांच के लिए भेजा गया और खाद्य वस्तुओं के रखरखाव एवं साफ सफाई के बारे में आवश्यक निर्देश दिए। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी हंसराज प्रसाद, अंकित सिंह व पवन गौड़ शामिल रहे हैं ।

## पांच दोषियों पर 3.85 लाख रुपया जुर्माना

**समृद्धि न्यूज़ , महराजगंज।**

खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद में खाद्य सुरक्षा एवं प्रशासनिक स्तर पर प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में न्याय निर्णायक अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), जनपद महराजगंज द्वारा माह अगस्त 2026 में मानक विहीन खाद्य पदार्थों से संबंधित 5 मामलों की सुनवाई करते हुए संबंधित फर्म/कारोबारकर्ताओं के विरुद्ध कुल 3 लाख 85 हजार रुपये की धनराशि आरोपित की गई है। न्याय निर्णायक अधिकारी द्वारा निस्तारित मामलों में मुख्य रूप से पनीर एवं कुल्फी जैसे खाद्य पदार्थों के नमूनों में निर्धारित मानकों के अनुरूप कमी पाए जाने से संबंधित प्रकरण शामिल हैं। न्याय निर्णायक अधिकारी न्यायालय द्वारा मे. अमरेन्द्र मिष्ठान भण्डार, प्रो. रामचन्द्र सहानी, थाना कोतवाली सदर–पनीर के मामले में 75,000 रुपये। मे. राधा स्वीट हाउस एण्ड कैटर्स, प्रो. कन्हैया गुप्ता, थाना कोतवाली सदर–पनीर के मामले में 75,000 रुपये।बेजू पुत्र स्व. हरिहर, थाना घुघली–पनीर के मामले में 80,000 रुपये। दुर्गेश कुमार मद्देशिया पुत्र श्री चन्द्रभान, थाना कोतवाली सदर–पनीर के मामले में 80,000 रुपये। जयप्रकाश शाह पुत्र श्री राजेन्द्र शाह, थाना कोतवाली सदर–कुल्फी के मामले में 75,000 रुपये जुर्माना अधिरोपित किया गया है। ऐसे मे पांच प्रकरणों में कुल 3,85,000 रुपये की धनराशि आरोपित की गई है। अपर जिलाधिकारी (वि/रा) डॉ प्रशांत कुमार के अनुसार प्रशासन की इस कार्रवाई का उद्देश्य खाद्य पदार्थों में गुणवत्ता एवं शुद्धता बनाए रखना तथा उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता न होने देना है। संबंधितअधिकारियों को खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर उनकी नियमित जांच एवं मानकों का उल्लंघन पाए जाने परनियमानुसार प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता में लापरवाही अथवा निर्धारित मानकों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## श्रावण मास के आखिरी सोमवार को जलाभिषेक को उमड़े श्रद्धालु

**महाराजगंज।** जनपद के प्रसिद्ध शिव मंदिरों में पंचमुखी इटहिया शिव धाम, कटहरा, हडखोड़ा, हरपुर महंत, करमहा,लक्ष्मीपुर शिवाला व खुटहा बाजार आदि मंदिरों पर श्रद्धालु स्त्री, पुरुष, बच्चे, बच्चियों पहुंचकर भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक किया और बेलपत्र,भांग धतूर चावल, तिल,गुड, रोली, चंदन आदि चढ़ा कर पूजा अर्चना किए।सुबह से ही भक्तों का समूह शिवालयो पर जलाभिषेक के लिए पहुंचने लगा।लोग से जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना कर अपने को धन्य हुए वही प्रशासन और पुलिस के लोग भक्तों के आने-जाने के मार्गो पर सतत निगरानी करते रहे। प्रमुख शिव मंदिरों पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर जलाभिषेक किया और पूजा अर्चना कर मंगल कामना की प्रार्थना की। इटहिया शिव धाम में जनपद सहित बिहार नेपाल तक के श्रद्धालु पहुंचकर पंचमुखी शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किये।वहीं तमाम श्रद्धालु रुद्राभिषेक कराकर भगवान भोलेनाथ से मंगल कामना की प्रार्थना किये। श्रद्धालुओ के आने-जाने के मार्ग का ड्रोन एवं सीसीटीवी के माध्यम से बराबर निगरानी जारी है ताकि भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए।

## खबरें एक नजर में

### रोजगार मेले में 520 अभ्यर्थियों का चयन

**प्रयागराज।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के परिसर में सोमवार को रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में निजी क्षेत्र की 11 कम्पनियों द्वारा कुल 520 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में 1093 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में सेवायोजन कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### युवाओं में खेल भावना को दी जायेगी नयी उड़ान

**प्रयागराज।** युवाओं में खेल भावना को नई उड़ान देने और उन्हें राष्ट्र निर्माण से जोड़ने के लिए, 27 अगस्त को नैनी स्थित सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज के सभागार में एक भव्य खेलो इंडिया संवाद का आयोजन किया जा रहा है। मेरा युवा भारत की उप निदेशक जागृति पांडेय ने इस आयोजन की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि कॉलेज प्रशासन के विशेष समन्वय से यह पूरा कार्यक्रम संचालित किया जाएगा, जिसमें भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर में प्रत्येक जिले में टेलीकास्ट के माध्यम से युवाओं को खेलों के प्रति लाइव आकर उत्साहित करेंगे। तकनीक और संवाद के इस बेहतरीन तालमेल से युवाओं को सीधा जुड़ने का मौका मिलेगा। इस कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण खेल जगत की प्रतिभाओं का सम्मान समारोह होगा। भारतीय खेल प्राधिकरण और खेलो इंडिया के सशक्त प्रतिनिधि के रूप में प्रयागराज के जाने-माने जिम्नास्ट अनुभव सिंह, शूटिंग खिलाड़ी दीक्षा वैश्य को मंच पर विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

### वृद्ध ने गले में फंदा लगा की आत्महत्या

**महराजगंज।** कोतवाली सदर महराजगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सतभरिया निवासी बिहारी यादव पुत्र गाजर उम्र करीब 68 वर्ष ने आज दुपट्टे का फंदा बना झूलकर अपनी ईह लीला समाप्त कर ली।घटना की जानकारी होते ही प्रभारी निरीक्षक कोतवाली पुलिस बल व चिकित्सकों के साथ पहुंचे।और बिहारी के शरीर को नीचे उतरवाया। फिर चिकित्सकों ने मृत्यु की पुष्टि की तदोपरांत पुलिस ने अपनी अभिरक्षा में लेकर पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।पोस्टमार्टम के बाद बिहारी के शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया ।जिसे ले जाकर परिजनों ने दाह संस्कार किया। स्थानीय जनों के अनुसार बिहारी यादव कुछ समय से बीमार चल रहे थे।उनके दो लड़के और दो लड़कियां हैं। पहले से दोनों लड़के अलग रहते हैं। उनकी पत्नी एवं दो लड़कियां उनके साथ रहती थी।

# रवि किशन को 'सर्वोत्तम नागरिक सम्मान 2026' से किया गया सम्मानित

**समृद्धि न्यूज़, गोरखपुर।**

अभिनेता एवं दो बार के लोकसभा सांसद रवि किशन को कला, भारतीय सिनेमा और सार्वजनिक जीवन में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'सर्वोत्तम नागरिक सम्मान 2026' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान मेघाश्रेय फाउंडेशन की ओर से प्रदान किया गया। मेघाश्रेय फाउंडेशन की संस्थापक एवं समाजसेवी सीमा सिंग द्वारा स्थापित यह सम्मान उन विशिष्ट व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देकर राष्ट्र और समाज को प्रेरित किया है।

मुंबई में आयोजित समारोह में रवि किशन को महाराष्ट्र के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा, महाराष्ट्र के सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशीष शेलार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल तथा मेघाश्रेय फाउंडेशन की संस्थापक सीमा सिंग की गरिमामयी उपस्थिति में सम्मानित किया गया। रवि किशन को यह सम्मान भारतीय सिनेमा और कला के क्षेत्र में




उनके व्यापक योगदान, क्षेत्रीय सिनेमा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने तथा दो कार्यकाल के सांसद के रूप में उनके सार्वजनिक एवं राजनीतिक योगदान के लिए प्रदान किया गया।

समारोह में देश के विभिन्न क्षेत्रों की कई प्रतिष्ठित हस्तियों को भी सम्मानित किया गया। इनमें परमवीर चक्र विजेता मानद कैप्टन योगेंद्र सिंह यादव, पद्म भूषण प्रो. जे. बी. जोशी, पद्मश्री अशोक सराफ और फिल्म निर्माता सुभाष घई समेत विज्ञान, कला, संस्कृति और सामाजिक सेवा के क्षेत्र से जुड़े विशिष्ट व्यक्तित्व शामिल रहे। रवि किशन को मिला यह सम्मान उनके सिनेमा से लेकर सार्वजनिक जीवन तक के बहुआयामी योगदान की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान के रूप में देखा जा रहा है। सांसद रवि किशन शुक्ला ने कहा कि मेघाश्रेय फाउंडेशन द्वारा सर्वोत्तम नागरिक सम्मान 2026' से सम्मानित किया जाना मेरे लिए अत्यंत गौरव और भावुकता का क्षण है यह सम्मान मेरे अब तक के कला एवं सार्वजनिक जीवन के सफर को नई ऊर्जा और प्रेरणा देने वाला है यह सम्मान मेरे लिए केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि कला, संस्कृति और जनसेवा के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को और अधिक निष्ठा से निभाने का संकल्प है।

## बालकों ने रास्ते में मिली सोने की चेन, पुलिस को किया सुपुर्द

**गाजीपुर।** थाना कोतवाली क्षेत्र के फुल्लनपुर निवासी दो बालक अंकित यादव पुत्र राकेश यादव एवं प्रवीण प्रकाश मौर्य पुत्र जय प्रकाश द्वारा घर से विद्यालय जाते समय रास्ते में फुल्लनपुर क्रॉसिंग के पास सोने की चेन पड़ी मिली। दोनों बच्चों द्वारा एक अच्छे नागरिक के कर्तव्यों का पालन किया गया, ईमानदारी व इंसानियत की मिशाल पेश करते हुए अपने अभिभावकों के साथ पुलिस कार्यालय में उपस्थित होकर पुलिस अधीक्षक को उक्त सोने की चेन को सुपुर्द किया गया। पुलिस द्वारा उक्त प्राप्त चैन के वास्तविक मालिक का पता लगाकर सही सलामत आभूषण वापस लौटाया जायेगा। दोनों बालकों की इस ईमानदारी के लिए, पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रोत्साहित करते हुए प्रशंसा की गई।

# इलाज के लिए जाते समय सड़क हादसे में घायल की मौत, शव रखकर जाम

**समृद्धि न्यूज़, घघसरा बाजार/सहजनवां।**

नगर पंचायत घघसरा बाजार के तुलसीदास नगर (हड़ही) निवासी धर्मेंद्र प्रसाद उर्फ जानकी (43) की सड़क हादसे में घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। सोमवार को करीब 12~30 बजे पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। लोगों ने शव को सहजनवां-बखिरा मार्ग पर रखकर सड़क जाम कर दिया। जानकारी के अनुसार 12 अगस्त की रात करीब 11 बजे धर्मेंद्र प्रसाद को परिजन इलाज के लिए लखनऊ ले जा रहे थे। खलीलाबाद से एर्टिगा कार संख्या क्क3 श्च 2677 से धर्मेंद्र, उनकी पत्नी राधिका देवी, पुत्र नंदलाल, पुत्री सुशीला कुमारी और बड़े पिता के पुत्र अमित कुमार जा रहे थे। हरैया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से करीब 200 मीटर पहले तेज रफ्तार में जा रही कार सड़क किनारे खड़ी क्रेन से टकरा गई। हादसे में सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सीएचसी



हरैया पहुंचाया गया। गंभीर हालत में उन्हें रेफर किया गया। इसके बाद विभिन्न अस्पतालों में उपचार कराया गया। धर्मेंद्र के सिर का ऑपरेशन हुआ, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। राधिका देवी का इलाज चल रहा है, जबकि सुशीला के दाहिने हाथ में चोट आई है और अमित कुमार का भी उपचार कराया जा रहा है।

धर्मेंद्र के दो पुत्र नंदलाल (23), श्यामलाल (18) और दो पुत्रियां हैं। बताया गया कि किसी की शादी नहीं हुई है। शव घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। जाम की सूचना पर चेयरमैन प्रभाकर दुबे, घघसरा चौकी प्रभारी आदर्श कुमार पाण्डेय और सहजनवां थाना प्रभारी संजय कुमार मिश्रा मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों से बातचीत की। थाना प्रभारी ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इसके बाद उपजिलाधिकारी नमन मेहता भी मौके पर पहुंचे और परिजनों से वार्ता कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने शव हटाकर सड़क खाली कर दी। परिजनों ने वाहन स्वामी और चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अंतिम सोमवार को श्रद्धालुओं ने किया आस्था का जलाभिषेक



**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**

सावन महीने के अंतिम सोमवार को प्राचीन कुबेरनाथ धाम स्थित शिव मंदिर में शिवभक्त जलाभिषेक के लिये भोर से ही उमड़ पड़े। पूजन सामग्री चढ़ाकर श्रद्धालु भक्त अपने परिवार की कुशलता की कामना की। जो पूरे दिन चलता रहा ।शिवभक्तों के गगनभेदी नारो से भक्ति का वातावरण बना हुआ है। प्राचीन व प्रसिद्ध शिव शक्ति मंदिर कुबेरनाथ धाम में भोर से ही पूजन तथा जलाभिषेक के दौरान भक्तों के द्वारा लगाये जा हर-हर महादेव के उदघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। भूत भावन भगवान महादेव को बारह महीनों में सावन का महीना सर्वप्रिय है।यही कारण है कि सावन महीने में शिवालय में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ता है। भूत भवन भगवान शिव ऐसे देव है जो श्रद्धालुओ के भक्तिभाव से अतिशीघ्र प्रसन्न हो जाते है और भक्तो की ऐच्छिक मनोकामना को पूर्ण कर देते है।भगवान शिव को बिल्ब पत्र,गंगा जल, गाय दूध, दूर्वा, कनेर पुष्प, मदार पुष्प , गुड़, घी, शमीपत्र, अक्षत, शहद, रोरी, गुलाल आदि पूजन सामग्री सर्वाधिक पसन्द है। मन्दिर में आस पास की महिलाएं सोमवार होने के नाते व्रत रख कर गांव से आने वाले मार्गो से मांगलिक गीत गाते हुए ब्रम्ह बेला से ही आने लगी।मन्दिर का पट मन्दिर प्रशासन ने आरती भोग के बाद 2 बजे ही पूजन के लिए खोल दिया। जिसके बाद श्रद्धालुओं के आस्था और विश्वास का जलाभिषेक शुरू हुआ। अंतिम सोमवार होने के वजह से देरशाम तक श्रद्धालु मन्दिर आते रहे। मन्दिर परिसर श्रद्धालु भक्तो से भरा हुआ है। जिसमे महिलाओं की संख्या सर्वाधिक रही। गेरुआ वस्त्र धारण कर पडरौना से उत्तर स्थित नारायणी नदी से जल भर श्रद्धालुओ का पैदल चल कर जलाभिषेक करने का सिलसिला पूरे दिन चलता रहा। भक्तो की सुविधा के लिए बनाये गये बैरिकेडिंग में महिला - पुरूष अलग-अलग कतारों में खड़ा होकर बारी -बारी से पूजन -दर्शन करते रहे ।मन्दिर परिसर में कतार से प्रसाद व सौंदर्य प्रसाधनों की दुकान लगी थी जहां महिलाये खरीदारी करती रही।मन्दिर व श्रद्धालुओ की सुरक्षा में जिलाप्रशासन ने गर्भगृह से लेकर परिसर तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर रखा है। सुरक्षा में कुबेरस्थान पुलिसफोर्स, पीएसी के जवानों के अलावे महिला पुलिस तथा जिले के अन्य थानों से आये पुलिस कर्मी भोर से ही सक्रिय रहे।

## सात पर दहेज उत्पीड़न का आरोप, मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज (समृद्धि न्यूज़)।** प्रयागराज में तैनात एक महिला सिपाही ने अपने पति समेत ससुराल पक्ष के सात लोगों पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला सिपाही की तहरीर पर शंकरगढ़ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामला मांडा थाना क्षेत्र से जुड़ा होने के कारण इसकी विवेचना मांडा पुलिस को सौंपी गई है। झांसी जिले में तैनात महिला सिपाही हर्षिता सिंह ने पुलिस को बताया कि उनका विवाह 14 मई 2022 को मांडा क्षेत्र के ऊंचडीह गांव निवासी देवेंद्र प्रताप सिंह से हुआ था। उनके पति देवेंद्र झांसी जीआरपी में सिपाही के पद पर कार्यरत हैं। हर्षिता के मुताबिक, शादी के समय मायके पक्ष की ओर से करीब 32 लाख रुपये के सामान और आभूषण दिए गए थे। इसके बावजूद ससुराल पक्ष की ओर से लगातार दहेज की मांग की जाती रही और उन्हें मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित किए जाने का आरोप है। तहरीर में हर्षिता ने अपने ससुर मनकामना सिंह, सास सीता सिंह, जेठ शिवेंद्र कुमार सिंह, जेठानी श्वेता सिंह और दो ननद समेत सात लोगों को आरोपी बनाया है।

## सादात पुलिस ने चोरी के माल सहित किया गिरफ्तार

**गाजीपुर।** जनपद की सादात पुलिस द्वारा चोरी की घटना का अनावरण करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का माल बरामद किया गया। बताते चलें कि 20 अगस्त को परविन्द विश्वकर्मा पुत्र ओमप्रकाश विश्वकर्मा निवासी बरेहता थाना सादात की दुकान का ताला तोड़कर दुकान पर रखा सामान लैपटाप, मोबाइल फोन, 13 पीएस कीपैड एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स व सात हजार रुपए नगद चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कराया था। विवेचना के दौरान रविवार को उपनिरीक्षक सन्तराम यादव थाना सादात गाजीपुर मय पुलिस टीम द्वारा चिन्टू यादव उर्फ पिन्टू यादव उर्फ सोनू यादव पुत्र घुरफेकन यादव निवासी ग्रा0 भीमापार थाना सैदपुर गाजीपुर को चोरी गये माल, दो मोबाइल फोन मय बैट्री, चार्जर व इयर फोन तथा पांच हजार रुपए नकद के साथ गिरफ्तार किया गया।

# महिला कल्याण विभाग की संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**

अपर जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के अंतर्गत जिला स्तरीय स्टीयरिंग समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में महिला एवं बालिकाओं से संबंधित प्रकरणों तथा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान पाक्सो एक्ट से संबंधित कुल 06 प्रकरण समिति के समक्ष प्रस्तुत किए गए, जिनमें समिति द्वारा 04 प्रकरणों को स्वीकृत तथा 02 प्रकरणों को अस्वीकृत किया गया। समिति द्वारा निर्देशित किया गया कि पाक्सो एक्ट से



संबंधित प्रकरणों में पीड़िताओं की मेडिकल जांच की कार्यवाही में आवश्यक सहयोग एवं समन्वय सुनिश्चित किया जाए, जिससे पीड़िता की वास्तविक स्थिति के आधार पर नियमानुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

इसके उपरांत महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। इसमें मिशन वात्सल्य के अंतर्गत बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड एवं जिला बाल संरक्षण इकाई की कार्यप्रगति, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, वन स्टॉप सेंटर तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना आदि की प्रगति की समीक्षा की गई। अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा द्वारा संबंधित अधिकारियों को शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों के अनुरूप योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा पात्र लाभार्थियों को शासन की मंशा के अनुरूप समयबद्ध रूप से लाभान्वित किए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही महिला एवं बालिकाओं से संबंधित प्रकरणों में संवेदनशीलता के साथ आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रतिनिधि प्रदीप झा, डिप्टी सीएमओ डॉ. रामदास कुशवाहा, वरिष्ठ कोषाधिकारी सुनील कुमार यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी रामाशंकर यादव, संयुक्त निदेशक अभियोजन दिनेश यादव, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी नृतान्त सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति के सदस्य अनिरुद्ध कुशवाहा, कृष्ण कुमार उपाध्याय, श्रीमती पुष्पा पाण्डेय, कनिष्ठ सहायक ओमप्रकाश यादव, संरक्षण अधिकारी विनय शर्मा, वन स्टॉप सेंटर की सेंटर मैनेजर श्रीमती रीता यादव, चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अभिषेक कुमार सिंह, हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन के नलिन सिंह, रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष से दिनेश कुमार, राहुल कुशवाहा सहित अन्य संबंधित प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन डॉ. रामदास कुशवाहा, उप मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा किया गया। अंत में उपस्थित अधिकारियों एवं सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बैठक का समापन किया गया।

## दैवीय आपदा से गांव की रक्षा के लिए श्रद्धालुओं ने की मां काली की पूजा

**भांवरकोल/गाजीपुर।** क्षेत्र के कनुवान गांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां काली की वार्षिक पूजा सोमवार को हल्की बारिश के बीच विधि–विधान और श्रद्धा के साथ संपन्न हुई। पूजा में गांव के



सभी वर्गों के लोगों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और मां काली से गांव की सुख–शांति, समृद्धि तथा दैवीय आपदाओं से रक्षा की कामना की। मान्यता है कि दैवीय आपदा और महामारी से गांव की रक्षा के लिए मां काली के साथ डीह बाबा एवं माता सायर की पूजा–अर्चना की जाती है। इसे लेकर पूरे गांव में उत्साह और भक्तिमय वातावरण बना रहा। सुबह से दोपहर तक मां काली मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। मंदिर परिसर में मां काली को दूध का कराहा भी चढ़ाया गया। सैकड़ों वर्षों से चली आ रही सावनी पूजा की परंपरा को गांव के लोगों ने आज भी उसी श्रद्धा और भाव के साथ कायम रखा है। गांव में आज भी पुरानी परंपराएं जीवंत हैं। मां काली की पूजा शुरू होने से पहले गांव में डुग्गी बजाकर लोगों को पूजा की सूचना देने की परंपरा है और डुग्गी बजने के साथ ही मां काली की पूजा की शुरुआत होती है। सुबह से ही महिलाएं स्वच्छ वस्त्र धारण कर हाथों में कलश, छाक और गंगाजल लेकर मां काली को धार देने के लिए मंदिर पहुंचीं। महिलाएं भक्ति गीत गाते हुए माता का आह्वान करती रहीं। घरों में तड़के ही मां काली को पूड़ी और गुलवरा का भोग लगाकर पूजा–अर्चना की गई।

# डीएम ने सेवराई तहसील में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया स्थलीय निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**

गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर के दृष्टिगत जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला द्वारा आज तहसील सेवराई के संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने ग्राम पंचायत बिरऊपुर और हसनपुर का दौरा कर जमीनी स्थिति का जायजा लिया और ग्रामीणों से संवाद किया। निरीक्षण की शुरुआत ग्राम पंचायत बिरऊपुर से हुई। यह गांव गंगा के सबसे नजदीक होने के कारण बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित होता है। जिलाधिकारी ने खेतों में जाकर जलभराव की स्थिति देखी। किसानों ने बताया कि खेतों में पानी घुसने से धान की फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका है। इस पर जिलाधिकारी ने कृषि विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को निर्देश दिया कि पूरे क्षेत्र का तत्काल सर्वे कर फसल क्षति का आकलन किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा करा रखा है, उनके क्लेम की कार्यवाही प्राथमिकता पर पूरी की जाए, ताकि उन्हें समय से मुआवजा मिल सके। इसके बाद जिलाधिकारी हसनपुर गांव पहुंचे। यहां पंचायत भवन में उन्होंने ग्रामीणों, ग्राम प्रधान और सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में ग्रामीणों ने नाव, पीने के पानी, दवाओं और पशुओं के चारे से संबंधित समस्याएं रखीं। जिलाधिकारी ने सभी



समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से अपील की कि वे बाढ़ के दौरान अत्यंत सावधानी बरतें। उन्होंने कहा, सभी ग्रामीण गंगा नदी के किनारे बिल्कुल न जाएं। पानी का प्रवाह तेज है और खतरा बना हुआ है। अपने बच्चों को अकेले बाहर न निकलने दें और सुरक्षित स्थानों पर रहें।

इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा तहसील सभागार जमानिया में बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पशुपालन विभाग को निर्देश दिया गया कि गांव में मौजूद सभी पशुओं का युद्धस्तर पर अभियान चलते हुए टीकाकरण कराया जाए। बाढ़ के दौरान पशुओं में संक्रामक रोग फैलने का खतरा रहता है, इसलिए पहले से बचाव जरूरी है। साथ ही पशुओं के लिए भूसे और हरे चारे का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया जाए। जिला पूर्ति विभाग को निर्देश दिया गया कि बाढ़ प्रभावित गांवों के पंचायत भवनों और बाढ़ शरणालयों में कम से कम 15 दिनों के लिए आवश्यक खाद्य सामग्री और स्वच्छ पेयजल का अग्रिम भंडारण करा दिया जाए, ताकि बाढ़ की स्थिति में लोगों को परेशानी न हो। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि सभी बाढ़ चौकियों और शरणालयों पर चिकित्सकों की टीम तैनात रहे। पर्याप्त मात्रा में ओआरएस, क्लोरीन टेबलेट, बुखार, उल्टी-दस्त की दवाएं और एंटी वेनम इंजेक्शन उपलब्ध रहें। गांव की गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और गंभीर बीमार व्यक्तियों की सूची पहले से तैयार रखी जाए। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग और तहसील प्रशासन को निर्देश दिया कि बाढ़ से प्रभावित और जलमग्न होने वाले सभी मार्गों पर तत्काल बैरिकेडिंग लगाई जाए और खतरे के निशान लगाए जाएं, ताकि कोई भी व्यक्ति अनजाने में उधर न जाए। पर्याप्त संख्या में नाव, नाविक और लाइफ जैकेट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बाढ़ शरणालयों में बिजली, पानी और शौचालय की व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए।